# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 4 जून 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 18 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1039 : हेनरी 3 रोम का बादशाह बना।

1845 : मैक्सिकन-अमेरिका युद्ध शुरू हुआ।

1936 : हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध अदाकाराओं में से एक नूतन का जन्म हुआ।

2001 : नेपाल में ज्ञानेंद्र वीर बिक्रम शाह ने अपने भाई और बेटे की मौत के बाद सत्ता संभाली।

2006 : यूगोस्लाविया के पूर्व गणराज्य मोंटेनेग्रो ने स्वतंत्रता की घोषणा की।

2011 : मध्य इराक की एक मस्जिद और एक अस्पताल में बमों से किए गए हमले में 24 लोगों की मौत हो गई।

## वोटिंग प्रतिशत पर मिल सकेगी सटीक व त्वरित जानकारी : निर्वाचन आयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित भीटीआर प्रणाली शुरू कर रहा है। इससे पहले की पुरानी पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। आयोग द्वारा की जा रही ये बदलाव की पहल बिहार चुनाव से ऐन पहले हो रहा है। इस पहल के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए इसीनेट एप्लीकेशन पर सीधे मतदाताओं की उपस्थिति दर्ज करेंगे ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाले समय को कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने एक बयान जारी कर कहा है कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। इसमें कहा गया है विशेष रूप से मतदान समाप्ति के तुरंत बाद, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा। इससे समय की बचत होगी और यह सुनिश्चित होगा कि मतदान समाप्त होने के बाद नेटवर्क कनेक्टिविटी के अधीन मतदान का अनुमानित प्रतिशत अद्यतन मतदाता मतदान ऐप पर निर्वाचन क्षेत्रवार उपलब्ध हो। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 49एस के वैधानिक ढांचे के तहत पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) को पोलिंग एजेंटों को दर्ज किए गए मतों का विवरण देनेवाला फॉर्म 17सी प्रस्तुत करना आवश्यक है। नई व्यवस्था में भी यह परंपरा जारी रहेगी लेकिन समय-समय पर वीटीआर ऐप को अपडेट करने की प्रक्रिया तेजी से हेती रहेगी। बयान में कहा गया है कि यह पहल समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विभिन्न अवसरों पर स्पष्ट किया है। आयोग की तरफ से बयान में कहा गया है कि जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है वहां कनेक्टिविटी बहाल होने के बाद प्रविष्टियां ऑफलाइन करने के साथ उसे सिंक की जा सकती हैं। यह अपडेट किया गया भीटीआर ऐप बिहार चुनाव से पहले इसीनेट का एक अभिन्न हिस्सा बन जाएगा।




## बिहार में 653 पदों के सृजन की मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में कुल 47 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। आगामी चुनाव से पहले नौकरी को लेकर किए गए अपने वादे को सीएम नीतीश कुमार हर हाल में पूरा करना चाहते हैं। इसी को देखते हुए उन्होंने कई विभागों में नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें सबसे अधिक पद सृजन के प्रस्ताव शिक्षा विभाग से है। इसके अलावा अन्य कई विभागों में भी नए पदों के सृजन के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग में सीएम नीतीश कुमार ने 935 पदों के सृजन के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। इनमें बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड में विभिन्न कोटि के कुल 818 पदों तथा बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के लिए कुल 63 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सरकारी विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों की भूमि का सत्यापन, भूमि के विवरण का संकलन एवं संरक्षण तथा विभाग के अन्य विकासात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ससमय भूमि की उपलब्धता हेतु संविदा के आधार पर तीन वर्षों के लिए भू-सम्पदा पदाधिकारी के दो एवं सहायक भू-सम्पदा पदाधिकारी के 38 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

सीएम नीतीश कुमार ने कृषि विभाग के अन्तर्गत बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-9 (सांख्यिकी) (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त ) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड, पटना में प्रतिनियुक्ति संविदा के आधार पर कुल 653 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं समाज कल्याण विभाग के अधीन महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत मुख्यालय (निगम) जिला, अनुमंडल स्तर पर कुल 390 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पांच नए प्रशाखाओं का सृजन हेतु बिहार सचिवालय सेवा के अवर सचिव के एक पद, प्रशाखा पदाधिकारी के पांच पद एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 22 पद समेत कुल 28 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अन्तर्गत राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना के लिए चालक का दो पद के सृजन की स्वीकृति दी गई। नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत बिहार शहरी आयोजन तथा विकास नियमावली, 2014 के प्रावधानों के आलोक में 07 आयोजन क्षेत्र प्राधिकार (बोधगया, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, आरा, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा) में पूर्व से सृजित विभिन्न कोटि के 147 पदों को प्रत्यर्पित करते हुए राज्य के प्रत्येक जिला में एक जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार का कार्यालय गठन करने एवं उक्त 38 कार्यालयों को सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों के समुचित निर्वहन के लिए एक सौ बारह करोड़ पांच लाख चौहत्तर हजार आठ सौ चौवालीस रुपये के अनुमानित वार्षिक लागत व्यय पर विभिन्न प्रकार के कुल 1350 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

## रांची में पुलिसकर्मियों पर हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्रामसभा में लापुंग थाना के पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया है। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी समेत दो पुलिसवाले घायल हुए हैं। लापुंग थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। रांची के बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि लापुंग में जमीन के विवाद को लेकर चल रहे ग्रामसभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्रामसभा में पहुचे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी को हेड इंजरी हुई है, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। घायल थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव का लापुंग में ही प्रारंभिक इलाज करवा कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है। लापुंग में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। रूरल एसपी सहित कई थाना प्रभारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को कुछ बाहर से आए लोग भड़का रहे हैं। बता दें कि इसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाने पर भी हमला किया गया था। इस मामले की जांच में बाहरी लोगों का ही हाथ सामने आया था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोग भी बेड़ो पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों को उकसा कर थाना में हमला कराने की घटना को अंजाम दिया था। आशंका जताई जा रही है कि बेड़ो की घटना में शामिल लोग ही लापुंग में भी थे।



## ट्रक चालक ने बाइक में मारी ठोकर, दो युवकों की मौत

**बक्सर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोरानसराय नहर पुल पर मंगलवार को अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर गए और कोरानसराय-चौगाई मुख्य सड़क को जामकर हंगामा करने लगे। गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामले में कोरानसराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक घर से बाइक में फ्यूल डलवाने पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। उसी दौरान कोरानसराय नहर पुल पर एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी।

## 13 दिन बाद मिले तीन मजदूरों के शव, 130 फीट अंदर दबी थी डेडबॉडी

**एनडीआरएफ के बाद ग्रामीणों ने संभाला था मोर्चा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर गांव में संचालित अवैध कोयला खदान में फंसे तीन मजदूरों का शव 13 दिनों के बाद माइंस से सोमवार देर रात निकाल लिया गया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन प्रशासन की ओर से नहीं बल्कि स्थानीय ग्रामीणों की पहल और एकजुटता का परिणाम है। हादसे के बाद तीन से चार दिनों तक एनडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने मोर्चा संभालते हुए लगातार 13 दिनों तक खोजबीन जारी रखी। जानकारी के मुताबिक लगभग 130 फीट नीचे गहराई में फंसे मजदूरों के शव को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम बाद बाहर निकाला। तीनों मृतक मजदूर में प्रमोद साव, उमेश कुमार सिंह और नौशाद आलम शामिल है। घटना के बाद से ही गांव में शोक का माहौल था। केरेडारी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है। इस मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने शुरुआती दिनों तक रेस्क्यू किया और फिर इसे अधूरा छोड़कर भाग गए। ऐसे में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रयास कर तीनों शव बाहर निकालकर मानवता और हिम्मत की मिसाल पेश की है। मृतक के परिजनों ने नौकरी और मुआवजा की मांग की है। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि एनटीपीसी और निजी कंपनी की मदद से शव निकाला जा सका है। ग्रामीण पिछले 13 दिनों से माइंस के अंदर प्रवेश कर रहे थे। अंदर मलबा और पानी भरे होने के कारण शव निकाला नहीं जा सका। कंपनी की मदद से पानी निकालने का काम चल रहा था तभी दो दिन बारिश हो गई और फिर से माइंस में पानी भर गया। हालांकि इस बीच देर रात तीनों शवों को निकाल लिया गया। केरेडारी के अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल ने बताया कि खदान सूखते ही गांव के कुछ लोग खोजबीन के लिए खदान में घुसे। जहां तीनों के शव मिट्टी में दबे नजर आए और सोमवार देर रात तीनों के शव बाहर निकाले गए। बचाव अभियान के लिए एनडीआरएफ की टीम भी आई, लेकिन खदान में पानी भरा होने के कारण रेस्क्यू काम पूरा नहीं हो सका। ग्रामीणों और एनटीपीसी की मदद से शवों को बाहर निकाल लिया गया है।


मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी

## मुख्यमंत्री से पलामू उपायुक्त ने की शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात मुख्यमंत्री आवास में हुई। उपायुक्त ने जिले में चल रही विकास योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। साथ ही जिले से जुड़ी कुछ अहम प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को क्षेत्र में पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पलामू में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना को और मजबूत करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ा रहा है।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या करने वालों को मौत की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** मधुबनी के प्रथम जिला न्यायाधीश ने दो दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों आरोपितों को कोर्ट ने नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में दोषी पाया है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों पर 1.20 लाख रुपए का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। सजा का ऐलान करते हुए जज ने इस घटना को जघन्यतम बताया है। सजा सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि महादलित बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और साक्ष्य छिपाने की घटना जघन्यतम है। मामला जयनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। बता दें कि साल 2023 के जून में जयनगर थाना में आवेदन देकर परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामले में न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष से कुल 18 साक्षियों के बयान कलमबंद किए। न्यायाधीश सैयद मोहम्मद फजलुल बारी ने दोनों आरोपी सुशील कुमार राय और ओम कुमार झा को दोषी पाते हुए अपने फैसले में कहा कि यह घटना जघन्य में भी जघन्यतम की श्रेणी में आती है, इसलिए दोनों को फांसी और 1 लाख 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई जाती है। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि घर के बगल में खेलते-खेलते बच्ची अचानक गायब हो गई और काफी खोजबीन के बावजूद उसका कहीं पता नहीं चला। इस दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता दारोगा गोपाल कृष्ण ने अभियुक्त सुशील राय और अप्राथमिक अभियुक्त ओम कुमार झा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अनुसंधानकर्ता ने चार्जशीट में कोर्ट को बताया कि अभियुक्तों ने बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी।

## घाघरा डैम में डूबने से दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के घाघरा डैम में मंगलवार को बाहर से घूमने आए दो व्यक्तियों की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक घाघरा डैम क्षेत्र में सैर-सपाटे के लिए आए थे। इसी दौरान जब वे नहाने उतरे, तो एक युवक का पैर फिसल गया और वह नीचे गिरने लगा। उसे बचाने की कोशिश में दूसरा युवक भी चट्टान से फिसल कर नीचे जा गिरा। गिरते समय दोनों युवक चट्टानों से बुरी तरह टकरा गए जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक अभी तक डैम में ही डूबे हुए हैं और मौके पर प्रशासन या गोताखोरों की टीम के पहुंचने की प्रतीक्षा की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए हैं।

## गोड्डा में कांग्रेस नेता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** गोड्डा जिले में अपराधियों ने दिनदहाड़े कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पोडैयाहाट प्रखंड में कांग्रेस के पंचायच अध्यक्ष महेंद्र टुडू जो पूर्व मुखिया और सीएसपी संचालक भी थे उन्हें अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को गोली मारी दी। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पतला जे जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देवघर और फिर हालत में सुधार न होने के बाद दुर्गापुर रेफर किया गया। लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। यह पूरी घटना पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के पास हुआ है, जहां महेंद्र टुडू अपने घर के पास थे। मरने से पहले उनके दिए बयान के अनुसार चार की संख्या में अपराधी आये थे संभवतः उनकी लूटपाट की मंशा थी। बताया जाता है कि अपराधियों ने पूरे वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब पोड़ैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर नाहन पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर तिलाटाड़ गए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी। वहीं गोली लगने से पूर्व मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए। मुखिया को गोली मारकर अपराधी हवा में फायर करते हुए फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गोड्डा एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी व पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी दल-बल के साथ वहां पहुंचे और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने घटना की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जहां एक ओर इस घटना को लूटपाट की आशंका से देखा जा रहा है, वहीं मृतक व उसकी पत्नी दोनों पूर्व में मुखिया रह चुके हैं। ऐसे में राजनीतिक रंजिश जैसे बिंदुओं पर भी पुलिस तहकीकात कर रही है।

## विधायक ने पीवीयूएनएल गर्ल एम्पावरमेंट मिशन कैम्प का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंगलवार को पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संचालित गर्ल एम्पावरमेंट मिशन शिविर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, और नेतृत्व कौशल में सक्षम बनाना है। श्री चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'गर्ल एम्पावरमेंट मिशन जैसी योजनाएं समाज की जड़ों को मजबूत करती हैं। ये बालिकाएं आने वाले समय में अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगी।' विधायक ने उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने पीवीयूएनएल द्वारा चलाए जा रहे इस सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम की सराहना करते हुए आशा जताई कि यह शिविर बालिकाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। शिविर में विभिन्न गतिविधियां जैसे शैक्षणिक सत्र, खेल, कला एवं हस्तकला, स्वास्थ्य जागरूकता, और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं शिक्षकगण भी उपस्थित थे।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

**संक्षिप्त समाचार**

## कंगन घाट पर 12 दिवसीय गंगा महोत्सव का होगा आयोजन

■ कंबोडिया, श्रीलंका समेत कई देशों के कलाकार बांधेंगे समां, शक्तिमान फेम मुकेश खन्ना भी होंगे शामिल



**पटना, एजेंसी।** पटना सिटी के कंगन घाट पर पहली बार 12 दिवसीय गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 5 जून को कार्यक्रम का शुभारंभ होगा वहीं 16 जून को समापन होगा। सनातनी गंगा फाउंडेशन और आईडीपीटीएस के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम स्थल पर मां गंगा की 41 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण चल रहा है। कार्यक्रम में कंबोडिया और श्रीलंका समेत कई देशों के कलाकार शिरकत करेंगे। कंबोडिया से 8 युवक-युवतियों की टीम विशेष गंगा आरती प्रस्तुत करेगी। महाभारत के भीष्म पितामह और शक्तिमान का किरदार निभाने वाले मुकेश खन्ना भी महोत्सव में शामिल होंगे। फाउंडेशन के मुख्य संयोजक शिशिर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके लिए गंगोत्री से गंगाजल रथ पटना लाया गया है। गंगोत्री से निकले शुद्ध जल और पटना के गंगाजल की गुणवत्ता में अंतर को समझने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। पटना का चयन इसलिए किया गया क्योंकि यह बड़ी पटन देवी के नाम पर बसा है। साथ ही यह सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जन्म और कर्म स्थली रही है।

## 21 रियल एस्टेट कंपनियों की जमीन खरीद-बिक्री पर रोक

■ सारण में बिना रजिस्ट्रेशन कर रहे थे काम, रेरा निबंधन संख्या का कर रहे थे गलत इस्तेमाल



**छपरा, एजेंसी।** सारण में रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) और जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की है। टीम ने 31 मई को छपरा सदर, सोनपुर, दिघवारा और दरियापुर प्रखंडों का निरीक्षण किया। इस दौरान 21 रियल एस्टेट डेवलपर कंपनियों को बिना रेरा निबंधन के जमीन बेचते हुए पकड़ा गया। जिलाधिकारी अमन समीर ने स्पष्ट किया कि रेरा निबंधन के बिना कोई भी डेवलपर विज्ञापन, प्रचार या बिक्री नहीं कर सकता। निबंधित परियोजनाओं को अपने स्थल पर 5×4 फीट का बोर्ड लगाना जरूरी है। इस बोर्ड पर रेरा रजिस्ट्रेशन नंबर और क्यूआर कोड होना अनिवार्य है। जांच में पाया गया कि कुछ एजेंट रेरा निबंधन संख्या का गलत इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को एजेंट (%ए%) और प्रोजेक्ट (%पी%)के निबंधन में अंतर समझने की सलाह दी है। कार्रवाई में गौतम बुद्ध नगर, शीतल ग्रीन सिटी, बिग ड्रीम, ग्रीन पार्क, हाईवे प्राइड समेत 21 डेवलपर्स शामिल हैं। प्रशासन ने लोगों से इन डेवलपर्स से जमीन न खरीदने की अपील की है। रेरा नियमों का पालन खरीदारों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह कार्रवाई जिले में अवैध रियल एस्टेट गतिविधियों को रोकने के लिए की गई है। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए समीक्षा बैठक कर पत्र जारी किया गया है।

# पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से उड़ानें शुरू, पुराना बंद

## अलग-अलग एंट्री-एग्जिट पॉइंट; चेक इन काउंटर बढ़ें, यात्रियों को नहीं करना होगा इंतजार



**पटना, एजेंसी।** पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल की शुरुआत हो गई। नया टर्मिनल मंगलवार (3 जून) से यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी जानकारी सभी एविएशन कंपनियों को भी दे दी है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे पहली फ्लाइट इंडिगो की लैंड की, जो बेंगलुरु से पटना पहुंचा। नए टर्मिनल में अलग-अलग एंट्री-एग्जिट पॉइंट के साथ-साथ चेक इन काउंटर्स बढ़े हैं, इससे यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वहीं, पुराने टर्मिनल भवन सोमवार आधी रात के बाद से पूरी तरह बंद कर दिया गया। 29 मई को पीएम मोदी ने इस टर्मिनल का उद्घाटन किया था।

### पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी

इस बदलाव को लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें यात्रियों को नए टर्मिनल में एंट्री के रास्ते में हुए बदलावों के लिए अलर्ट रहने और साइन बोर्ड्स और दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। यात्रियों से उड़ान से कम से कम 3 घंटे पहले रिपोर्ट करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। किसी भी तरह की जानकारी या सहायता के लिए यात्री ड्यूटी टर्मिनल मैनेजर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 9471000714 जारी किया गया है।

### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पटना पुलिस के 20 जवानों को एयरपोर्ट के एंट्री और एग्जिट गेट पर तैनात किया गया है, जो अगले 10 दिनों तक ड्यूटी पर रहेंगे। इसके अलावा 20 अतिरिक्त ट्रैफिक जवानों की भी तैनाती की जा रही है। एयरपोर्ट थानेदार को पूरे क्षेत्र में नियमित गश्त करने का आदेश दिया गया है। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए अलग-अलग एजेंसियों के बीच समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है।

### 29 मई को पीएम ने किया था उद्घाटन

पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन 29 मई को पीएम मोदी ने किया था। 1973 में एक छोटी सी हवाई पट्टी से शुरू हुए पटना के जय प्रकाश इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब वर्ल्ड क्लास हो चुका है। मौजूदा वक्त में एयरपोर्ट से सालभर में करीब 25 लाख यात्री आवाजाही करते हैं।नए टर्मिनल के शुरू होने के बाद यह संख्या 1 करोड़ तक पहुंच सकती है। नया टर्मिनल भवन 10 साल में 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। अब पटना से 26 साल बाद इंटरनेशनल फ्लाइट भी शुरू हो जाएंगी। वर्ल्ड क्लास टर्मिनल बनाने के लिए सिंगापुर की मेनहार्ट कंपनी ने आर्किटेक्चर तैयार किया। हैदराबाद की नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने बाकी कामकाज किया। इस प्रोजेक्ट में मल्टी लेवल कार पार्किंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल कम टेक्निकल बिल्डिंग, फायर स्टेशन, कार्गो कॉम्पलेक्स, फ्लाइंग क्लब भी बनाए गए हैं।

## जीएमसीएच में लोगों ने चोर को रंगे हाथ पकड़ा: पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

### अस्पताल कैंपस से बाइक चोरी करके भाग रहा था



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर(जीएमसीएच) से बाइक चोरी करते एक चोर को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। जमकर पिटाई के बाद फणीश्वर थाना रेणु टीओपी पुलिस को सौंप दिया गया। पॉकेट से नशीले पदार्थ का रैपर और घिसी हुई चाभी मिला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपी मोहम्मद अशफाक(27) खजांची थाना क्षेत्र के कसाई मोहल्ले का रहने वाला है।

### अस्पताल कैंपस से चोर को पकड़ा

हरदा निवासी बबलू पासवान ने बताया कि अस्पताल में मरीज को डॉक्टर से दिखाने आया था। कैंपस में बाइक लॉक करते खड़ी कर दी। युवक काफी देर से उनकी बाइक पर बैठा था। इसके बाद लॉक तोड़ने का प्रयास करने लगा। संयोग से उसी समय मैं वहां पहुंच गया। भागने से पहले ही उसे पकड़ लिया। भीड़ के सामने पोल खुलने के डर से युवक ने कहा कि ऐसी ही एक बाइक मेरे पास भी है। मुझे ध्यान नहीं रहा। कुछ ही देर उसकी असलियत सबके सामने आ गई।

### चोरी की बाइक बरामद

वहीं, फणीश्वरनाथ रेणु टीओपी प्रभारी शबाना आजमी ने बताया कि बाइक चोरी कर भाग रहे चोर के पकड़े जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके पास से चोरी की एक बाइक मिली है। जिसको जब्त कर लिया गया है।

## निकाह से इनकार करने पर लड़की के पिता की हत्या

### टीचर से एकतरफा प्यार में मौलवी ने करवाया मर्डर, हार्टअटैक का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हुआ

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में प्रधान मौलवी ने अपने ही मदरसे में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका के पिता की हत्या करवा दी। मृतक उर्दू के शिक्षक थे। उनकी बेटी बुसरा खातून (21) मदरसे में 4 साल से पढ़ा रही थी। इसी दौरान प्रधान मौलवी मुफ्ती साहब अनवर (40) उसे पसंद करने लगे थे। दोनों के बीच बातचीत होती थी, पर बुसरा के मन में उसके लिए कोई फिलिंग नहीं थी।

मौलाना लड़की से शादी करना चाहता था। इसके लिए वो बुसरा के पिता मंसूर आलम से मुलाकात भी कर चुका था, लेकिन बुसरा ने शादी से इनकार कर दिया था। इस बीच पिता ने 25 मई को अपनी बेटी की शादी कहीं और तय कर दी। जिसके बाद मौलाना ने लड़की के पिता की हत्या की प्लानिंग की। इस काम के लिए मौलाना ने सीतामढ़ी के 2 शूटर्स को हायर किए। शूटर 2 लाख रुपए मांग रहे थे, पर 1 लाख में डील फाइनल हुई। 28 मई की सुबह उर्दू शिक्षक साइकिल से अपने स्कूल जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार शूटर्स ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। फायरिंग में उनको तीन गोलियां लगी थीं। 1 मई को आरोपी मौलवी को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि %बुसरा के पिता की हत्या करने के लिए उसने सुपारी दी थी। सोमवार 2 मई को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। घटना भरवाड़ा कमतौल रोड पर नासिरगंज तिनरता के पास हुई थी। स्स्क जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की जानकारी दी।

**हार्ट अटैक का बहाना बनाकर अस्पताल में हुआ भर्ती :** एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि, पुलिस की हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी मौलवी ने कहा था कि उसे हार्ट अटैक आया है। जिसके बाद उसे पुलिस की कस्टडी में डीएमसीएच ले जाया गया। जहां अभी भी उसका इलाज चल रहा है। आरोपी शादीशुदा है। उसके 4 बच्चे हैं। 2 बेटे और 2 बेटियां।

### स्कूल से 500 मीटर पहले मारी थी गोली

वहीं, मृतक मधुबनी के बलिया थाना बेनीपट्टी निवासी मंसूर आलम हैं। जो दरभंगा में किराए के कमरे में रहते थे। प्राथमिक विद्यालय निसारगंज में उनकी पोस्टिंग थी। किराए के घर से उनका स्कूल 2किमी की दूरी पर है। घटना वाले दिन वे स्कूल पहुंचने वाले थे, 500 मीटर और सफर करना था। इसी दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। वारदात के बाद अपराधियों के भागने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि बदमाश पल्सर बाइक से फरार हो रहे हैं। मृतक की पत्नी खैरून निशा ने सिंहवाड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## राजस्व कर्मियों की सैलरी बढ़ेगी, पदनाम भी बदलेगा, नीतीश सरकार ने मानी मांगें



**पटना, एजेंसी।** बिहार के राजस्व कर्मचारियों की सैलरी बढ़ने वाली है, साथ ही उनका पदनाम भी बदला जाएगा। नीतीश सरकार ने उनकी मांगें मान ली हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों और संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच सोमवार को वार्ता हुई। विभाग ने राजस्व कर्मचारियों की अधिकतर मांगों को मान लिया। संघ के महासचिव नारायण शर्मा ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों का पदनाम बदलकर सहायक राजस्व अधिकारी किया जाएगा। राजस्व कर्मियों की पोस्टिंग गृह जिले या आसपास के जिलों में ही होगी। साथ ही उनके ग्रेड पे और वेतन में बढ़ोतरी होगी। बताया जा रहा है कि वेतनमान बनने के बाद पंचायतों में काम करने के लिए लेवल टू के एक क्लर्क सहायक के तौर पर दिया जाएगा। सरकार से सकारात्मक वार्ता के बाद ही संघ ने विधिवत हड़ताल समाप्त करने का औपचारिक ऐलान किया। बिहार के लगभग 4 हजार राजस्व कर्मी अब काम पर लौट गए हैं। वार्ता में सरकार की ओर से विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह और सचिव जय कुमार सिंह शामिल हुए। वार्ता में संघ के चंद्रकिशोर प्रसाद, लक्ष्मी बाबू, कौशलेंद्र कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौबे, राम कुमार झा, अभिषेक त्रिवेदी, अभिषेक कुमार तिवारी, संतोष आर्या, शंकर कुमार, हरिनंदन कुमार, राकेश कुमार मौजूद रहे। बता दें कि पिछले महीने राजस्व कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। इस वजह से सभी जिलों में जमीन से जुड़े काम प्रभावित हो रहे थे। राज्य सरकार की ओर से उन्हें बार-बार काम पर लौटने की चेतावनी दी गई थी। पिछले हफ्ते सरकार से वार्ता से बनी सहमति के बाद राजस्वकर्मी काम पर लौट गए।

## भोजपुर में हथियार के साथ रिटायर्ड फौजी गिरफ्तार

### घर में घुसकर लूटपाट और धमकी देने का आरोप



**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में हथियार के साथ एक रिटायर्ड फौजी को पुलिस को गिरफ्तार किया है। एक घर में घुसकर लूटपाट और धमकी देने का आरोप है। लाइसेंसी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। घटना बैंक कॉलोनी-विष्णुनगर मोहल्ले की है।

आरोपी की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी प्रदुमन चौधरी के तौर पर हुई है। पीड़ित गृहस्वामी अधिवक्ता अरविंद कुमार मिश्रा ने थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### जबरन घर में घुसे थे

पीड़ित अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार रात को प्रदुमन चौधरी अपने सहयोगियों के साथ घर में जबरन घुस गया। उसके हाथ में पिस्टल था। परिवार के सदस्यों पर पिस्टल तान दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। भीड़ जुटते ही चार लोग मौके से फरार हो गए। एक आरोपी को धर-दबोचा। पहले भी धमकी दे चुका है। कोर्ट में सनहा भी कराया है।

### जांच में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने मामले की छानबीन की जा रही है। शुरुआती जांच में पैसा संबंधी विवाद की बात सामने आ रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया है।

## कार के सनरूफ से सिर बाहर निकाला तो कट जाएगा चालान, पटना ट्रैफिक पुलिस का फरमान



**पटना, एजेंसी।** कार के सनरूफ से सिर बाहर निकालकर मस्ती करना अब भारी पड़ सकता है। ऐसा करने पर संबंधित कार के मालिक को पटना यातायात पुलिस समन भेजेगी। एमवी एक्ट की धारा-177 और 184 के तहत समन की कार्रवाई होगी। इसके अलावा जुर्माना भी हो सकता है। सीसीटीवी कैमरों के जरिये भी पुलिस ऐसी गाड़ियों पर नजर रख रही है। यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया पर सनरूफ वाली गाड़ी के साथ एक उदाहरण भी दिया है कि किस तरह ऐसा करने पर हादसे हो सकते हैं। सनरूफ से एक ढाई किलो के पुतले को बाहर निकालकर यह दिखाया गया है कि एकाएक ब्रेक लगने पर कैसे लोग बाहर गिर सकते हैं। आमतौर से ये भी देखा जाता है कि बच्चों को लोग सनरूफ से सिर बाहर निकालने की अनुमति देते हैं। ऐसे में अगर आपात स्थिति आई और एकाएक ब्रेक लगाना पड़ा तो हादसा हो सकता है।

### कार के सनरूफ का इस्तेमाल होता है इन कामों में

- कार के सनरूफ का इस्तेमाल मुख्य रूप से ड्राइव करते वक्त धूप सेंकने के लिए होता है।
- गर्मी के दौरान कार में प्राकृतिक हवा के लिए भी कार के सनरूफ का इस्तेमाल किया जाता है।
- आपातकाल में इमरजेंसी एक्जिट के दौरान भी कार का सनरूफ काम आ सकता है।

### खाली सड़कों पर सिर सनरूफ के बाहर कर घूमते हैं लोग

खाली सड़कों जैसे जेपी गंगा पथ और अटल पथ पर अक्सर युवक कारों के सनरूफ से सिर बाहर निकालकर घूमते दिखते हैं। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर रील्स बनाकर अपलोड की जाती है। सनरूफ के बाहर सिर निकालकर युवक कई बार स्टंट करते भी दिखते हैं। एएसपी ट्रैफिक, आलोक कुमार ने कहा कि सनरूफ से बाहर सिर निकालकर किसी तरह का जानलेवा या खतरनाक स्टंट करने पर समन की कार्रवाई की जाएगी।

## दाखिल–खारिज को लंबित रखने पर नीतीश सरकार सख्त, बिहार के दो जिलों में डीसीएलआर निलंबित

**पटना/मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार सरकार ने कार्य में लापरवाही के आरोप में मुजफ्फरपुर के डीसीएलआर पूर्वी संजय कुमार को निलंबित कर दिया है। इससे पहले पश्चिमी डीसीएलआर धीरेंद्र कुमार को भी निलंबित किया गया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को मुजफ्फरपुर पूर्वी डीसीएलआर के साथ ही बेतिया सदर डीसीएलआर सादिक अख्तर को भी निलंबित किया है। आदेश के अनुसार, इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यों के निबटारे में शिथिलता बरतने, मुख्य सचिव और विभागीय स्तर पर बार-बार निर्देश देने के बावजूद उनके क्रियाकलापों में सुधार नहीं होने, दाखिल खारिज अपीलवादों को लंबित रखने और ऑफिसियल लॉगिन का उपयोग नहीं कर के अपने निजी लॉगिन से वाद दायर करने संबंधी आरोप लगाए गए हैं। दोनों पदाधिकारियों के कार्य में लापरवाही को देखते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने उन्हें निलंबित कर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। आरोप पत्र और अनुशंसा के बाद इस मामले की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर की गयी। उसके बाद दोनों द्वारा बरती गयी शिथिलता को बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रावधानों के भी प्रतिकूल माना गया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय मुजफ्फरपुर निर्धारित किया गया है।

## बच्चों की देखभाल को 7 दिन में मंजूर होगी शिक्षिकाओं की छुट्टी

### स्कूलों में 23 के बाद छुट्टी का ऑनलाइन आवेदन

**पटना, एजेंसी।** राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षक 23 जून के बाद से छुट्टी के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे। यह आवेदन ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर होगा। संबंधित अधिकारी भी छुट्टी की स्वीकृति ऑनलाइन ही देंगे। अभी छुट्टी के लिए ऑफलाइन आवेदन देना होता है। इसके अलावा महिला शिक्षकों को मातृत्व या बच्चों की देखभाल के लिए छुट्टी के दौरान वेतन भी मिलेगा। डीईओ शिक्षिका के आवेदन पर 7 दिनों में छुट्टी स्वीकृत करेंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग के उपसचिव अमित कुमार पुष्पक ने सभी जिलों के डीईओ को निर्देश दिया है। जिसके मुताबिक छुट्टी के प्रकार और उसे स्वीकृत करने के सक्षम अधिकारियों की जानकारी दी गई है। महिला शिक्षकों को 6 महीने तक मातृत्व अवकाश मिलेगा। साथ ही 2 बच्चों की देखभाल के लिए 2 वर्ष तक अवकाश मिल सकता है।

### हेडमास्टर को बीईओं छुट्टी देंगे

प्रधान शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को प्रखंड शिक्षा अधिकारी छुट्टी देंगे। सहायक और विशिष्ट शिक्षकों को प्रधान शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक छुट्टी देंगे। छुट्टी का निर्णय आवेदन के दिन ही लिया जाएगा। पितृत्व अवकाश 15 दिनों का दिया जाएगा। पुरुष शिक्षकों के आवेदन के 7 दिन के अंदर ही डीईओ छुट्टी का निर्णय लेंगे। इसके साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी की स्वीकृति के बाद शिक्षक 300 दिनों तक उपार्जित अवकाश ले सकते हैं।



### निजी कार्य और स्वास्थ्य के आधार पर आधे वेतन पर छुट्टी

शिक्षक निजी कार्य और स्वास्थ्य के आधार पर आधे वेतन पर छुट्टी ले सकते हैं। इसके लिए शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी के पास आवेदन करेंगे। इसकी जांच के बाद छुट्टी मंजूर की जाएगी। जांच और छुट्टी 7 दिनों के अंदर ही स्वीकृत होगी। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी की स्वीकृति के बाद बगैर वेतन के शिक्षकों को असाधारण अवकाश दिया जाएगा। सर्विस के दौरान 180 दिनों तक स्वास्थ्य कारणों से शिक्षक छुट्टी ले सकते हैं। इस दौरान वेतन दिया जाएगा।

# जर्जर सड़कों को लेकर सांसद ने उठाई आवाज चौड़ीकरण व मजबूतीकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड की जर्जर सड़कों को लेकर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिखकर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इन सड़कों को आमजन की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है।
सांसद जायसवाल ने पत्र में कहा है कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विष्णुगढ़ की कई प्रमुख सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन सड़कों की मरम्मत, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण जनहित में आवश्यक है। उन्होंने निम्नलिखित सड़कों के निर्माण की अनुशंसा की है:



विष्णुगढ़ थाना दुर्गा मंदिर से अंबेडकर चौक तक - गार्डवाल सहित 2 किमी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण।
करोंज मोड़ से तारा नदी होते हुए एनएच-522 तक - गार्डवाल सहित 3 किमी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण।
आठ माइल मोड़ से उपरैली मुरगांव तक -गार्डवाल सहित 3 किमी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण।
विष्णुगढ़ सात मील चौक से खरना होते हुए अटका सीमा पुल तक - 12 किमी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण। सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि इन सड़कों की मरम्मत से विष्णुगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में परिवहन व्यवस्था सुगम होगी, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि इन सड़कों पर प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लिया जाए और जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए।

## नवबिहार टाइम्स की प्रति पाकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने जताई प्रसन्नता, दीं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** नवबिहार टाइम्स के जिला प्रभारी नवीन सिंहा ने मंगलवार को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को अखबार की एक प्रति भेंट की। इस अवसर पर सांसद ने अखबार की प्रस्तुति, विचारधारा और पत्रकारिता के मूल्यों की सराहना करते हुए अपनी खुशी जाहिर की और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।
सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नवबिहार टाइम्स जैसी पत्र-पत्रिकाएं समाज को सचेत, जागरूक और जिम्मेदार बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सकारात्मक और निष्पक्ष पत्रकारिता ही लोकतंत्र की



असली ताकत होती है।
जिला प्रभारी नवीन सिंहा ने बताया कि अखबार का उद्देश्य है - स्थानीय मुद्दों को मुखरता से उठाना, जनसमस्याओं को उचित मंच देना और समाज के हर वर्ग तक निष्पक्ष सूचना पहुंचाना। उन्होंने सांसद को नवबिहार टाइम्स के भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी दी।
इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान दोनों के बीच पत्रकारिता की भूमिका, क्षेत्रीय विकास और जनसंपर्क जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। मौके पर अन्य पत्रकारगण और नवबिहार टाइम्स की स्थानीय टीम के सदस्य भी मौजूद थे।
यह मुलाकात हजारीबाग क्षेत्र में मीडिया और जनप्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक समन्वय का उदाहरण बन गई है।

## अवैध कोयला खदान में डूबे तीनों युवकों के शव 13 दिन बाद बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर स्थित खावा जंगल में संचालित एक अवैध कोयला खदान में हुए दर्दनाक हादसे के 13 दिन बाद डूबे तीनों युवकों – उमेश साव, प्रमोद साव और नौशाद आलम – के शव सोमवार की रात करीब 8:30 बजे बरामद कर लिए गए।
स्थानीय मुखिया दिनेश साव और मृतकों के परिजनों के अथक प्रयासों से यह सफलता मिली है। हादसे के बाद प्रशासन द्वारा भेजी गई एनडीआरएफ टीम भी शवों को खोज निकालने में असफल रही थी और निराश होकर लौट गई थी।
वहीं दूसरी ओर, मुखिया दिनेश साव ने हिम्मत नहीं हारी और लगातार परिजनों के साथ मिलकर प्रयास जारी रखा। सोमवार को अंततः तीनों शव खदान से निकाल लिए गए।
स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर





मौजूद है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है। शवों के मिलने से परिजनों को अब कम से कम अंतिम संस्कार की संतुष्टि मिल रही है।
गौरतलब है कि यह दर्दनाक हादसा बीते बुधवार को हुआ था, जब तीनों युवक खदान में पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए थे। अब सवाल उठता है कि ऐसी अवैध खदानें कब तक मासूम लोगों की जान लेती रहेंगी, और प्रशासन की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

## चित्रगुप्त मंदिर बना श्रद्धा और संस्कृति का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मध्य में स्थित चित्रगुप्त मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। भव्य निर्माणशैली और आध्यात्मिक माहौल के कारण यह मंदिर न केवल धार्मिक स्थल के रूप में उभर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। मंदिर का निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर है। इसे पूर्ण और भव्य स्वरूप देने के लिए चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट लगातार प्रयासरत है।
ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुपम सिन्हा ने आमजन, श्रद्धालु और सामाजिक संगठनों से वित्तीय, सामग्री और श्रम सहयोग की अपील की है।
अनुपम सिन्हा ने कहा कि यह मंदिर सिर्फ एक धर्मस्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जड़ों और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। हम चाहते हैं कि हजारीबाग के हर नागरिक का इसमें योगदान हो, ताकि



यह स्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने।
उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में भविष्य में ध्यान केंद्र, यज्ञशाला, पुस्तकालय और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जो इसे एक समग्र धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगी।
**इस कार्य को गति देने के लिए ट्रस्ट के अन्य सक्रिय सदस्य —** अधिवक्ता राज प्रकाश, संजीव सिन्हा 'बॉबी', सुभम प्रकाश, अनुज सिन्हा सहित अन्य ट्रस्टीगण – भी लगातार अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।
ट्रस्ट की ओर से यह घोषणा भी की गई है कि मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी सहयोगकर्ताओं के नाम मंदिर परिसर के शिलालेख पर अंकित किए जाएंगे।
हजारीबाग के नागरिकों में इस मंदिर को लेकर गौरव और उल्लास देखा जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर यह स्थान न केवल एक प्रमुख धार्मिक स्थल, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान भी बन जा जाएगा।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** समाहरणालय भवन स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।
जनता दरबार के दौरान आमजन ने शिक्षा, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, नामांकन, रोजगार, सरकारी योजनाओं का लाभ और सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष रखे। उपायुक्त श्री सिंह ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व न्यायसंगत कार्रवाई का निर्देश दिया।
**प्रमुख शिकायतों में शामिल रहे मुद्दे:**
कस्तूरबा विद्यालय में नामांकनः कोर्रा लाखे से मोहम्मद फारूक और भंडारा से मोहम्मद इम्तियाज अंसारी ने अपनी बच्चियों के नामांकन के





लिए आवेदन प्रस्तुत किए।
**भूमि विवाद और अतिक्रमण:** बनासो विष्णुगढ़ से निर्मल रजक ने भूमि हड़पने और बाउंड्री वॉल तोड़ने की शिकायत की, जबकि कोलघट्टी की रंजना देवी ने बंटवारे के बावजूद गृह निर्माण में बाधा की शिकायत की।
**रोजगार एवं नियुक्ति:** बहिमर, कटकमसांडी की प्रियंका सिंह ने लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराने का आग्रह किया।
सार्वजनिक रास्ता और सड़क निर्माणः हुडहुरू बाबा पथ के ग्रामीणों ने रास्ता अवरुद्ध होने और फूल कुमारी देवी ने गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण का मामला उठाया।
**घरेलू उत्पीड़न और धमकी:** केरेडारी की एक महिला ने घर निर्माण के दौरान गाली-गलौज और धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध तरीके से सभी मामलों की जांच करें और जरूरतमंदों को शीघ्र न्याय दिलाएं।

## भारी बाढ़ आई तो चोरका स्कूल का मिट जाएगा अस्तित्व, गार्डवाल निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग )।** सिरमा पंचायत के चोरका गांव में स्थित नव प्राथमिक विद्यालय चोरका का अस्तित्व खतरे में है। विद्यालय के पास से बहने वाली नदी के किनारे लगातार बालू उठाव और हर वर्ष आने वाली भारी बाढ़ के चलते विद्यालय के बगल की जमीन तेज़ी से कटती जा रही है। यदि शीघ्र गार्डवाल का निर्माण नहीं किया गया तो आने वाले समय में विद्यालय नदी में समा सकता है। विद्यालय के शिक्षक गंगाधर लोहरा ने बताया कि जब स्कूल बना था, तब इसके पास लगभग 50 फीट चौड़ा खेल मैदान था, लेकिन अब वह पूरा मैदान नदी में बह चुका



है। उन्होंने कहा, 'अब तो स्कूल की दीवार तक नदी पहुंच चुकी है। बच्चों को पढ़ाते समय हर दिन डर बना रहता है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए।'
प्रधानाध्यापक ने बताया कि पिछले 15 वर्षों में कई बार स्थानीय व जिला प्रशासन को गार्डवाल निर्माण के लिए आवेदन दिए गए, लेकिन किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 'नेता और अधिकारी हमारी बात को अनसुना कर देते हैं, मानो बच्चों की जान की कोई कीमत ही नहीं है,' उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा। जब इस मामले पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अभी तक इस विषय की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
चोरका स्कूल की स्थिति चिंताजनक है। प्रशासन को इस पर त्वरित संज्ञान लेकर गार्डवाल निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों की शिक्षा और जीवन दोनों सुरक्षित रह सकें।

## कानूनी जागरूकता अभियान : सिंदूर में डीएलएसए ने बताया अधिकारों का महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), हजारीबाग द्वारा मंगलवार को सिंदूर गांव में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना था।
कार्यक्रम में पी.एल.वी. (अधिकार मित्र) विकास कुमार पांडेय और दीपक कुमार ने महिलाओं के अधिकार, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और महिला उत्पीड़न जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं से निपटने के लिए लोग किस तरह कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वक्ताओं ने तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इनका सेवन न केवल गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक ढांचे को भी प्रभावित करता है। लोगों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन अपनाएं। डीएलएसए की सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी व्यक्ति घरेलू विवाद, संपत्ति विवाद या अन्य कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन कर सकता है। जरूरतमंदों को मुफ्त अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से लोग घर बैठे कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

## खासमहल जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण पर रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मौजा ओरिया स्थित खासमहल की रिज्यूम भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य पर सदर अंचल अधिकारी मयंक भूषण के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को रोक दिया गया और संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया।
सदर सीओ ने बताया कि यह जमीन राज्य सरकार की संपत्ति है, जिस पर बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। प्रशासन को जैसे ही इसकी सूचना मिली, टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवाया और



कब्जा हटाया। सीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि खासमहल या सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण अवैध है, और ऐसे मामलों में प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे किसी भी जमीन पर निर्माण करने से पहले उसकी वैधता सुनिश्चित कर लें और संबंधित कार्यालय से अनुमति प्राप्त करें। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और खासकर सरकारी जमीनों की सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

## बरही: बीडीओ और डीएस ने सेविकाओं के साथ की समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य एवं पोषण पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया।
बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, एएनएम की भूमिका, योजनाओं की जानकारी, समुदाय आधारित निगरानी प्रणाली, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, मलेरिया नियंत्रण, तथा पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।
बीडीओ जयपाल महतो ने निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) को आंगनबाड़ी स्तर पर प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाए। उन्होंने सहिया, एएनएम और सेविकाओं से स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण संबंधी मापदंडों में सुधार लाने को कहा।



उन्होंने बताया कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए सभी एएनएम को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में 'घर ले जाओ राशन' योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें बीडीओ ने समय पर और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन और ग्रामीणों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## दीवार से दबकर वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** तेज आंधी और बारिश ने एरूरी गांव में एक परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ी। आंधी के दौरान करकट डाला हुआ एक पक्का दीवार की गौशाला ढह गई, जिससे एक ही परिवार के दो सदस्यों समेत आठ लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। इनमें से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग सरयुग यादव की नवादा में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों के बीच कोहराम मच गया। बताया गया कि बृजनंदन यादव उर्फ वीरू यादव के गौशाला के पास कुछ ग्रामीण तेज आंधी और बारिश से बचने के लिए खड़े थे। इस दौरान अचानक गौशाला की एक दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार की चपेट में बृजनंदन यादव, उनकी पुत्रवधु कुसुम देवी, कुसुम की बेटी सुहानी कुमारी, रामबरन यादव, रवींद्र यादव, सरयुग यादव और एक अन्य ग्रामीण पवन कुमार आ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा।
गंभीर रूप से घायल चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नवादा में इलाज के दौरान सरयुग यादव ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अन्य तीनों घायलों का इलाज जारी है। बताया जाता है कि जिस गौशाला की दीवार गिरी, वह बृजनंदन यादव का था, जो करकट डालकर पक्के रूप में बनाया गया था। पुराना होने के कारण तेज आंधी में दीवार अचानक ढह गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग घटनास्थल पर जमा होने लगे। लोगों ने बताया कि आंधी काफी तेज थी। आंधी से गांव में कई घरों के रेलिंग टूट गए। कई घरों के करकट उड़ गए। बिजली तार गिर गए। कई पेड़ गिर गए। बताया गया कि आंधी से गांव के नरेश यादव, गोरे सिंह, विजय प्रसाद सिंह, रमेश राम, कुंदन राम, रामप्रवेश सिंह आदि को भी नुकसान हुआ है। पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि मुकेश चौहान ने गांव जाकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। पंचायत के मुखिया विनय कुमार, सरपंच रूपेश कुमार एवं जदयू नेता सह ग्रामीण नीरज कुमार राकेश ने हादसे में वृद्ध की मौत पर गहरी संवेदना जताते हुए प्रशासन से यथासंभव मदद का आग्रह किया है। इधर, मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 06-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 02.06.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल- आसनसोल मंडल में त्रुटिपूर्ण क्वाड केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,83,43,289.24, **बयाना राशि:** रु. 2,91,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27.06.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**
ASN-67/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सं. 25_2025-26 (खुली निविदा) के संबंध में शुद्धिपत्र जो कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (एच.क्यू.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, उक्त निविदा का **विज्ञापित मूल्य** रु. 44,75,48,482.67 के बदले **रु.44,75,48,482.74** पढ़ा जाना चाहिए। इसके अलावा, कागजात के विवरण में नए आइटम इस प्रकार जोड़े गए हैं **"सिगनल एवं टेलीकम का तकनीकी स्पेसिफिकेशन"**। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
HWH-118/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **नीलामी की कैटेगरी:** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एएसएन-17-06, नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 17.06.2025 को 13.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः आरडीएनः i) जसीडीह में**-स्टेशन के अंदर ग्लो साइन/बैक लिट 600 वर्गफीट। **ii) पानागढ़ में**-स्टेशन के अंदर नॉन-लिट 348 वर्गफीट। **iii) रानीगंज में**-स्टेशन के अंदर नॉन-लिट 800 वर्गफीट। **ओओएच: i) आसनसोल में**-ओओएच आसनसोल स्टेशन का दक्षिणी भाग; 1200 वर्गफीट ग्लो साइन/बैक लिट एवं 4900 वर्गफीट नॉन-लिट। **ii) सिमुलतला में**-उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में 600 वर्गफीट नॉन-लिट विज्ञापन। **iii) सिमुलतला में**-दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में 600 वर्गफीट नॉन-लिट विज्ञापन। **iv) अण्डाल में**-आउट ऑफ होम अण्डाल स्टेशन में 440 वर्गफीट नॉन-लिट विज्ञापन। **कुल 07 परिसंपत्तियाँ:** आरडीएन परिसंपत्तियों की सं.: 03, ओओएच परिसंपत्तियों की सं.: 04, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं उक्त ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
ASN-69/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : ईएनजीजी/डब्ल्यूएसए-आईबीएच-एसआरआईएनएस-एसटैंक पार्क-बैडमिंटन-कॉलोनी रोड , दिनांक 31.05.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. एवं कार्य का नामः एईएन-एसएचओपीडब्ल्यूएसए-25-26-एलएलएच** एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ/वर्कशॉप के अधीन लिलुआ में स्पोर्ट्स गैलेरी एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर चैंबर आदि के साथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिल्डिंग (दो तल्ला) का निर्माण एवं वर्कशॉप स्पोर्ट्स ग्राउंड का उन्नयन । **निविदा मूल्यः** रु. 1,39,45,355.07, **बयाना राशिः** रु. 2,19,700/- **क्रम सं. 2, निविदा सं. एवं कार्य का नामः ईएनजीजी-म्यूजियमआईबीएच-24-25-एलएलएच** एवं एलएलएच - लिलुआ वर्कशॉप में हेरिटेज म्यूजियम का नवीनीकरण एवं आईबीएच कॉम्प्लेक्स का उन्नयन। **निविदा मूल्यः** रु. 3,00,76,473.08, **बयाना राशिः** रु. 3,00,400/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. एवं कार्य का नामः ईएनजीजी-एचईआरएसआरआईएनएस24-25 एलएलएच** एवं एलएलएच-लिलुआ वर्कशॉप में मौजूदा जीर्ण-शीर्ण हेरिटेज बिल्डिंग/इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण/सुधार। **निविदा मूल्यः** रु. 4,69,13,597.52, **बयाना राशिः** रु. 3,84,600/- **क्रम सं. 4, निविदा सं. एवं कार्य का नामः एईएन एसटैंकपार्क-25-26-एलएलएच** एवं एलएलएच-लिलुआ में साउथ टैंक पार्क का विकास। **निविदा मूल्यः** रु. 1,26,19,281.10, **बयाना राशिः** रु. 2,13,100/-, **क्रम सं. 5, निविदा सं. एवं कार्य का नामः बैडमिंटनकोर्ट** एवं एलएलएच-लिलुआ में नए इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण । **निविदा मूल्यः** रु. 1,41,21,369.43, **बयाना राशिः** रु. 2,20,600/-, **क्रम सं. 6, निविदा सं. एवं कार्य का नामः ईएनजीजी-कॉलोनी रोड-25-26-एलएलएच** एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन मतवाला चौरास्ता से खारी लाइन बैरक तक शिवनाथ बनर्जी रोड सहित लिलुआ रेलवे कॉलोनी में सड़क सतह के नवीनीकरण एवं उन्नयन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 3,91,81,851.85, **बयाना राशिः** रु. 3,45,900/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधिः** 270 दिन (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 हेतु) और 180 दिन (क्रम सं. 4, 5 एवं 6 हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 23.06.2025 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव को ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MISC-81/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 03-06-2025 21:15 Page 1



# दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचे चिकित्सक को लोगों ने धूना

**▸ घटना का वीडियो हो रहा वायरल ▸ मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ▸ पीड़िता के इलाज को ले लोगों ने बनाया निशाना**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले के गुरपा गांव में मंगलवार को मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। रेप पीड़िता का इलाज करने पहुंचे डॉक्टर को 10-12 की संख्या में आए बदमाशों ने पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीट दिया। इस हमले में डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, जैसे ही डॉक्टर पीड़िता के घर इलाज के लिए पहुंचे, पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया और एक पेड़ से बांध दिया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की गई।

इस दौरान कुछ ग्रामीण डर की वजह से मूक दर्शक बने रहे, जबकि कुछ लोगों ने छिपकर घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर पीड़िता के परिजनों ने पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल डॉक्टर जितेंद्र यादव को पेड़ से छुड़ाया और इलाज के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया स्थित अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पीड़िता के परिजनों ने बताया कि वर्ष 2021 में गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर युवती के साथ दुष्कर्म किया था। यह मामला अब भी न्यायालय में विचाराधीन है। 30 मई को इसी मामले में एक अहम गवाही होनी थी, जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य अभी भी फरार हैं।

परिजनों का आरोप है कि आरोपी लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। जब उनका दबाव काम नहीं आया, तो उन्होंने पीड़िता का इलाज करने आए डॉक्टर को निशाना बना लिया और इस बर्बर घटना को अंजाम दिया। इस मामले में गुरपा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें मिली है, लेकिन अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## अब लेट नहीं होगी ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रधानमंत्री ने सड़क व रेल से जुड़ी जो आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन किया, उससे शाहाबाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुगम होगा।43 करोड़ की लागत से बने सासाराम-अनुग्रहण तक आटोमेटिक सिंगनलिंग प्रणाली के शुरू किए जाने से हावड़ा-नई दिल्ली ग्रैंड कार्ड रेल लाइन पर ट्रेन परिचालन में पहले की अपेक्षा और तेजी आएगी। अब ट्रेनों को ज्यादा समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा 37.12 अरब से बनने वाले पटना-सासाराम वाया तथा लगभग 60 अरब की लागत से बनने वाले सासाराम के रास्ते वाराणसी-कोलकाता वाया रांची एक्सप्रेसवे के बन जाने से जिले को लोगों को रोजगार के साथ बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। रेलवे अधिकारियों की मुताबिक, ऑटोमोटिक सिगनलिंग प्रणाली नहीं होने से पहली ट्रेन को पूरब में पहलेजा तथा पश्चिम में कुम्हऊ रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद ही दूसरी गाड़ी को सासाराम से खोला जाता था, लेकिन अब इस प्रणाली के कार्य करने से एक किलोमीटर की दूर के अंतराल पर ट्रेनों का परिचालन करने में सहूलियत हो गई है।

# जदयू कोर कमिटी की बैठक में सीटों पर हुई चर्चा

### 100 से 110 सीटों पर लड़ सकता है चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विधानसभा चुनाव को केंद्र में रख एनडीए के राज्य स्तरीय नेताओं की बैठक हफ्ते भर के भीतर होनी है। इस महत्वपूर्ण बैठक के पूर्व जदयू नेतृत्व अपनी कोर कमेटी की बैठक करेगा। उस बैठक में सामूहिक सहमति से यह तय होना है कि एनडीए की बैठक में जदयू किस मोड में अपने को आगे करेगा। जदयू की कोर कमेटी की एक बैठक इसके पूर्व मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हो चुकी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, जदयू की कोर कमेटी की बैठक में इस बात पर मुहर लगनी है कि जदयू कितनी सीटों पर अपनी दावेदारी एनडीए के भीतर रखेगा। यह कहा जा रहा कि यह संख्या 100 से 110 सीटों के बीच की होगी।

जदयू के प्रदेश नेतृत्व ने इस संख्या के लिहाज से सीटों को चिह्नित किया हुआ है। सीटें वहीं हैं जिस पर जदयू के विधायक हैं और पूर्व के चुनाव में जदयू को उन सीटों पर जीत मिल चुकी है। कोर कमेटी के निर्णय के बाद उसके बारे में एनडीए की बैठक में इस पर विमर्श होना है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीटों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में होने वाली बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी तथा जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की मौजूदगी रहेगी। इसी बैठक में यह निर्णय लिया जाएगा कि एनडीए की बैठक में जदयू कितनी सीटों पर अपनी दावेदारी करेगा।

जदयू ने अपनी सीटों व प्रत्याशियों की सूची हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय एनडीए सम्मेलन के आधार पर तैयार की है। जदयू नेतृत्व ने यह तय किया हुआ है कि इस बार संभावित प्रत्याशियों से किसी तरह का आवेदन चुनाव लड़ने के लिए नहीं लिया जाएगा।

जदयू नेतृत्व को संभावित प्रत्याशियों को सूची उनकी सक्रियता का आकलन कर सौंपी जानी है। इस क्रम में स्थानीय स्तर के सामाजिक समीकरण का विशेष रूप से ख्याल रखा जाएगा।

# गंगा जलापूर्ति योजना पर हुई परिचर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सिचाई प्रमंडल, अररिया के तत्वाधान में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जल-जीवन-हरियाली दिवस के अवसर पर उप विकास आयुक्त, अररिया रोजी कुमारी की अध्यक्षता में ३पेयजल संकट वाले क्षेत्रों के लिए गंगा जल आपूर्ति योजना३ विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस परिचर्चा में सभी सम्बंधित 15 विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ कर्मियों ने भी भाग लिया। साथ ही जल जीवन हरियाली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में किये गए कार्यों का ब्यौरा दिया गया। साथ ही आने वाले समय किये जाने वाले कार्यों का रुपरेखा भी बताई गयी।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से इस अभियान अंतर्गत विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को ससमय पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल जल संरक्षण नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। आयोजन में डीडीसी, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल अररिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला मिशन प्रबंधक जल-जीवन-हरियाली, जिला अंकेक्षक प्रबंधक, सहायक अभियंता एवं अन्य विभागों से सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया।

# श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अधीक्षक किये गये निलंबित

### दुष्कर्म पीड़िता के इलाज में हुई थी देरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसकेएमसीएच) की अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा को एक घायल बच्ची को रेफर करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई उस घटना के बाद की गई है, जब गला कटने से गंभीर रूप से घायल एक बच्ची को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद अस्पताल से रेफर कर दिया गया था। बाद में उसकी मौत हो गई।

मामला कुढ़नी की एक दुष्कर्म पीड़िता बालिका का है, जिसका गला कट जाने के कारण गंभीर चोट आई थी। उसे एसकेएमसीएच लाया गया, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया।

रेफर के बाद पीड़िता को पटना पहुंचने में देरी हुई और करीब तीन घंटे तक उचित इलाज नहीं मिल पाया। अंततः उसकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए एसकेएमसीएच की अधीक्षक को निलंबित कर दिया।

विभाग का मानना है कि अगर मरीज का समय पर एसकेएमसीएच में ही उचित इलाज किया गया होता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।

यह मामला एक बार फिर मेडिकल कॉलेज अस्पतालों द्वारा गंभीर मरीजों को बिना पर्याप्त इलाज के दूसरे अस्पतालों को रेफर करने की समस्या को उजागर करता है।

अक्सर मरीजों को पटना या अन्य बड़े अस्पतालों का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे उनकी हालत और बिगड़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि गंभीर मामलों में मरीजों को बिना उचित इलाज के न रेफर किया जाए।

## शादी के मंडप से भागा दूल्हा

**भागलपुर।** शादी के मंडप से किन्हीं ज्वलंत कारणों से अमूमन लड़कियों को भागने का ही मामला सामने आता रहा है, लेकिन जोगसर थानाक्षेत्र में दूल्हा ही फरार हो गया। वार्ड संख्या 21 के डीएन सिंह घाट रोड में हैरान करने वाली घटना सामने आई। विवाह के मंडप पर जब शादी की तैयारी हो रही थी, तभी दूल्हा फरार हो गया।

लड़के-लड़की में पांच साल से प्रेम संबंध था। दूल्हे के ऐन मौके पर मंडप से भाग जाने की घटना से दोनों परिवार में छाने वाली खुशी सहसा गम में बदल गई। खुशी का माहौल ही खत्म हो गया। डीएन सिंह रोड की रहने वाली लड़की मधेपुरा के चौसा गांव के रहने वाले युवक से प्यार करती थी।

दोनों इंटरनेट मीडिया के फेसबुक पर 2021 में एक-दूसरे के नजदीक आए फिर उनके बीच का प्रेम गहराता चला गया। दोनों एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसम खाने लगे। फिर शादी करने का फैसला ले लिया।

## अज्ञात महिला की लाश बरामद

**गया जी।** जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक पहाड़ी से अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना करजरा स्टेशन के पास पश्चिम मंजिल पहाड़ी की है। मंगलवार को शव देखे जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलते ही वजीरगंज थानाध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और खुद टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके को सील किया। गया के वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज और थानाध्यक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बाद में एसडीपीओ वजीरगंज ने अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में कोई कोताही न हो, इसके लिए डॉग स्क्वाड, फॉरेंसिक टीम और तकनीकी विशेषज्ञों को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने मौके से सुराग जुटाने की कोशिश की और सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

# सुपारी देकर मौलाना ने करायी थी उर्दू शिक्षक की हत्या

### पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के निस्ता प्राथमिक विद्यालय के उर्दू शिक्षक की बुधवार की सुबह सुपारी देकर हत्या कराई गई थी।

पुलिस ने सुपारी देने वाले मुजफ्फरपुर जिले के एक मौलाना सहित सीतामढ़ी जिले के दो सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे की खोज में पुलिस छापेमारी करने में जुटी है।

वारदात में इस्तेमाल पल्सर बाइक को जब्त कर लिया गया है। निस्ता प्राथमिक विद्यालय के उर्दू शिक्षक मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना के बलिया तीसी परसाम निवासी मंसूर आलम की पुत्री से भी पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

फिलहाल पुलिस कुछ बताने से परहेज कर रही है। हालांकि, सदर टू एसडीपीओ ज्योति कुमारी ने बहुत जल्द मामले का पदार्फाश करने का दवा की है। उन्होंने कहा कि मामला काफी हद तक साफ हो चुका है। जल्द मीडिया को सारी जानकारी दे दी जाएगी।

पुलिस सूत्रो अनुसार उर्दू शिक्षक की पुत्री मुजफ्फरपुर जिले के जगौलिया स्थित मदरसा हलीमा लिलवंत में विगत तीन वर्षों से पढ़ाती है।

इसी मदरसा के संरक्षक मिश्रौलिया निवासी मुफ्ती साहब अनवर (50) से उसकी नजदीकी हुई। जिसका उर्दू शिक्षक विरोध करते हुए दूसरी जगह निकाह तय कर दिया।

इसी के विरोध में मौलाना ने एक लाख रुपये में सुपारी देकर सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भरवाड़ा शंकरपुर में किराया के मकान में सपरिवार रहने वाले उर्दू शिक्षक की स्कूल जाने दौरान गोली मरवा कर हत्या करा दी।

# दानापुर, खगौल और फुलवारीशरीफ नगर परिषदों के क्षेत्र का हुआ विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना से सटे दानापुर, खगौल और फुलवारीशरीफ नगर परिषदों का क्षेत्र अब पहले से बड़ा हो गया है। राज्य सरकार ने इन तीनों शहरी निकायों में कई नए गांवों को शामिल कर इनके क्षेत्रफल और जनसंख्या में वृद्धि की है। यह फैसला राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इसकी जानकारी दी।

दानापुर नगर परिषद में अब आसपास के कुल नौ गांवों को शामिल कर लिया गया है। इसके बाद नगर परिषद का क्षेत्रफल बढ़कर 23.14 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

इसके अंतर्गत अब कुल जनसंख्या 1 लाख 95 हजार 564 हो गई है। यह जनसंख्या 2011 की जनगणना के आधार पर तय की गई है। जिन गांवों को इसमें जोड़ा गया है, उनमें फरीदनपुर, मैनपुरा, जमसौत (आंशिक), ढिबरा, कोथवां, मुस्तफापुर (आंशिक), बबक्कपुर, आशोपुर (आंशिक) और नसीरपुर शामिल हैं। इन गांवों के जुड़ने से दानापुर नगर परिषद की सीमा भी बदल गई है। अब इसके उत्तर में बाढ़ सुरक्षा बांध और गंगा नदी, दक्षिण में खगौल नगर परिषद, आदमपुर खुर्द, आदमपुर, लखनीबिगहा, बदलपुरा, छोटी खगौल, मुस्तफापुर, आशोपुर, संदलपुर, चकदाउद, छितनावां, पूरब में पटना कैनाल, दीघा, सिकंदरपुर, रूकनपुरा, जलालपुर, हदसपुरा, धनौत और पश्चिम में दानापुर उसरी सड़क, जमसौत, मोबारकपुर तथा छितनावां स्थित हैं।

वहीं खगौल नगर परिषद का भी क्षेत्र विस्तार हुआ है। अब इसका कुल क्षेत्रफल 9.40 वर्ग किलोमीटर हो गया है और इसकी सीमा में कुल 65 हजार 451 की जनसंख्या आ गई है। यह आंकड़ा भी 2011 की जनगणना के अनुसार है। जिन गांवों को खगौल नगर परिषद में शामिल किया गया है, उनमें सैदपुरा, आदमपुर कला, आदमपुर खुर्द, संदलपुर, बड़ी खगौल, लखनी बिगहा (आंशिक), खेदलपुरा, मुस्तफापुर, आशोपुर और सरारी शामिल हैं। इस विस्तार के बाद खगौल नगर परिषद की सीमाएं भी नई बन गई हैं। अब इसके उत्तर में मुस्तफापुर, आशोपुर, नसीरपुर और उसरीकला, दक्षिण में मुहम्मदपुर कोरजी, भुसौला दानापुर और नवादा, पूरब में पटना नगर निगम और नोहसा, तथा पश्चिम में सरारी और गोरगावां आते हैं।

फुलवारीशरीफ नगर परिषद का क्षेत्र भी अब पहले से बड़ा हो गया है। इसका नया क्षेत्रफल 16.51 वर्ग किलोमीटर हो गया है। इस क्षेत्र में कुरकुरी, भुसौला दानापुर, नोहसा और नवादा जैसे गांवों को शामिल किया गया है। इसके बाद नगर परिषद के अंतर्गत कुल जनसंख्या 1 लाख 13 हजार 594 हो गई है, जो कि 2011 की जनगणना पर आधारित है। फुलवारीशरीफ की नई सीमाओं में उत्तर में सैदपुरा, सबजपुरा और खलीलपुरा, दक्षिण में आलमपुर गोनपुरा, हिन्दुनी और इस्माईलपुर ढिबड़ा, पूरब में पहाड़पुर, बेऊर, बेतौड़ा और चिलबिल्ली, तथा पश्चिम में मोहम्मदपुर कोरजी, कोरजी और मुरादपुर शामिल हो गए हैं।

इसी कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों को पोशाक देने की व्यवस्था में भी बदलाव किया है। अब इन बच्चों को जीविका दीदियों की संस्था द्वारा सिली हुई पोशाकें मिलेंगी। पहले बच्चों के माता-पिता के बैंक खातों में पोशाक की राशि के रूप में 400 रुपये भेजे जाते थे, लेकिन अब यह राशि सीधे जीविका समूह को दी जाएगी। ये समूह बच्चों की पोशाक तैयार करके उन्हें मुहैया कराएंगे। राज्य सरकार ने यह भी तय किया है कि हर साल इस राशि में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर हर बच्चे को एक जोड़ी पोशाक दी जाएगी।

## शिक्षक पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के शिक्षा विभाग में फर्जी कागजातों पर नौकरी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा जांच पड़ताल के बाद लगातार इस तरह के मामलों का उद्भेदन हो रहा है। इसके बाद निगरानी के द्वारा संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

ताजा मामला भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलुआ से जुड़ा हुआ है। यहां के शिक्षक अनिल कुमार जो मूल रूप से पिता सुदामा पासवान, मोहल्ला शिवगंज आरा के निवासी हैं, के कागजात फर्जी पाए गए हैं। इनकी वर्ष 2014 में प्रखंड शिक्षक के रूप में नियुक्ति बलुआ उमवि में हुई थी। उस वक्त इन्होंने मैट्रिक और इंटर के जो कागजात जमा किए थे वह वाराणसी, उत्तर प्रदेश का था।

पिछले वर्ष शिक्षा विभाग के द्वारा फाइल फोल्डर के साथ जमा किए गए इनके कागजातों की जांच जब निगरानी ने की तो अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद वाराणसी, उत्तर प्रदेश के द्वारा इनके मैट्रिक और इंटर के दोनों कागजात को फर्जी बताया गया।

# लापता 19 वर्षीया छात्रा का क्षत-विक्षत शव बरामद

### लोगों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** हमको नहीं मिला एफआई आर, जब मिलेगा न तब देखेंगे। तुमको मिल गया न, आराम से रहो। हमको नहीं दिया है, जब देगा तो देखेंगे। यह कहना है महिला जांच अधिकारी का और मामला है चार दिन से लापता छात्रा की गुमशुदगी का। बिहार पुलिस के अधिकारी का ऐसा सच जिसे देख और सुनकर पुलिसके आला अधिकारी को संज्ञान जरुर लेना चाहिए। मामला घटना रंगरा थाना क्षेत्र के सधुवा ढाला के पास की है।

चार दिन से एक 19 साल की छात्रा लापता थी। हालाँकि चौथे दिन उसका शव क्षत-विक्षत हालत में मकई के खेत से बरामद हुआ। घटनास्थल से छात्रा का आधार कार्ड, साइकिल और कुछ शैक्षणिक कागजात भी मिले हैं। अब पुलिस और एफएसएल की टीम भी मामले की जांच-पड़ताल करने की बात कह रही है, लेकिंम पुलिस की लापरवाही की कहानी को जानना भी जरुरी है।

घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि छात्रा 30 मई को दोपहर एक बजे के करीब घर से निकली थी। उसने घर में यह कहा था कि उसे बिहार पुलिस का ऑनलाइन फॉर्म भरना है जिसके लिए वह कैफे जा रही है। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नहीं लौटी तब घर के लोगों ने उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर घर से बाहर हर जगह उसकी खोजबीन की जाने लगी, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया।

परिजनों ने फिर छात्रा के लापता होने की जानकारी स्थानीय थाना को दी। आज घटना के चौथे दिन जब ग्रामीणों को मकई के खेत से दुर्गंध मिली, तब लोगों ने वहां जाकर देखा। खेत के अंदर जाते ही लोग अचंभित रह गये, वहां छात्रा का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था। लोगों ने घटना कि जानकारी पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि लड़की के हाथ रस्सी से बंधे थे। इसलिए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इसके साथ गलत काम नहीं हुआ। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज भागलपुर भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम भी जांच कर रही है।

# जीटी रोड पर लूटपाट करने वाला गिरोह का उद्भेदन

### पिस्टल और मोबाइल के साथ सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण थाना पुलिस ने जीटी रोड पर लूटपाट करने वाला अंतरजिला गिरोह का राजफाश किया है। गिरोह के सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से देशी पिस्टल, कारतूस, बाइक और मोबाइल बरामद की गई है।

गिरफ्तार बदमाशों में रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी मिथलेश कुमार सिंह, राजपुर थाना क्षेत्र के वनार्डीह गांव निवासी जितेंद्र कुमार पिता हीरामन सिंह, राजपुर थाना क्षेत्र के ही दलालगंज गांव निवासी रमेश यादव पिता अजय सिंह, इसी गांव का भुलन कुमार पिता अशोक सिंह, विवेक कुमार पिता विजय सिंह, राजपुर थाना क्षेत्र के ही वकुलागोह गांव निवासी अनुज पाठक उर्फ अनुज कुमार पिता रामगोविंद पाठक और शुभम पाठक पिता राजेश पाठक शामिल हैं।

सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है। सभी ने जीटी रोड पर लूट की गई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार 27 मई की रात्रि में मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआइन गांव निवासी भोला पाल से जीटी रोड चरण मोड़ के पास से बाइक समेत अन्य सामान लूट लेने की घटना में शामिल रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की निशानदेही पर गिरोह के अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। छापामारी में पुलिस की टीम लगी हुई है। जिला पुलिस के मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह ने बताया कि गिराफ्तार बदमाशों के बारे में विस्तृत जानकारी एसपी के द्वारा प्रेस वार्ता में बताई गई।

# पटना-जसीडीह मेमू ट्रेन में लगी आग

### सभी यात्री सुरक्षित, लोगों में भगदड़ की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ट्रेन संख्या 13208 पटना-जसीडीह मेमू के दो कोचों के बीच के कनेक्शन तार से अचानक धुआं उठने लगा। यात्री जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, रेल कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और सभी यात्री सुरक्षित रहे।

जमुई, मंगलवार जमुई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। ट्रेन संख्या 13208 पटना-जसीडीह मेमू के दो कोचों के बीच स्थित कनेक्शन वायरिंग से अचानक धुआं उठने लगा, जो बाद में आग में तब्दील हो गया। घटना के समय ट्रेन स्टेशन के करीब पहुंच चुकी थी। धुआं और आग की लपटें देखते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया और वे घबराकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत स्थिति को संभाला। स्टेशन पर मौजूद अग्निशमन दल की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची और सभी सुरक्षित हैं।



रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती, तो यह एक बड़ी दुर्घटना बन सकती थी। फिलहाल, प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग किया जा रहा है ताकि आगे की यात्रा को सुरक्षित ढंग से जारी रखा जा सके। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि यह तकनीकी खराबी के कारण हुआ। रेलवे ने इस संबंध में जांच टीम गठित कर दी है, जो पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

## लोक अदालत के सदस्यों ने दिया योगदान

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में अब आपसी समझौते के आधार पर लोगों को तेजी से न्याय मिलेगा। स्थानीय व्यवहार न्यायालय के लिए गठित तीन सदस्यीय स्थायी लोक अदालत के दो सदस्यों ने सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में योगदान दिया। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ऋतु कुमारी ने बताया कि हाजीपुर व्यवहार न्यायालय के स्थायी लोक अदालत में सेवानिवृत्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा त्रिवेदी को अध्यक्ष, कुमारी पूर्णिमा तथा राकेश कुमार को गैर न्यायिक सदस्य बनाया गया है।

इन सदस्यों में से अध्यक्ष सुषमा त्रिवेदी तथा गैर न्यायिक सदस्य कुमारी पूर्णिमा ने सोमवार को योगदान दिया है। सचिव ने बताया कि इस अदालत में जनहित से जुड़ी सेवाओं जैसे परिवहन, डाक, टेलीफोन, बिजली, पानी, और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विवादों का निपटारा किया जाएगा।बताया कि स्थायी अदालत सुलह और समझौते के माध्यम से विवादों का त्वरित समाधान प्रदान करती है ।

# रोहतास होकर गुजरेगी भारतमाला सड़क परियोजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास जिले से होकर गुजरने वाली वाराणसी-कोलकाता वाया रांची भारतमाला सड़क परियोजना (एक्सप्रेस-वे) के निर्माण में अब तेजी आएगी। परियोजना से जुड़े 17 किसानों को भूमि अधिग्रहण के एवज में अब दोगुना मुआवजा राशि मिलेगी।

वर्तमान दर को चुनौती देने के बाद प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा सुनवाई के बाद बढ़ाकर उसे दोगुना कर दिया गया है।आदेश के आलोक में जिला प्रशासन ने संबंधित किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी मोहम्मद जफर हुसैन ने बताया कि वाराणसी-कोलकाता वाया रांची भारत माला सड़क परियोजना से जुड़े कुछ किसानों द्वारा वर्तमान में निर्धारित दर प्रमंडलीय आयुक्त के यहां के चुनौती दी गई थी। सुनवाई के बाद आयुक्त द्वारा 17 रैयत की जमीन के मुआवजे को दोगुना कर दिया गया है। संबंधित भूमि वाले 68 किसानों को 24 करोड़ 97 लाख 72 हजार 336 रुपये वितरण किया जाएगगा।

बताते चलें कि गत 30 मई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिले के बिक्रमगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो फेज में 60 अरब की लागत से लगभग 132 किलोमीटर लंबी वाराणसी-कोलकाता वाया रांची भारत माला सड़क परियोजना का शिलान्यास किया था। यह सड़क शिवसागर, चेनारी, सासाराम व तिलौथू अंचल के दो दर्जन गांवों से होकर गुजरेगी।

भारतमाला सड़क परियोजना में जिन किसानों की जमीन जा रही है, उनमें से कई किसानों ने मुआवजा के दर को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त के यहां चुनौती दी थी। उनमें से बरताली मौजा के रामा शंकर सिंह व अन्य, अरविंद कुमार सिंह व अन्य, उसी मौजा के जगनारायण प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर सिंह यादव व अन्य, राम प्रवेश राम व अन्य शामिल हैं।

# अब गंगा जल से सिंचित होंगे दक्षिण बिहार के खेत : प्रधान सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा है कि दक्षिण बिहार के कई जिलों में अब गंगा नदी के अधिशेष जल से सिंचाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी जहां गंगा जल से नालंदा, गया और नवादा जिलों में रहने वाले लोगों को पेयजल की आपूर्ति हो रही है, वहीं अब इस जल का उपयोग खेतों की सिंचाई के लिए भी किया जाएगा। उन्होंने इसे राज्य में जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट से निपटने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत विभाग को जो काम मिले हैं, उसको पूरा करने के लिए सभी स्तर के पदाधिकारी प्रयास करेंगे।

श्री मल्ल सिंचाई भवन स्थित सभागार में आयोजित पेयजल संकट वाले क्षेत्रों के लिए गंगा जल आपूर्ति योजना विषय पर परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। यह परिचर्चा जल-जीवन-हरियाली मिशन से जुड़े 15 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रधान सचिव ने कहा कि मानसून के समय गंगा में आने वाले अधिशेष जल को पाइपलाइन के माध्यम से बांका जिले के बेलहर स्थित बदुआ जलाशय तक पहुंचाने की योजना बन रही है। यह जलाशय वर्षों से मानसून में भी भर नहीं पाता जिससे इसकी सिंचाई क्षमता लगभग 75-80 प्रतिशत तक घट चुकी है। प्रस्तावित योजना से इस जलाशय को भरने के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि औरंगाबाद, डिहरी तथा सासाराम में सोन नदी के सतही जल का उपयोग करते हुए शीघ्र ही पेयजल योजनाएं शुरू की जाएंगी। वहीं, दुर्गावती जलाशय से भभुआ और मोहनियां शहरों को भी जल आपूर्ति की जाएगी। प्रधान सचिव ने आगे बताया कि जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत मोरवे, जालकोट, बासकोट एवं गरही जैसे जलाशयों को भी गंगा जल से भरने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि मानसून में गंगा का अधिशेष जल बर्बाद न होकर उपयोग में लाया जाए और इससे राज्य के जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को राहत मिले। अभियंता प्रमुख (सिंचाई एवं सृजन) अवधेश कुमार ने कहा कि जब तक जीवन और हरियाली है, तभी तक सच्ची खुशहाली संभव है। इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जलवायु परिवर्तन आज की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बन चुकी है और इससे निपटने के लिए हमें सतत, वैज्ञानिक और समर्पित प्रयास करने होंगे। आने वाली पीढ़ियों के लिए जलवायु संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल-जीवन-हरियाली अभियान इसी सोच का विस्तार है जिसके तहत राज्य भर में तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर उनका संरक्षण किया जा रहा है। ताकि जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को प्रोत्साहन मिल सके। इसके साथ ही जल संरक्षण की दिशा में इन प्रयासों के साथ-साथ अन्य अनेक कार्य भी कराए जा रहे हैं। ताकि जल संसाधनों का दीर्घकालिक और सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अभियंता प्रमुख (सिंचाई एवं सृजन) अवधेश कुमार, अपर सचिव सह उप मिशन निदेशक जल जीवन हरियाली राम कुमार पोद्दार, सलाहकार (नितिगत मामले) रविंद्र कुमार शंकर, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ठाकुर, मुख्य अभियंता (योजना एवं मनिटरिंग) ब्रजेश मोहन, वाल्मीकि निदेशक सीमा कुमारी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की उप-निदेशक नीना झा सहित विभिन्न विभागों अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लंदन के स्पीकर ने आतंकवाद को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना साहिब के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लंदन में यूके के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर राइट ऑनरेबल सर लिंडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित जनरल आतंकवाद को एक राज्य उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय प्रगति की भी सराहना की जिसमें डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां शामिल हैं। स्पीकर ने आतंकवाद से निपटने में भारत और यूके के बीच मजबूत एकजुटता की प्रशंसा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सांसद दग्गुबती पुरंदेश्वरी, समिक भट्टाचार्य, सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, सांसद गुलाम अली खटाना, अमर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर और राजदूत पंकज सरन शामिल थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने दिया दुष्कर्म पीड़िता की मौत की जांच का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पटना मेडिकल कालेज (पीएमसीएच) में इलाज के अभाव में मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता की हुई मौत को लेकर उठ रहे सवालों के बीच स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को पूरे मामले पर संज्ञान लिया। इस पूरे मामले में उन्होंने कहा कि घटना को लेकर एक ओर जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर उसके उपचार से जुड़े मामले में भी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की है। मामले की जांच के लिए तीनों निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं के नेतृत्व में जांच समिति गठित की गई है। यह समिति मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच और पटना के पीएमसीएच में सारी जानकारी लेगी जो भी इस मामले में दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगी। मंगल पांडेय ने कहा कि मामले के आरोपित की मुजफ्फरपुर में गिरफ्तारी हुई है। मुजफ्फरपुर एसएसपी ने बताया है कि 15 दिनों के भीतर स्पीडी ट्रायल चलाकर सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वे पटना से बाहर थे। कल रात में लौटने के बाद ही उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही तीनों निदेश प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ आरएन चौधरी, डॉ बीके सिंह और डॉ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में जांच टीम गठित की है। एक टीम मुजफ्फरपुर जाएगी और एक टीम पटना में पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेगी। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता की पीएमसीएच में मौत हो गई थी। बच्ची को जब मुजफ्फरपुर से पीएमसीएच पटना लाया गया तो उसे करीब चार घंटे तक एंबुलेंस में ही रखा गया, उसे अस्पताल में बेड उपलब्ध नहीं कराया गया। इस कारण राज्य सरकार विपक्ष के निशाने पर है और मंगल पांडेय के इस्तीफे की मांग की जा रही है। कांग्रेस ने जहां इस मामले में प्रदर्शन किया, वहीं राजद की ओर से भी इसे राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का उदाहरण बताया गया है। जन सुराज ने भी इसे बिहार में बढ़ती अराजकता और सरकार की असंवेदनशीलता कहा है। विपक्ष का आरोप है कि पहले बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है जिससे पता चलता है कि सरकार का राज्य की कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है और फिर समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण बच्ची की मौत हो जाती है जिससे स्वास्थ्य विभाग की हकीकत जनता के सामने आ गई है।

## सैप जवानों-कर्मियों की अनुबंध अवधि वित्तीय वर्ष 2025-26 तक बढ़ा दी गई : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस (सैप) में कार्यरत जवानों की सेवा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस के अंतर्गत कार्यरत 1717 सैप कर्मियों में-1698 जवान, 10 जेसीओ और 9 रसोइया शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सैप जवानों को सेवा विस्तार मिलने से बिहार में उग्रवाद, हिंसा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव हो सकेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि सैप जवानों-कर्मियों की अनुबंध अवधि वित्तीय वर्ष 2025-26 तक बढ़ा दी गई है। राज्य सरकार ने इसके लिए कुल 43.66 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि बिहार में पहली एनडीए सरकार बनने पर कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी सुधार करने के लिए सैप का गठन 2006 में किया गया था। इसमें भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवानों को अनुबंध पर बहाल किया गया था। राज्य सरकार समय-समय पर सैप की संख्या और अनुबंध अवधि में विस्तार करती रही है। वर्तमान स्वीकृति भी उसी कड़ी में है।

## डॉ त्यागराजन एस.एम ने संभाला पटना जिलाधिकारी का कार्यभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डॉ त्यागराजन एस.एम ने मंगलवार को पटना के जिलाधिकारी का पदभार संभाल लिया। निवर्तमान पटना जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह से उन्होंने पदभार ग्रहण किया। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने त्यागराजन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद करते हैं कि डॉ त्यागराजन गयाजी की तरह शानदार तरीके से पटना जिलाधिकारी के रूप में अपने कार्यकुशलता से विकास पथ पर अग्रसित करते हुए पटना को नई ऊंचाईयों तक ले जाएंगे। मेरी ओर से आपको बहुत बहुत हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि 31 मई को हुए प्रशासनिक फेरबदल में डॉ चंद्रशेखर सिंह को पटना प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया जबकि गया के जिलाधिकारी रहे डॉ त्यागराजन एस.एम को पटना का जिलाधिकारी बनाया गया है। डॉक्टर त्यागराजन एसएम मूल रूप से तमिलनाडु के कोयंबटूर के रहने वाले हैं। उनका जन्म 20 दिसंबर 1984 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में हुआ। वे मध्यम वर्गीय परिवार से थे और उनके पिता एस मोहन राम और माता उमा देवी हैं। डॉ. त्यागराजन ने 2008 में कोयंबटूर के एमजीआर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। वर्ष 2010 में आईपीएस बन बतौर एएसपी ओडिशा में ज्वाइन की। फिर साल 2011 में उन्होंने आईएएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने बेस्ट आईएएस अधिकारी को पटना बुलाया है। वह इससे पहले गया, नालंदा और दरभंगा के डीएम रह चुके हैं। पीएम मोदी ने साल 2017 में डॉक्टर त्यागराजन एसएम को सम्मानित किया था।

डॉक्टर त्यागराजन एसएम साल 2011 में आइएएस में चुन लिये गये और उन्हें बिहार कैडर मिला। डॉक्टर त्यागराजन एसएम का प्रशासनिक सफर बिहार के पूर्णिया से शुरू हुआ जहां वे प्रशिक्षु रहे। उसके बाद इनकी पहली पोस्टिंग एसडीओ पटना सिटी हुई थी। फिर बिहार शरीफ में नगर निगम के आयुक्त बनाये गये। नगर आयुक्त रहते हुए उन्होंने सफाई के क्षेत्र में कई बेहतर कार्य किये।

## कुढ़नी रेप पीड़िता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म होने और उचित इलाज न मिलने से पीड़िता की मौत पर आक्रोशित बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आज पटना प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार की भ्रष्ट, असंवेदनशील और निरंकुश तंत्र के कारण दलित बच्ची ने दम तोड़ दिया। सत्ता के भूखे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से सीधा सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि क्या आपको दलित का वोट केवल चाहिए और उनके वोट के बदौलत आप केंद्र की सत्ता में बैठे रहें लेकिन आपकी सत्ता के लालच में आप उस दलित बेटी के लिए मदद तो छोड़िए संवेदना के एक शब्द नहीं बोल सकें। आपकी बिहार में डबल इंजन की सरकार है, उसके आप सहयोगी हैं लेकिन फिर भी दलित बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और नृशंस कृत्य पर सरकार से न्याय नहीं दिला सके। उस दलित बच्ची को अस्पताल में एक अदद बेड, ऑक्सीजन सिलिंडर तक न दिला सके और वे मासूम ये दुनिया को छोड़ कर चली गई। दलित वोट बैंक पर राजनीति करने वाले चिराग पासवान जब खुद को तथाकथित मुख्यमंत्री की रेस में खड़ा होने की घोषणा करते हैं तो कम से कम वे बताएं कि इस बच्ची के लिए आपने क्या किया।

## समर कैम्प में बच्चों ने सीखा बॉलीवुड डांस 'ओ माय फ्रेंड गणेशा' तू रहना साथ हमेशा तथा अन्य कलायें



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं कला जागरण पटना के सहयोग से बैंक रोड, पटना में बच्चों के लिए चलाये जा रहे आठ दिवसीय समर कैम्प के तीसरे दिन आज बच्चों ने बॉलीवुड डांस ओ माय फ्रेंड गणेशा तू रहना साथ हमेशा तथा विभिन्न कलाओं को सीखा। कैम्प के प्रारम्भ में प्रसिद्ध योग शिक्षिका रीना कुमारी ने बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया। इसके बाद नृत्य प्रशिक्षिका रोज सिंह ने बच्चों को बॉलीवुड संग ओ माई फ्रेंड गणेश तू रहना साथ हमेशा गीत पर नृत्य करना सिखाया। इसके बाद बच्चों ने आओ स्कूल चले हम गीत पर नृत्य का खूब मस्ती की।

## दुष्कर्म पीड़िता की इलाज में लापरवाही बरतने पर दो डॉक्टरों पर गिरी गाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता की इलाज में लापरवाही बरतने के मामले में नीतीश सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। इस मामले में दोषी पाए गए पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक डा. अभिजीत सिंह को सरकार ने पद से हटा दिया है जबकि मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच की अधीक्षक डॉक्टर कुमारी बिभा को निलंबित कर दिया गया है। पीड़िता को इलाज के लिए एसकेएमसीएच से पीएमसीएच लाया गया था। आरोप है कि पीड़िता के इलाज और रेफरल के दौरान जरुरी गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। फिलहाल, डा. कुमारी विभा को अब पटना स्वास्थ्य विभाग में अटैच किया गया है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि प्रभारी उपाधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया जो उनकी प्रशासनिक विफलता का परिचायक है। ऐसे में डा. अभिजीत सिंह, प्रभारी उपाधीक्षक, पी.एम.सी.एच., पटना को तत्काल प्रभाव से प्रभारी उपाधीक्षक, पी0एम0सी0एच0, पटना के पद से मुक्त किया जाता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में तैनात डॉक्टर कुमारी बिभा को निलंबित कर दिया है। विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि, 01 जून 2025 को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर द्वारा रेफरल पॉलिसी का अनुपालन नहीं किया गया।

## रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी की साप्ताहिक बैठक में नए अध्यक्ष और सचिव निर्विरोध निर्वाचित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की युवा इकाई रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी की साप्ताहिक बैठक का आयोजन इस सप्ताह कुम्हरार स्थित हरिलाल कैफे में किया गया। बैठक में क्लब के आगामी सत्र 2025-26 के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। सर्वसहमति से रो. राहुल राज सिंह को क्लब का अध्यक्ष एवं रो. मनजीत राज को सचिव के रूप में निर्विरोध चुना गया। बैठक की अध्यक्षता रोटरी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं क्लब के मार्गदर्शक रो. रवि शंकर प्रीत ने की जबकि रोटरी क्लब चेयरमैन रो. राजेश बल्लभ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ जनों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और क्लब की भावी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। रो. राजेश बल्लभ ने अपने संबोधन में कहा रोट्रैक्ट क्लब समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है।

## किशोर न्याय के क्षेत्र में कार्यों की गति धीमा होना चिन्ताजनक : निशा झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष निशा झा ने कहा है कि जैसे विकास को गति देने के लिए बीस सूत्री कार्यक्रम बनाए गए और सारे विभागों को एक साथ बिठाकर कार्यान्वयन कराया गया उसी तरह बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए एक सूत्री कार्यक्रम बनाकर सभी हित धारकों को सक्रिय किए जाने की जरूरत है। आज पटना के ए एन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान में पैरवी द्वारा किशोर न्याय और विधिक सहायता पर आयोजित हित धारकों की सामूहिक विमर्श को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किशोर न्याय के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की गति धीमा होना चिन्ताजनक है। इस मौके पर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की सदस्य सचिव शिल्पी सोनी ने कहा कि राज्य में विधिक सेवा प्राधिकार को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है जिससे लोगों को विधिक सहायता आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक के कैदियों और आधी सजा पूरी करने वाले विचाराधीन कैदियों को छोड़े जाने के अभियान की भी चर्चा की। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की निबंधक अनुपमा ने कहा किशोर न्याय और विधिक सहायता के लिए हमारा सहयोग सदैव जारी रहेगा। उन्होंने पटना में एक बच्चे के जलने और उसके उपचार में राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों और उसमें आनेवाली कठिनाइयों की भी चर्चा की। पुलिस उपाधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने किशोरों को जमानत और जे जे बोर्ड में अधिवक्ताओं के प्रैक्टिस पर सवाल खड़ा किया और कहा कि यह बच्चे का सर्वोत्तम हित नहीं है। बाल कल्याण समिति रोहतास के सदस्य ददन पाण्डेय ने किशोरों के हित में पैरवी के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता शशि शर्मा ने कहा बाल अधिकार के संरक्षण कार्य में हित धारकों को सम्वेदनशील बनाने की जरूरत है। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने विचाराधीन बंदियों की जमानत और किशोर न्याय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। आरंभ में पैरवी के समन्वयक दीनबंधु वत्स ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रुप रेखा प्रस्तुत किया।

## चेन पुलिंग में 522 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1588 पुरुष यात्री हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले माह के 16.05.2025 से 31.05.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 522 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 238 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 112, सोनपुर मंडल में 72, धनबाद मंडल में 51 तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 49 लोगों को हिरासत में लिया गया।

इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' में तहत पिछले माह के 16.05.2025 से 31.05.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 1588 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

## हथियार प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्साहित हुए कैडेट्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार नेवल यूनिट के द्वारा राजेंद्रनगर अवस्थित एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय में सीएटीसी-कैंप के तीसरे दिन हथियार प्रशिक्षण और परेड प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरांत प्रशिक्षण में सम्मिलित कैडेटों का जोश और उत्साह आनंदित कर देने वाला था। इस प्रशिक्षण कैंप में शस्त्र का रखरखाव, शस्त्र चलाने का ज्ञान एवं शस्त्रों की पहचान और संचालन की कला का प्रशिक्षण एवं उसकी सम्पूर्ण गतिविधि का सम्पूर्ण ज्ञान दिया गया। इस पूरे प्रशिक्षण के दौरान सभी कैडेट्स पूरे जोश के साथ कैंप में शस्त्र प्रशिक्षण को प्राप्त कर रहे हैं। कैंप कमांडेंट, कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने शस्त्र प्रशिक्षण के उपरांत कहा कि आज कैडेट्स को राष्ट्र पर आये विपत्तियों के दौरान भारतीय सैन्य बलों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए उनका सदैव साथ देने के साथ खुद को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करना है। लेफ्टिनेंट कमांडर प्रीतम कुमार ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र प्रशिक्षण में निपुण होना भी अत्यंत आवश्यक है। इस हथियार प्रशिक्षण में आर्मी, एयर, नेवी के एसडी/एस डब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स ग्रुप मुख्यालय के फायरिंग रेंज में उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को दिए गए शस्त्र प्रशिक्षण के उपरांत शिप मॉडलिंग, नेवल ओरिएंटेशन पाठ्यक्रम इत्यादि का ज्ञान भी दिया गया। शस्त्र प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना से सदैव ओत-प्रोत करते हुए जीवन में अनुशासन के बल पर सदैव आने वाली बाधाओं को पार कर सकारात्मक उर्जा का विस्तार करना है। सम्पूर्ण कैंप के वरिष्ठ प्रशिक्षक की जिम्मेदारी नीरज कुमार, पीओ (जी डब्लू) के कंधे पर दिया गया है। प्रशिक्षण शिविर में 01 बिहार नेवल यूनिट के सभी ए.एन.ओ., पी.आई स्टाफ, जी.सी. आई. एवं सभी सिविलियन स्टाफ मौजूद थे।

## फिजिक्सवाला विद्यापीठ की विजय यात्रा 2025 में जेइइ एडवांस्ड टॉपर्स का जश्न

### ऑल इंडिया रैंक 3 समेत 4 छात्र टॉप 100 में




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** फिजिक्सवाला ने अपने जेइइ एडवांस्ड 2025 के नतीजे जारी किए हैं जिसमें उसके चार छात्रों ने टॉप 100 में जगह बनाई है। पटना और बाकी शहरों में फिजिक्सवाला के मेधावी छात्रों ने विजय यात्रा 2025 के ज़रिए अपनी सफलता का जश्न मनाया। ये एक छात्र रैली थी जो जेइइ एडवांस्ड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स को सम्मान देने के लिए निकाली गई। पीडब्ल्यू के टॉपर्स की लिस्ट में सबसे आगे हैं माजिद हुसैन, जिनका ऑल इंडिया रैंक 3 है। उनके बाद हैं मोहित अग्रवाल (ऑल इंडिया रैंक 12), ऋषभ अय्यर (ऑल इंडिया रैंक 48) और शिवेन तोषनीवाल (ऑल इंडिया रैंक 58)। अपनी रैंक पर माजिद हुसैन ने कहा कि मैं अपने रिज़ल्ट से और जो कुछ भी मैंने हासिल किया है, उससे बेहद खुश हूं। मैंने स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन शाम को सेल्फ-स्टडी के लिए समय निकाला।

## नीलोत्पल मृणाल न्याय तथा दिव्यांग अधिकारों के प्रखर समर्थक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नीलोत्पल मृणाल एक बहुआयामी व्यक्तित्व हैं। महाराष्ट्र बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के उपाध्यक्ष, सफल उद्यमी, लेखक, सामाजिक प्रभावशाली व्यक्ति और न्याय तथा दिव्यांग अधिकारों के प्रखर समर्थक। बचपन में पोलियो से प्रभावित होकर शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद, मृणाल जी का जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प और समाज सेवा का अद्भुत उदाहरण है। उनकी सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक है प्रोजेक्ट सक्षम भारत, जो दिव्यांगजनों को कौशल विकास, उद्यमिता, डिजिटल समावेशन और सामाजिक गरिमा के माध्यम से सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी मुहिम है।

पटना, बिहार में जन्मे नीलोत्पल मृणाल का बचपन शारीरिक चुनौतियों के साथ गुजरा, लेकिन उन्होंने कभी भी पोलियो को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया, बल्कि उसे जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरणा बनाया। उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की और फिर मुंबई से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विपणन में एमबीए किया। उन्होंने शारीरिक सीमाओं के बावजूद शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल की। समाज की रूढ़ियों और संरचनात्मक असमानताओं से उनके प्रारंभिक टकराव ने उन्हें उन लोगों की आवाज बनने के लिए प्रेरित किया जिन्हें अक्सर नीति निर्माण और सामाजिक विकास में अनदेखा किया जाता है—विशेषकर दिव्यांगजन। महाराष्ट्र बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में श्री मृणाल उत्तर भारतीय प्रवासियों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके नेतृत्व में मोर्चा ने कई सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं – विशेष रूप से जनवरी 2024 में मुंबई में आयोजित भव्य राम जन्मोत्सव रैली – जो राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गर्व और जनचेतना को बढ़ावा देती है। उन्होंने प्रवासी मजदूरों, छोटे उद्यमियों और दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं को राजनीतिक मंच पर प्रमुखता से उठाया है और समावेशी कल्याण योजनाओं की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी ललन शुक्ला के निधन पर शोक की लहर

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार नीलकमल शुक्ला के पिता समाजसेवी ललन शुक्ला का निधन हो गया। उनका निधन मंगलवार की सुबह 9 बजे हुआ। वे 82 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार ललन शुक्ला पिछले कई महीने से बीमार चल रहे थे। समाजसेवी ललन शुक्ला लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कमलकेडिया गांव के निवासी थे। उनके निधन की खबर सुनकर श्रद्धांजलि देने के लिए रिश्तेदार व स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उनके घर पर उमड़ पड़ी। बताते चलें कि समाजसेवी ललन शुक्ला एक नेक दिल इंसान थे। वे किसी भी गरीब की मदद करने में कभी भी पीछे नहीं हटते थे। यदि कोई भी गरीब उनके पास समस्या लेकर पहुंचता तो वे उसे खाली हाथ नहीं लौटाते थे। उनके मौत के बाद से कमलकेडिया गांव में शोक की लहर है। उनका दाह संस्कार कमलकेडिया स्थित अमानत नदी घाट पर किया गया। समाजसेवी ललन शुक्ला अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर किया गया जागरूक

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस - 05 जून 2025 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम,वन प्रमंडल पलामू, लायंस क्लब के द्वारा मंगलवार को नगर निगम के पदधिजारी,कर्मी , वन प्रमंडल पलामू के पदाधिकारी , कर्मी एवं लायंस क्लब के सदस्यके सहयोग से छः मुहान चौक से डाबर रोड,पंचमुहन चौक,बीच बाजार कुआं से होते हुए विष्णु मंदिर रोड एवं लीच बिल्डिंग तक सभी व्यवसायी और फुटपाथी दुकानदारों को प्लास्टिक नहीं उपयोग करने एवं सभी को कपड़े की थैली उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। इसमें फुटपाथी दुकानदारों एवं व्यवसायियों से प्लास्टिक भी जब्त किया गया एवं भविष्य में प्लास्टिक नहीं उपयोग करने की चेतावनी भी दी गयी।नगर आयुक्त एवं डीएफओ के दिशा निदेशों के आलोक में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।इसी क्रम में 4 जून को प्रातः6 बजे स्टेशन रोड चर्च रोड से गांधी मैदान तक वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा जिसमे नगर निगम के पदाधिकारी,कर्मी, वन प्रमंडल पलामू के पदाधिकारी, कर्मी,लाइंस क्लब के सदस्य स्केटिंग करने वाले बच्चे,स्कूल के बच्चे आदि सम्मिलित होंगे।



### डकैती व चोरी को अंजाम देने वाले गिरोह के चार धराए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंटर स्टेट डकैती और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक गिरोह को बोकारो पुलिस ने दबोचने में कामयाबी पाई है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी लोडेड कट्टा, लूट गए सोने चांदी के जेवरात, घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक मोबाइल और जला हुआ डीबीआर को भी बरामद किया है। जानकारी बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। एसपी ने बताया, असगर अंसारी दिसंबर महीने में पुरुलिया जेल से बाहर निकाला था। गिरोह का मुख्य सरगना धनबाद का रहने वाला असगर अंसारी है। जिसने धनबाद के रहने वाले जमालउद्दी अंसारी और सलमान अंसारी सहित अन्य गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर 31 जनवरी की रात बालीडीह ओपी थाना क्षेत्र के मानगो गॉंव मे अरुण महतो के घर में पिस्तौल और चाकू की नोक पर 5 से 6 लाख रुपए के जेवरात और 40 हजार रुपये नकदी की डकैती की थी ।इस दौरान आरोपियों ने सीसीटीवी के डीबीआर को भी साथ ले जाने का काम किया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद डकैतों ने गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में 3 जनवरी को डकैती और फरवरी माह में डुमरी थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि इन अपराधियों से सोने चांदी का खरीदारी करने वाला धनबाद का रहने वाला राजू सोनार को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस हीरो के पकड़े जाने से बोकारो सहित अन्य जिलों में अपराधिक घटना में कमी आएगी।



### संचालित योजनाओं की डीडीसी ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी।डीआरडीए सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सभी संबंधितों को सभी योजनाओं से जुड़े फोटोग्राफ रखने की बात कही।उन्होंने योजनाओं का संधारण निर्धारित पंजी में दर्ज करने की बात कही।उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में सभी प्रखंड समन्वयकों को समय-समय पर योजनाओं पर खर्च हुए राशि का प्रतिवेदन पंचायती राज के डीपीएम को देने हेतु निर्देशित किया गया था,सभी प्रखंड समन्वयकों को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने सभी को रॉयल्टी की राशि को भी समय पर जमा करने की बात कही ऐसा नहीं करने पर इसे वित्तिय अनियमिता के श्रेणी में रखा जाएगा।बैठक में पाया गया कि वित्त आयोग की राशि का मदवार ही व्यय करने के निर्देश के बावजूद अलग मद में राशि व्यय किया गया है,यह गंभीर विषय है इसे बचने बचने की आवश्यकता है।बैठक में जिन पंचायतों में पंचायत समिति की राशि खर्च नहीं हुआ है उन सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर से राशि खर्च नहीं करने के कारणों के बारे में पूछा गया।इस दौरान तरहसी प्रमुख का शक्ति जब्त रहने पर उपप्रमुख को राशि खर्च करने की जिम्मेदारी दी गयी।सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को वर्ष में कम से कम 8-12 बैठक करने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,जिला पंचायती राज पदाधिकारी,डीआरडीए निदेशक,डीपीएम,प्रखंड प्रमुख एवं सभी प्रखंड कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।



# किसान फलों की खेती कर आर्थिक रूप से बनें सशक्त : वैज्ञानिक प्रमोद कुमार

**भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान**

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसान फल बाग की खेती कर आर्थिक रूप से सशक्त बनें। मनरेगा से जुड़कर किसान अपने खेतों में फल बाग लगा सकते हैं। सरकार हर तरह का सहयोग करने के लिए तैयार है। उक्त बातें क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने कही। वे मंगलवार को भारत सरकार व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जा रही विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत बांसडीह, सरजवान व बुढ़ि में किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण दे रहे थे। प्रमोद कुमार ने कहा कि पलामू के किसान बैर, आंवला, अमरूद व बांस की खेती बड़े पैमाने पर कर सकते हैं। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी व आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि किसान कम वर्षापात में भी होने वाले मोटे अनाज के रूप में ज्वार व बाजारा की खेती करें। कहा कि क्यारियों में धान की खेती करें लेकिन ऊपरी खेतों में ज्वार व बाजरे की खेती जरूर करें। कम वर्षापात में भी इसकी बंपर फसल होगी। ज्वार बाजरे की खेती से धान की अपेक्षा ज्यादा आमदनी प्राप्त किया जा सकता है। कहा कि खरीफ पूर्व सघन कृषि संवाद कार्यक्रम कृषि व पोषक सुरक्षा के क्षेत्र में एक मील का साबित पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी व कृषि विभाग झारखंड सरकार की पहल पर कृषि में नवीनतम तकनीक को किसानों के यहां पहुंचने का कार्य कर रही है। कहा कि कार्यक्रम 29 में से 12 जून तक चलेगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार ने कृषि विभाग द्वारा सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। मौके पर जिला गव्य विकास पदाधिकारी सुरेश कुमार ने सरकार द्वारा संचालित गाय वितरण योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान दुग्ध उत्पादन करना चाहते हैं तो आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने योजना के माध्यम से मिलने वाली सब्सिडी का भी जिक्र किया। इसके पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र पलामू के वैज्ञानिक अशोक कुमार सिन्हा ने केंद्र परिसर में चलाए जा रहे हैं प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्रत्येक वर्ष सैकड़ो किसानों को नवीनतम खेती के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है। जिन किसानों को प्रशिक्षण लेना हो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने खेती के नवीनतम तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्राकृतिक खेती, मिट्टी के नमूने की जांच व उर्वरक प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी । ललित कुमार मेहता ने कृषकों को सरकार की अन्य योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। पंचायत समिति सदस्य श्याम नंदन ओझा ने गांव के कृषकों के इकट्ठा करके सरकार की योजनाओं को लाभ लेने के बारे में बताया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी जयप्रकाश राम ने जिला की जो योजनाएं ब्लॉकचेन के माध्यम से प्राप्त करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सुनील कुमार चौधरी, निलेश कुमार, श्याम सिंह आदि ने जिला की योजनाओं के बारे में किसानों को बताया। वार्ड सदस्य गीता देवी ने महिला कृषकों को कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़कर लाभ उठाने के जरूरत पर बल दिया। उप मुखिया प्रेम ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।



### अवैध बालू लदे तीन वाहनों को किया जब्त कारोबारियों में हड़कंप

**टुण्डी /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनियांडीह थाना प्रभारी द्वारा अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने का सिलसिला लगातार जारी है। प्राप्त समाचार के अनुसार आज मंगलवार अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें दो ट्रैक्टर एवं एक चार सौ सात वाहन जो अवैध बालू लाद कर बिक्री के लिए बाहर जा रहा था तभी मनियांडीह थाना प्रभारी के नेतृत्व में तीन वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया । तीन वाहनों के पकड़ने जाने की खबर से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। लगातार मनियांडीह पुलिस को अवैध रूप से बालू कारोबार करने की खबर मिल रही थी उसी खबर पर आज कारवाई की गई। फिलहाल कारोबारी कुछ दिन के लिए चुप बैठेंगे पुनः अपना धंधा में लीन हो जायेंगे।



**हर मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित होगा लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम**

## उपायुक्त आर. रॉनिटा द्वारा प्राथमिकता के आधार पर आमजनों की समस्याओं का किया जाएगा समाधान

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा द्वारा प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम (जन सुनवाई) का आयोजन किया जाएगा। यह जन सुनवाई समाहरणालय खूँटी स्थित कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त द्वारा स्वयं आमजनों की समस्याएं सुनी जाएंगी और संबंधित विभागों के समन्वय से उनका यथासंभव समाधान किया जाएगा। यह पहल नागरिकों को प्रशासन से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करती है, जिससे समस्याओं का समाधान पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से हो सके। उपायुक्त द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उन्हें पेयजल, बिजली, भूमि, पेंशन, आवास अथवा अन्य किसी विभाग से संबंधित समस्या है, तो वे सर्वप्रथम अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय या अंचल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं। यदि वहां से समाधान नहीं होता है, तो वे समाहरणालय खूँटी में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और उसका संवेदनशीलता एवं तत्परता से समाधान किया जाएगा।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में आईटीडीए एवं जिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आईटीडीए (समवर्ती आदिवासी विकास अभिकरण) एवं जिला कल्याण कार्यालय खूंटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आईटीडीए एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं जैसे प्री-मैट्रिक / पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, कब्रिस्तान व सरना मसना घेराबंदी, धूम कुड़िया भवन निर्माण, आदि आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पीएम जन मन योजना समेत अन्य योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की गई। योजनाओं की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन की प्रक्रिया तथा लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करें। साथ हीं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की पीड़ा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने आज समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में जनसुनवाई का आयोजन कर 35 मामलों की सुनवाई की। साथ ही छह नए मामले भी सुने। सुनवाई करने के बाद उन्होंने सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान झरिया के एक वृद्ध दंपति का मामला भी आयोग के सामने आया। वृद्ध ने बताया कि वह धनबाद प्रखंड कार्यालय से वर्ष 2009 में सेवानिवृत हुए थे। उनके पुत्र द्वारा पेंशन में से हिस्सा देने के लिए विभिन्न तरह से प्रताड़ित किया जा रहा था। जब उन्होंने झरिया थाना में शिकायत की तब झरिया थाना ने सहायता प्रदान कर उन्हें प्रताड़ना से मुक्ति दिलाई। दंपति ने पुलिस के कार्य की भूरी भूरी पशंसा की। तत्पश्चात माननीय सदस्य ने समाहरणालय के सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने धनबाद मंडल कारा, वन स्टॉप सेंटर, सबलपुर स्थित वृद्धा आश्रम, सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। वहीं तलाक के बढ़ते मामलों पर चिंता प्रकट करते हुए माननीय सदस्य ने कहा कि शीघ्र ही सभी जिलों में प्री मैरिज काउंसलिंग सेंटर की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि तलाक के बढ़ते मामलों के कारण समाज की नींव कमजोर होती जा रही है। यह अत्यंत दुखदाई है। इसलिए काउंसलिंग सेंटर में विवाह का वास्तविक अर्थ जोड़ों को समझाया जाएगा। घरेलू हिंसा व दहेज प्रताड़ना पर चिंता प्रकट करते हुए माननीय सदस्य ने कहा कि हर महिला को सम्मान से जीने का अधिकार है। महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने का भी सुझाव दिया। माननीय सदस्य ने साइबर क्राइम को कानूनी व सामाजिक तरीके से रोकने का प्रयास करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि आयोग के मर्गदर्शन और दिशा निदेशों का पालन किया जाएगा। महिलाओं के लंबित या दर्ज मामलों की समीक्षा की जाएगी। महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार व प्रताड़ना की रोकथाम धनबाद पुलिस की प्राथमिकता रहेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, डीएसपी श्री नौशाद आलम, शंकर कामती, सुमित कुमार, धीरेंद्र नारायण बंका, संजीव कुमार, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी सत्यम आशुतोष के अलावा विभिन्न थाना के थाना प्रभारी व अन्य पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।



## युगल किशोर पांडेय एक प्रतिभाशाली एवं अप्रतिम व्यक्तित्व थे : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युगल किशोर पाण्डेय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि स्व युगल किशोर पाण्डेय अपनी सहजता एवं सरलता से सबके दिलों पर राज करते थे और सदैव झारखंडवासियों के हृदय में विराजमान रहेंगे। श्री मिश्र ने कहा कि युगल किशोर पाण्डेय ने प्रारंभिक काल में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद नौकरीपेशा को ठुकरा कर समाज सेवा एवं व्यवसाय को अपना कर जे के कंस्ट्रक्शन कंपनी की स्थापना की थी और उस समय एकीकृत बिहार में शिरमौर कॉन्टैक्टर थे, लेकिन अपने श्वसुर महान स्वतन्त्रता सेनानी , पूर्व विधायक एवं पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित जगनारायण पाठक के कहने पर सब कुछ त्याग कर राजनीति में प्रवेश किया और सन 1980 में गढ़वा विधानसभा से विधायक बने। श्री मिश्र ने बताया कि सामाजिक गतिविधियों में सदैव अपना अविस्मरणीय योगदान देकर राजनैतिक विरोधियों के दिलों में भी उन्होंने एक विशिष्ट स्थान बनाया था। गढ़वा जिला बनने के बाद वे गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम अध्यक्ष बने और वर्षों तक उस पद पर कार्यरत रहकर गढ़वा जिला कांग्रेस को एक नई दिशा दी। श्री मिश्र ने कहा मैं कि उस समय पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का महासचिव था लेकिन युगल किशोर पाण्डेय जी ने सदैव सामाजिक कार्य एवं सांगठनिक विस्तार में भी मेरा पथप्रदर्शन किया और मुझे अपना अनुज माना। महान विभूति को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



### निगरानी विभाग की कार्रवाई दाखिल खारिज के नाम पर 20हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिक्रम अंचल कार्यालय में पटना निगरानी विभाग की टीम ने अंचल के राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार को ₹20हजार घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।जिसके बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। इधर सोनू कुमार को टीम ने गिरफ्तार का पटना ले गई है।दरअसल बिक्रम प्रखंड के अराप गांव निवासी रवि शंकर कुमार के अराप मौजा में 9 कट्ठा जमीन को लेकर पिछले 7 महीने से विवाद चल रहा था। जहां रविशंकर कुमार ने पहले विवाद को लेकर पालीगंज अनुमंडल के डीसीएलआर को आवेदन दिया उसके बाद हाई कोर्ट में आवेदन किया।पटना हाई कोर्ट के आदेश पर फैसला रविशंकर कुमार के पक्ष में आया। वही रिपोर्ट को लेकर विक्रम अंचल कार्यालय को आदेश दिया गया था।

### एएन कॉलेज में ‘उन्नत रसोई चूल्हों के माध्यम से महिलाओं के जीवन में सुधार’ विषय पर व्याख्यान माला आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज पटना के भूगोल विभाग में "उन्नत रसोई चूल्हों के माध्यम से महिलाओं के जीवन में सुधार" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर अमेरिका के आयोवा विश्वविद्यालय से आए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जेरी एंथनी ने विस्तार से अपने विचारों को रखा..वो पिछले 12 वर्षो से भारत के विभिन्न राज्यों विशेषकर राजस्थान में पारंपरिक चूल्हों के उपयोग से महिलाओं में होने वाली बीमारियों एवं अन्य दुष्परिणामों का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष लगभग छह लाख महिलाओं की मृत्यु पारंपरिक चूल्हों से निकलने वाले धुएं से होने वाली बीमारियों से हो जाती है जिसे उन्होंने "मौन हिंसा" की संज्ञा दी और बताया कि इस गंभीर समस्या की ओर सरकार या अन्य किसी संस्था का ध्यान उतनी गंभीरता से नहीं जा रहा जितना अपेक्षित है। उन्होंने अमेरिकी संस्था क्लाइमेट हिलर और यूएस रक्षा मंत्रालय के सहयोग से चलाई जा रही मुहिम का हिस्सा बनकर अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर इस क्षेत्र में अनेक कार्य किए हैं। जिनमें भारतीय गांवों में महिलाओं की समस्याओं। वहां की परंपरागत जीवनशैली के साथ उन्नत चूल्हों को जोड़कर उसे सभी के लिए उपयोगी बनाना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में उनकी पूरी टीम को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है लेकिन वे इस कार्य में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।



## जेईई एडवांस के सफल अभ्यर्थियों के लिए वर्चुअल ओपन हाउस का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनन विद्यालय), धनबाद (आईआईटी-आईएसएम) ने आज जेईई (एडवांस्ड) 2025 परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों के लिए एक अत्यंत रोचक और जानकारी पूर्ण वर्चुअल ओपन हाउस सत्र का आयोजन किया। इस आयोजन ने देशभर से जुड़े विद्यार्थियों को संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद का दुर्लभ अवसर प्रदान किया, जिससे वे भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में से एक के जीवन को करीब से समझ सके। यह सत्र दोपहर 12:30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का स्वयं उत्तर देकर उन्हें अकादमिक कार्यक्रमों, परिसर की संरचना, छात्र जीवन और प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी। यह वर्चुअल सत्र विद्यार्थियों को संस्थान की विविधताओं से परिचित कराने और आईआईटी समुदाय में शामिल होने के उनके निर्णय को आसान बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। सत्र की शुरूआत कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन डीन प्रो. रजनी सिंह के स्वागत भाषण से हुई, जिसने संवादात्मक सत्र की दिशा तय की। इसके बाद संस्थान के अन्य प्रमुख अधिकारियों जैसे उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार और डीन (अकादमिक) प्रो. एम. के. सिंह ने शैक्षणिक ढांचे और नए कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। छात्र गतिविधियों के एसोसिएट डीन प्रो. संजय मंडल ने छात्र-केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला, जिनमें छात्रवृत्ति योजनाएं, छात्रावास की सुविधा और कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं, जो छात्रों के लिए एक समग्र और सहायक वातावरण सुनिश्चित करते हैं। नवाचार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन के डीन प्रो. आलोक दास ने संस्थान में नवाचार की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया, जिसमें नरेश वशिष्ठ टिंकरिंग एंड इनोवेशन सेंटर (एनवीसीटीआई), कोल टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर, टेक्समिन और सीआईएल इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर जैसे विशेष केंद्र शामिल हैं। करियर डेवलपमेंट सेंटर की अध्यक्ष प्रो. सौम्या सिंह ने संस्थान के प्लेसमेंट रिकॉर्ड, इंटर्नशिप के अवसरों और उद्योग जगत के साथ सहयोग पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आईआईटी (आईएसएम) के छात्रों के लिए उज्जवल करियर संभावनाएं उपलब्ध हैं। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने संस्थान के विशाल और जीवंत परिसर की वर्चुअल सैर का भी आनंद लिया, जिसमें प्रमुख शैक्षणिक क्षेत्रों के साथ-साथ लोकप्रिय छात्र सुविधाओं जैसे लोअर और अपर ग्राउंड्स, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर, स्विमिंग पूल, जिमनैजियम, बॉक्सिंग रिंग, बिलियर्ड्स रूम और स्क्वैश कॉम्प्लेक्स को दिखाया गया। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, जिसकी प्रतिष्ठित विरासत 99 वर्षों से भी अधिक की है, की स्थापना 1926 में इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स एंड एप्लाइड जियोलॉजी के रूप में की गई थी, जिसे लंदन के रॉयल स्कूल ऑफ माइन्स से प्रेरणा मिली थी। प्रारंभ में यह संस्थान खनन और अनुप्रयुक्त भूविज्ञान पर केंद्रित था, लेकिन समय के साथ इसने पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और अनुप्रयुक्त भूभौतिकी (1957) सहित अनेक इंजीनियरिंग एवं विज्ञान शाखाओं को भी अपने शैक्षणिक दायरे में शामिल किया। वर्ष 1997 में इस संस्थान ने आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्रों को प्रवेश देना प्रारंभ किया और 2016 में इसे औपचारिक रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का दर्जा प्राप्त हुआ।



# कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह द्वारा हलफनामे में सूचना छुपाने का मामला

**एसडीएम के समक्ष पूर्व विधायक बिरंची ने प्रस्तुत किए दस्तावेज**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के पूर्व भाजपा विधायक बिरंचि नारायण ने वर्तमान कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह के द्वारा दो पैन कार्ड चार वोटर कार्ड और दो आवास का किराया जमा नहीं करने और हलफनामे में इसकी सूचना छुपाने के मामले में इलेक्शन कमीशन और राज्यपाल को पत्र दिया था। इस मामले में चुनाव आयोग के निर्देश पर चास एसडीएम प्रांजल ढांडा ने पूर्व विधायक बिरंचि नारायण और वर्तमान कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह को नोटिस जारी कर जवाब देने का निर्देश दिया था। नोटिस का जवाब देने बोकारो के पूर्व विधायक एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने लगाए गए आरोपों से संबंधित कागजात प्रस्तुत किया। उन्होंने एक पूरक पत्र भी एसडीएम को सौपा है जिसमें उन्होंने विधायक के वर्तमान आवास का किराया बाकी रहने और इसका नो ड्यूज जमा नही करते हुए जानकारी छुपाने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने कहा कि यह पूरी तरह से ऑफिस सब प्रॉफिट का मामला बनता है। उन्होंने कहा कि चार वोटर कार्ड की जानकारी बाहर आने के बाद दो वोटर कार्ड को डिलीट कराया गया है। इसकी भी उन्होंने जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के गाइड लाइन के खिलाफ वर्तमान विधायक में अपने नॉमिनेशन पत्र में जानकारी छुपाने का किया काम किया है। उन्होंने जल्द से जल्द मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।



## पंचायत राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने किया ओकड़ा एवं डोड़मा पंचायत का औचक निरीक्षण

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पंचायत राज पदाधिकारी, खूँटी डॉ. शिशिर कुमार सिंह द्वारा खूँटी जिले के ग्राम पंचायत ओकड़ा एवं ग्राम पंचायत डोड़मा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ओकड़ा पंचायत भवन के निकट ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद किया गया। चौपाल के दौरान अजीत नाग नामक एक युवक द्वारा बताया गया कि वह अनाथ है और उसके सात भाई-बहन हैं। इस पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने पंचायत सचिव एवं सेविका को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर अजीत नाग का नाम मिशन वात्सल्य योजना में शामिल किया जाए। ऐसा नहीं होने की स्थिति में संबंधित कर्मियों पर आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। ओकड़ा पंचायत में स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाने हेतु 15 दिनों के भीतर पंचायत क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रज्ञा केन्द्र का संचालक अनुपस्थित पाए जाने पर उसे कार्यमुक्त करने हेतु डीपीएम, खूँटी को आवश्यक निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान उपस्थित स्थानीय युवाओं द्वारा बैट-बॉल एवं फुटबॉल की मांग की गई, जिस पर डॉ. सिंह ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तोरपा को उक्त खेल सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया। साथ ही पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत डोड़मा के निरीक्षण के दौरान एसेट रजिस्टर अनुपलब्ध पाया गया। इस पर संबंधित कर्मियों को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन रजिस्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।



# कच्चे तेल की कीमतें एक दिन में 4 फीसदी बढ़कर 65 डॉलर पार



## भारत में पेट्रोल खपत में 9 प्रतिशत उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्पादक समूह ओपेक और अन्य देशों द्वारा जुलाई में उत्पादन वृद्धि को पिछले दो महीनों के समान स्तर पर बनाए रखने के बाद सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें चार फीसदी बढ़कर 65 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। ब्रेंट क्रूड 2.28 डॉलर की तेजी के साथ 65.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 4.9 फीसदी बढ़कर 63.78 डॉलर पर पहुंच गया।

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों (ओपेक प्लस) ने शनिवार को जुलाई में लगातार तीसरे महीने 4.11 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया था। मॉर्गन स्टेनली ने कहा, अक्तूबर तक हर महीने 4.11 लाख बीपीडी की वृद्धि होगी और कुल 22 लाख बीपीडी हो जाएगी। ओनिक्स कैपिटल ग्रुप के विश्लेषक हैरी चिलिंगुइरियन ने लिंक्डइन पर लिखा, आगे चलकर तेल की कीमतों में ज्यादा तेजी आ सकती है।

### पेट्रोल मांग लगातार दूसरे माह बढ़ी, 9 फीसदी तेजी

वैश्विक रिपोर्ट से इतर भारत में गर्मियों में यात्रा बढ़ने से पेट्रोल की खपत में लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई है। मई में पेट्रोल की खपत 8.77 फीसदी बढ़कर 37 लाख टन हो गई। एक साल पहले 34.6 लाख टन थी। डीजल की बिक्री दो फीसदी बढ़कर 85.7 लाख टन हो गई। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में डीजल खपत 4 फीसदी बढ़कर 82.3 लाख टन रही थी। पिछले कुछ महीनों में डीजल की मांग घटी है।

## 3 महीने में 89 प्रतिशत चढ़ा शेयर, 300 करोड़ का फंड जुटाएगी कंपनी, आशीष कचौलिया ने भी लगाया है पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार में भी जिन कंपनियों के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है उसमें से मैन इंडस्ट्रीज एक है। कंपनी के शेयरों का भाव कल 7.94 प्रतिशत की उछाल के बाद 405.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। मार्केट के बंद होने के समय पर कंपनी के शेयर बीएसई में यह स्टॉक 7.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 403.15 रुपये के लेवल पर था। आशीष कचौलिया के निवेश वाली कंपनी ने 300 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। यह पैसा कंपनी प्रीफरेंशियल वार्टेंस के जरिए जुटाएगी। आज यानी मंगलवार को कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिली है। यह स्टॉक मंगलवार को 1 प्रतिशत से अधिक शुरुआती कारोबार में टूट गया।

**कंपनी में आशीष कचौलिया की हिस्सेदारी कितनी है-** दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया की इस कंपनी में कुल हिस्सेदारी 2.03 प्रतिशत है। वहीं, विकास विजयकुमार खेमानी के पास 2.44 प्रतिशत हिस्सा था। दोनों का मिलाकर कंपनी में 4.47 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। यह आंकड़ा 28 मई तक के शेयरहोल्डिंग के अनुसार है।

इलेक्ट्रिक कार योजना

## स्थानीय उत्पादन में निवेश के बदले घटाया गया आयात कर; विदेशी ईवी निर्माताओं को बड़ी राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार उन विदेशी वाहन निर्माता कंपनियों को आयात शुल्क (टैक्स) में राहत देगी, जो भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण में निवेश का वादा करेंगी। इसका मकसद देश में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना और वैश्विक कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित करना है। सरकार की नई ईवी नीति के मुताबिक, जो विदेशी वाहन निर्माता कंपनियां भारत में ईवी का संयंत्र लगाने के लिए कम से कम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी, उन्हें 8,000 ईवी सिर्फ 15 फीसदी टैक्स देकर भारत में मंगाने की इजाजत दी जाएगी। अभी इन वाहनों पर 70 से 100 फीसदी तक का टैक्स देना पड़ता है, लेकिन निवेश के बदले यह टैक्स घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, कंपनियों को मंजूरी मिलने के तीन साल के भीतर भारत में अपने ईवी संयंत्र की शुरुआत करनी होगी। साथ ही उन्हें वाहनों के विनिर्माण में निश्चित मात्रा में स्थानीय सामग्री का भी उपयोग करना होगा। यह शर्त भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत रखी गई है। सरकार ने सोमवार को इस योजना के नियम आधिकारिक रूप से जारी कर दिए हैं, जिससे अब इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनियां इसमें आवेदन कर सकेंगी। अधिकारियों के मुताबिक, आवेदन की प्रक्रिया अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकती है और यह कम से कम 120 दिनों तक खुली रहेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने पिछले साल 15 मार्च को यह योजना अधिसूचित की थी। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जो विदेशी कंपनियां भारत में 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी।

## डॉक्टरों को मुफ्त तोहफा देना जारी, अब दवा कंपनियों पर सख्ती की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की तरफ से डॉक्टरों को दी जो वाली मुफ्त सुविधाएं यानी उपहार दिए जाने को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उनसे पिछले एक साल में मार्केटिंग पर किए गए खर्च का ब्यौरा मांगा है। सरकार के इस कदम से फार्मा उद्योग उलझन में पड़ गया है।फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा मांगे गए डिटेल्स 31 जुलाई तक प्रस्तुत किए जाने हैं, ऐसा न करने पर दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**लागू होने जा रहा यूनिफॉर्म कोड-** केंद्र सरकार दवा कंपनियों की मार्केटिंग गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है, क्योंकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि ये कंपनियां डॉक्टरों को कई तरह की मुफ्त सुविधाएं देना जारी रखे हुए हैं, जबकि अनैतिक मार्केटिंग प्रथाओं पर लगाम लगाने के लिए फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिस के लिए यूनिफॉर्म कोड लागू होने जा रहा है।



**समयसीमा अब 31 जुलाई-** सरकार द्वारा सभी फार्मास्युटिकल एसोसिएशनों को 29 मई को एक पत्र जारी कर तय समय-सीमा के भीतर अनुपालन पूरा करने के लिए कहा गया है। भारतीय औषधि निर्माता संघ के महासचिव दारा पटेल ने कहा, फार्मास्युटिकल विभाग ने यूनिफॉर्म कोड फॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (यूसीपीएमपी) 2024 के तहत मार्केटिंग खर्च की सेल्फ डिक्लेरेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वित्त वर्ष 25 से संबंधित प्रस्तुतियां देने की समयसीमा अब 31 जुलाई है। स्व-घोषणा एक कानूनी वचन है, जिसे कंपनी मालिकों द्वारा सरकार को आश्वस्त करने के लिए दायर किया जाता है कि वे अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किसी भी अनैतिक मार्केटिंग प्रथाओं में लिप्त नहीं हैं। पटेल ने कहा कि यूसीपीएमपी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन से कंपनियों मार्केटिंग प्रैक्टिस में सतर्कता और पारदर्शिता की भावना पैदा हुई है, जो उद्योग के लिए अच्छा है। भारतीय फार्मास्युटिकल अलायंस के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, यह पहली बार है कि फार्मा कंपनियों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर अनुपालन किया जा रहा है।

## आपके लोन की किस्त हो सकती है धड़ाम, आरबीआई कर सकता है जंबो रेट कट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया शुक्रवार को 50 बेसिस पॉइंट्स की जंबो रेट कट कर सकता है। ये बात एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेडिट साइकल को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए केंद्रीय बैंक रीपो रेट में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है। सेंट्रल बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रीपो रेट) में 25




बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी, जिससे ये दर 6 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई की दरें तय करने वाली मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक 4 जून से शुरू होने जा रही है। एमपीसी शुक्रवार को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें जून की पॉलिसी में 50 बेसिस पॉइंट की दर में कमी की उम्मीद है। वहीं, कई अर्थशास्त्रियों ने सोमवार को उम्मीद जताई है कि चूंकि महंगाई 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। ऐसे में आरबीआई ग्रोथ को पुश देने के लिए लगातार तीसरी बार 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है।

# सिर्फ 1.85 लाख से शुरू किया ये काम अब 31 करोड़ का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रायपुर के मनीष मोहता लर्निंग स्पाइरल प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। यह एक एड-टेक कंपनी है। इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और एआई का इस्तेमाल करके यह असेसमेंट सॉल्यूशन प्रदान करती है। मनीष मोहता ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में अपने अंतिम वर्ष के दौरान लर्निंग स्पाइरल को लॉन्च किया। साल 2000 में उन्होंने सिर्फ 1.85 लाख रुपये के मामूली निवेश और तीन दोस्तों की मदद से इसकी शुरुआत की थी। आज लर्निंग स्पाइरल का टर्नओवर करीब 31 करोड़ रुपये है। यह कंपनी भारतीय रेलवे, ओडिशा पुलिस और जामिया मिलिया इस्लामिया जैसे बड़े क्लाइंटों को अपनी सेवाएं दे रही है। लर्निंग स्पाइरल परीक्षाओं को आसान बनाने और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने का काम करती है। आइए, यहां मनीष मोहता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे आया आइडिया-** इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में एग्जाम और प्रोजेक्ट के बीच संतुलन बनाना मुश्किल होता है। इसी दौरान रायपुर से ताल्लुक रखने वाले मनीष मोहता को एक आइडिया आया। उन्होंने लर्निंग स्पाइरल प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक एड-टेक कंपनी शुरू की। उनकी कंपनी परीक्षाओं को आसान बनाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करती है। यह कंपनी कॉलेजों और छात्रों को परीक्षा से जुड़े काम में मदद करती है। इनमें सॉफ्टवेयर



बनाना, पेपर छापना और परीक्षा को सही तरीके से करवाना जैसे काम शामिल हैं।

**ग्राहकों की लंबी फेहरिस्त-** रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित लर्निंग स्पाइरल मोहता ग्रुप ऑफ कंपनीज के तहत एक सहायक कंपनी है। यह भारतीय रेलवे, ओडिशा पुलिस, जामिया मिलिया इस्लामिया और पश्चिम बंगाल स्कूल बोर्ड जैसे प्रतिष्ठित ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। लर्निंग स्पाइरल देशभर में एंड-टू-एंड परीक्षा सेवाएं उपलब्ध कराती है। इसमें सॉफ्टवेयर समाधान, प्रबंधित सेवाएं, आउटसोर्स बिजनेस प्रोसेस, सिक्योरिटी प्रिंटिंग, प्रॉक्टरिंग और सप्लाई जैसी सेवाएं शामिल हैं। यह न केवल शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को सेवा देती है, बल्कि रिक्रूटर्स, भर्ती निकायों और अन्य मूल्यांकन निकायों को भी सेवा प्रदान करती है। लर्निंग स्पाइरल का मकसद मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है।

**आज करोड़ों का टर्नओवर-** मनीष मोहता ने इंजीनियरिंग के आखिरी साल में दोस्तों के साथ मिलकर जसि लर्निंग स्पाइरल को शुरू कयिा था, आज उसका टर्नओवर 31 करोड़ रुपये है। यह कंपनी परीक्षा से जुड़े कई काम करती है, जैसे सॉफ्टवेयर बनाना, पेपर छापना और परीक्षा को सही तरीके से करवाना। मनीष मोहता ने पाया कि जब वे परीक्षा दे रहे होते थे तो पढ़ाई नहीं हो पाती थी। सब लोग परीक्षा में व्यस्त रहते थे। दो सेमेस्टर होते थे और परीक्षा का समय बहुत लंबा होता था। लगभग पांच महीने सिर्फ परीक्षा में ही चले जाते थे। इस वजह से पढ़ाई के लिए समय कम मिलता था। वह इस समस्या को बदलना चाहते थे।

**शुरू में था परिवार को संदेह-** मनीष मोहता एक सफल बिजनेस परिवार से आते हैं। परिवार ने उनके स्टार्टअप का समर्थन किया। लेकिन, उन्हें इसकी सफलता पर थोड़ा संदेह था। परिवार को यह डर था कि क्या वह सही रास्ते पर हैं। शुरुआत में मनीष को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोगों को नई तकनीक अपनाने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन, जब लोगों ने देखा कि इससे फायदा हो रहा है तो उन्होंने इसे खुशी से अपना लिया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया उनके पहले क्लाइंटों में थे। इन विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने भी उनकी काफी मदद की। मनीष अब अपनी कंपनी को दूसरे देशों में भी ले जाना चाहते हैं। वह अगले कुछ सालों में अपनी कंपनी को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। वह हर साल 100 प्रतिशत विकास दर हासिल करना चाहते हैं।

## पावर कंपनी के आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, खुलते ही निवेशकों ने लूट लिए शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पावर सॉल्यूशन प्रोडक्ट्स निर्माता प्रोस्टारम इंफो सिस्टम्स का आईपीओ आज मंगलवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर शानदार लिस्टिंग हुई। कंपनी के शेयर बीएसई पर अपने आईपीओ प्राइस 105 रुपये के मुकाबले 19.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 125 रुपये पर लिस्ट हुए। वहीं, एनएसई पर यह शेयर 15 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 120 रुपये पर लिस्ट हुए। बता दें कि लिस्ट होने तुरंत बाद यह शेयर 4 प्रतिशत तक चढ़कर 130 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ मुनाफावसूली देखी गई।

**क्या है डिटेल-** पावर सॉल्यूशन कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन तक 97.20 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 168 करोड़ रुपये की ।

## इरेडा के 53.8 करोड़ शेयर हुए 'फ्री', कंपनी के शेयर करीब 2 प्रतिशत टूटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इरेडा के शेयरों की कीमतों में आज फिर से गिरावट दर्ज किया गया है। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में करीब 2 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। कंपनी के शेयरों में गिरावट की वजह 53.8 करोड़ शेयरों का लॉक इन पीरियड समाप्त होना है। जोकि कंपनी के 20 प्रतिशत हिस्सा के बराबर है। बता दें, यह शेयर अब ट्रेड किए जा सकते हैं। बीएसई में कंपनी का शेयर 176.40 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 176.40 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद यह स्टॉक 1.92 प्रतिशत की गिरावट के बाद 171.85 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।

**2025 में कंपनी के शेयर कर रहे संघर्ष-** इस साल इरेडा के शेयरों में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, इसके बाद भी इश्यू प्राइस से अबतक शेयरों में 5 गुना से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इरेडा के आईपीओ का इश्यू प्राइस 32 रुपये प्रति शेयर था। एक वक्त पर कंपनी के शेयर का भाव 310 रुपये प्रति शेयर था।

**इरेडा की आर्थिक स्थिति कैसी-** 15 अप्रैल को इरेडा ने तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट 501.55 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 337.39 करोड़ रुपये रहा था। एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में इरेडा का नेट प्रॉफिट 337.39 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, इरेडा का ऑपरेशन्स से रेवन्यू 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1905.06



करोड़ रुपये रहा था। इरेडा के एसेट मैनेजमेंट में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का नेट इंटरेस्ट इनकम 57 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें, इरेडा के शेयरों की कीमतों में 6 महीने के दौरान 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 9 प्रतिशत गिरा है।

हमारे बीच अच्छे संबंध होंगे, वाणिज्य मंत्री का बयान

# ट्रंप भारत का सम्मान करते हैं, तारीफ करते नहीं थकते

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा है कि भारत में जोश और महत्वाकांक्षा है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था हमेशा फलती-फूलती रहेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की गहरी प्रशंसा और सम्मान करते हैं। दोनों देशों के बीच एक दूसरे के साथ बेहतरीन संबंध बनने जा रहे हैं। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि भारत सबसे असाधारण अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा, एक असाधारण अर्थव्यवस्था बनाने की कुंजी लोगों का दृढ़ संकल्प है। आपके लोग व्यवसाय में होने के बारे में कितना चिंतित हैं वे कितने उद्यमी हैं वे अपने परिवारों के लिए बेहतर बनने के लिए कितना प्रयास करते हैं मैं भारत के बारे में जो जानता हूं, उसके हिसाब से भारत की मुख्य आबादी में वह प्रेरणा और महत्वाकांक्षा है। यही कारण है कि भारतीय अर्थव्यवस्था हमेशा बढ़ती रहेगी और फलती-फूलती रहेगी, क्योंकि इसमें वह आधार है। इसलिए आप भारत में ऐसे काम कर सकते हैं जो कई अन्य देश नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका पहले के बारे में सोचते हैं, लेकिन वे केवल अमेरिका या सिर्फ और सिर्फ अमेरिका के बारे में नहीं सोचते। ल्यूटनिक ने कहा, सबसे पहले उन्हें अपने देश का ख्याल रखना है, ताकि हम बड़े और मजबूत हों, लेकिन फिर वे अपने सहयोगियों का ख्याल रखेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि वे भारत का ख्याल



रखें, जिसकी वे गहराई से प्रशंसा करते हैं और सम्मान करते हैं। हम एक साथ बहुत अच्छे संबंध बनाने जा रहे हैं।

### ट्रंप गोल्ड कार्ड

अमेरिका में चल रही वीजा और आव्रजन चर्चाओं को लेकर भारतीय प्रतिभाओं पर एक सवाल का जवाब देते हुए ल्यूटनिक ने कहा कि अमेरिका में भारतीय उद्यमियों की सफलता, भारतीय राष्ट्रीयता के व्यक्ति अमेरिका की कई महान कंपनियों का नेतृत्व और संचालन कर रहे हैं, क्योंकि वे शानदार उद्यमी, शानदार व्यवसायी, स्मार्ट, विचारशील, हर तरह से शिक्षित हैं। मुझे लगता है कि अमेरिका के लिए आव्रजन का सामान्य मार्ग बदल रहा है। ट्रंप कार्ड सामने आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप कार्ड लोगों के लिए अमेरिका आने की क्षमता रखने के लिए वास्तव में एक बड़ा अवसर पैदा करेगा।

उनका इशारा ग्रीन कार्ड की तर्ज पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रंप गोल्ड कार्ड की ओर था, जो विदेशियों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने की प्रक्रिया को तेज करेगा। ल्यूटनिक ने कहा कि उन्हें लगता है कि हम भारत में अविश्वसनीय रूप से सफल होने जा रहे हैं। इसलिए जब लोग मुझसे पूछते हैं कि आप भारत कब आ रहे हैं तो मैं कहता हूं, जब मैं ट्रंप कार्ड लॉन्च करूंगा, तो मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं भारत आऊंगा।

उन्होंने कहा कि लोगों के लिए दो अर्थव्यवस्थाओं भारतीय और अमेरिकी का हिस्सा बनने का यह एक शानदार अवसर है। लोग अमेरिका आकर अमेरिका में भाग ले सकेंगे। आप ग्रीन कार्ड धारक की तरह बन सकते हैं, इसके बराबर यह ट्रंप गोल्ड कार्ड है। आप इसे इस तरह से कर सकते हैं और वैश्विक कर का भुगतान कर सकते हैं या आप सब कुछ वैसे ही रख सकते हैं, जैसे वह है और केवल अमेरिकी परिसंपत्तियों पर अमेरिकी कर का भुगतान कर सकते हैं। आप अपनी वैश्विक परिसंपत्तियों पर कुछ भी नहीं देते हैं और कोई विरासत कर नहीं देते हैं, और इस तरह की कोई भी चीज़ भी नहीं।

### भारत में विनिर्माण पर कही यह बात

इस सवाल के जवाब में कि क्या अमेरिका भारत में अधिक विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए और अधिक काम करेगा लुटनिक ने कहा कि अमेरिका उन्नत विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाना चाहता है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण औद्योगिक मंच है, जिससे घरेलू विनिर्माण को वापस लाया जा सके और अमेरिका में पुन :स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से उत्पाद वर्ग हैं, जिनके उत्पादन के लिए हमें भारत से बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि एक व्यापार समझौता होगा, जिसमें कहा जाएगा कि कुछ प्रकार के उद्योगों का उत्पादन भारत के लिए बहुत अच्छा होगा। वास्तव में ऐसे बहुत से उद्योग हैं, जिन्हें हम वास्तव में भारत में लाना चाहेंगे। बात यह है कि आप एक ऐसा व्यापार सौदा बनाते हैं जो भारत को एक खास स्थिति में रखता है, क्योंकि इसका अमेरिका और कुछ उद्योगों के साथ एक विशेष संबंध होगा। इसका दुनिया के अधिकांश अन्य देशों की तुलना में बेहतर टैरिफ संबंध होगा। जिसका अर्थ है कि भारत उन प्रकार के उत्पादों का लाभार्थी होगा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 03-06-2025 21:31 Page 1



# दामोदर में बहे दो चचेरे भाईयों के शव बरामद

- रविवार को तेज बहाव में पांच दोस्त बह गये थे
- दोनों की एक साथ उठी अर्थी, मचा कोहराम
- तीन दोस्तों को स्थानीय लोगों ने बचाया था
- दोनों की मां मंदिर में करती रही मन्नतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। सुदामडीह थाना क्षेत्र के बिरसा पुल समीप मोहलबनी घाट पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें पांच दोस्त पानी के तेज बहाव में बह गए थे।

तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने किसी तरह बचा लिया। लेकिन दो युवक पानी के बहाव में बहकर डूब गए। दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई।

दोनों युवकों की पहचान कांड्रा के चुकड़ीपाड़ा बस्ती निवासी सेल कर्मी दयानंद मल्लिक का इकलौता पुत्र 21 वर्षीय अविनाश मल्लिक उर्फ राहुल और रेल कर्मी दुर्गा मल्लिक का इकलौता पुत्र शिवम मल्लिक के रूप में हुआ था।

दामोदर नदी में डूबे दूसरे युवक शिवम का शव सोमवार की सुबह सवा नौ बजे दामोदर नदी से निकाला गया। जिसके बाद स्वजन के रुदन क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, स्वजन व ग्रामीणों के लिखित आग्रह पर पुलिस ने शव को स्वजन को सौंप दिया।

रविवार को पांच दोस्त सुरुंगा निवासी दिवस कुंभकार, सुमित कुंभकार, कांड्रा निवासी प्रोमित सिंह, अविनाश मल्लिक उर्फ राहुल व शिवम मल्लिक दामोदर नदी में स्नान करने गए थे। इस दौरान नदी के तेज बहाव में अविनाश व शिवम बह गया।

स्थानीय लोगों ने तीन युवकों को बचा लिया। जबकि अविनाश मल्लिक का शव तीन घंटे बाद सितानाला दामोदर नदी घाट से बरामद हुआ। शिवम मल्लिक की तलाश जारी रही। लेकिन रात तक उनका कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ विरोध जताया व सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम हटाया। बोकारो के खेतको पेटरवार से गोताखोर की आई टीम ने नदी में लाइट लगाकर खोजबीन की। लेकिन रात के अंधेरे के कारण प्रयास असफल रहा।

सोमवार की सुबह पांच बजे से पेटरवार के गोताखोरों ने ऑक्सीजन की मदद से नदी में उतरे। घंटों खोजबीन की। किंतु शिवम का कोई आता पता नहीं चला। तभी एनडीआरएफ की टीम सितानाला घाट पहुंची।

घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद टीम नदी में खोजबीन के लिए तैयारी ही शुरू किया था कि सुबह करीब सवा नौ बजे बिरसा पुल पर खड़े लोगों ने नदी में शिवम मल्लिक का शव देखा और शोर मचाया।



लोगों ने मिलकर शव को नदी से बाहर निकाला। जिसे एनडीआरएफ की टीम ने बैग में सुरक्षित भरकर स्ट्रेचर से बाहर ले गए। पुलिस ने शव को जामाडोबा टाटा अस्पताल ले गए। जहां स्वजन व ग्रामीणों के आग्रह पर शव उन्हें सौंप दिया गया। दोनों भाइयों का शव पहुंचते ही कांड्रा बस्ती में कोहराम मच गया। स्वजनों के रुदन क्रंदन से हर आंखें नम हो गई। दोनों भाई हमेशा एक दोस्त की तरह रहते थे। दोनों का एक साथ घर से अर्थी उठी।

अंतिम संस्कार एक साथ चासनाला फिल्टर प्लांट समीप दामोदर नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पिता फूलचंद्र मल्लिक उर्फ फुचू ने दी। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

यह हादसा नदी में स्नान के दौरान लापरवाही व तेज बहाव के खतरों को उजागर करता है। स्थानीय प्रशासन व पुलिस को इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

शिवम की मां पिंकी देवी बेटे की सलामती की आस लिए दामोदर नदी व श्मशान काली मां के सामने हाथ जोड़ खड़ी थी। साथ थी अविनाश की मां चंपा देवी व बड़ी मां रूमा देवी। महिलाएं मंदिर में आंखों में चिंता, आंसू, होठों पर बुदबुदाते हुए मंत्र, हाथ जोड़कर प्रार्थना करती रही। शायद सुबह कुछ अच्छा संदेश लेकर आएगा। सोमवार की सुबह महिलाएं दामोदर में स्नान करती हैं फिर श्मशान काली के दरबार जाती है। फिर से वही अरजियां, वही उम्मीदङ्ग हे मां, मेरे लाल की रक्षा करना। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही बेटे का शव देखा सबकुछ टूट गया।

मां, पिता, बड़े पापा, बड़ी मां... हर किसी की आंखों से बहते आंसुओं में बसी थी एक ही चीख हमारा बेटाङ्ग! एक मां की मन्नत अधूरी रह गई। एक घर का चिराग बुझ गया।

# दिनदहाड़े पिस्तौल की बट से मारकर किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राजधानी रांची में जोनल आईजी एवं डीआईजी ने अपने क्षेत्राधिकार के सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ सोमवार को बैठक कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक में दोनों अफसर पुलिस अधीक्षकों को स्थिति में सुधार लाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने का आदेश दे रहे थे।

इसी बीच शाम चार बजे के लगभग रांची-खूंटी जिले की सीमा पर स्थित खूंटी थाना क्षेत्र के अकता गांव में बाइक सवार चार युवकों ने पिपरा टोली निवासी अरशद पर पिस्टल तान दी।

पिस्टल के बट से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। अरशद के साथ बाइक पर सवार युवक इलाज के लिए उसे खूंटी ले गए। मामले का वीडियो वायरल होते ही खूंटी पुलिस अकता गांव पहुंची और लोगों से पूछताछ करके चली गई।

घटना की सूचना पाकर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा, तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल कुमार महतो सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

खूंटी क्षेत्र का मामला होने के कारण खूंटी थाने में मामला चला गया। वहीं, हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा एवं तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल कुमार महतो ने अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद उस क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की बात कही, ताकि अपराधियों पर अंकुश लगाई जा सके।

दिनदहाड़े बीच गांव में अपराधियों द्वारा पिस्तौल लहराने और फायरिंग करने से ग्रामीण सहमे हुए हैं। वे कुछ भी बताने से हिचक रहे हैं। खूंटी थाना क्षेत्र के पिपरा टोली निवासी अरशद नाम के युवक पर अकता गांव में अपराधियों ने फायरिंग की है। उसे घायल भी कर दिया है।

# आपसी विवाद के समय घर में हुआ जोरदार विस्फोट

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अलकडीहा**। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भागा बाजार आरा पट्टी मोहल्ले में सोमवार की सुबह इरफान अहमद उर्फ शेरू व उसके रिश्तेदार के बीच चल रही पारिवारिक विवाद को लेकर उसके घर में जोरदार विस्फोट के साथ घर में आग लग गई।

जिसमें इरफान के घर का सामान जलकर राख हो गया। वहीं, घर में लगी आग की चपेट में आने से इरफान के बगल में रह रहे भाई अफरोज कुरैशी की 13 वर्षीय पुत्री सुहाना परवीन घायल हो गई।

वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने एक घंटे की मशक्कत कर घर में लगी आग को पानी से बुझाया। हालांकि, स्थानीय लोगों द्वारा विस्फोट की आवाज को बम विस्फोट होने की बात कही जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही जोड़ापोखर पुलिस मौके पर पहुंची। घर में विस्फोट कैसे हुई पुलिस इसका पता कर रही है। वहीं, पुलिस ने आग में जली वस्तुओं के अवशेष लेकर मामले की जांच में जुट गई है।

घटना को लेकर इरफान अहमद ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत कर अपने चचेरे भाई बयांम कुरैशी, उसका पुत्र अफजल कुरैशी, उसकी पत्नी यास्मीन खातून पर पैतृक संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से उसकी हत्या करने की साजिश रचकर उसके घर में आग लगाने का आरोप लगाया है।

वहीं, इरफान का चचेरे भाइयों बयांम कुरैशी, अफरोज व फिरोज सहित स्वजन ने इरफान पर आपराधिक छवि के होने के बल पर घर के लोगों को डराने धमकाने व अपने घर को खुद से बम विस्फोट कर आग लगाने की घटना को अंजाम देने व झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है।

घटना को लेकर लोगों ने बताया कि सुबह इरफान दो लोगों को लेकर अपने घर भागा में आया था। इरफान के साथ आए दोनों लोगों के हाथ में थैला था, जिसके साथ अपने घर का ताला खोलकर इरफान दोनों लोगों के साथ छत पर चला गया। इस दौरान घर में जोरदार विस्फोट के साथ घर में आग लग गई।

घटना को देख इरफान अपने दोनों साथियों के साथ छत पर से कूदकर भाग गया। इरफान अहमद ने कहा कि हमारे चचेरा भाई बयांम कुरैशी उसकी लाखों की पैतृक संपत्ति को हड़पना चाहता है। जिसके चलते उसके खिलाफ वह लोग तरह तरह के षडयंत्र करते रहते है। पुलिस मामले की जांच करे तो घटना का खुलासा हो जाएगा।

## राजधानी एक्सप्रेस में जुड़ा अतिरिक्त कोच

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)**। गर्मी की छुट्टियों में लंबी वेटिंग लिस्ट का सामना कर रहे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धनबाद-गोमो-कोडरमा-गया मार्ग पर चलने वाली वीवीआईपी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की शुरूआत कर दी है। इसके अलावा धनबाद से जम्मू, चंडीगढ़ और कोयंबटूर के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों में रविवार को सेकंड एसी का अतिरिक्त डिब्बा जोड़ा गया, जिससे यात्रियों को प्रतीक्षा सूची से बाहर आने का मौका मिला। सोमवार से भी यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। यह कदम विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए राहत बनकर आया है जो महीनों पहले टिकट बुक कराने के बावजूद वेटिंग में थे।

तेजस राजधानी समेत कई महत्वपूर्ण राजधानी ट्रेनों में कोच जोड़े जाने से धनबाद, गोमो, कोडरमा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर चढ़ने-उतरने वाले यात्रियों को विशेष लाभ होगा। रेलवे की इस पहल से हावड़ा, नई दिल्ली व भुवनेश्वर की यात्रा करने वालों को सीधा लाभ मिलेगा।

# सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर पर जल्द दौड़ेंगी गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का उद्घाटन जल्द हो सकता है। इसे लेकर पथ निर्माण विभाग और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच मंथन जारी है। उद्घाटन की तिथि 8 जून और 14 जून बताई जा रही है। ये बातें सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के निर्माण में जुड़े इंजीनियरों ने बताई हैं।

इंजीनियरों ने कहा कि फ्लाईओवर का काम पूरा कर लिया गया है। इसमें गाड़ियों के दौड़ने का इंतजार है। फ्लाईओवर के निर्माण में लगभग 372 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसे 372 करोड़ की लागत से 2.34 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।

इससे अब सिरमटोली से डोरंडा पहुंचने वाले राहगीरों को फायदा पहुंचेगा। साथ ही जाम की समस्या में कमी आएगी। 20 मिनट का सफर तीन से चार मिनट में ही पूरा हो जाएगा। फ्लाईओवर का निर्माण अगस्त 2022 में शुरू किया गया था, जिसे जून में पूरा कर लिया गया।



सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसमें सभी तकनीकी पहलुओं की जांच पूरी कर ली गई है। अब इसके उद्घाटन की तैयारी जारी है। पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने बताया कि पटेल चौक और निवारणपुर में सर्विस रोड का काम जारी है, इसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जबकि फ्लाईओवर में सभी काम पूरे कर लिए गए हैं।

साइन एज, स्ट्रीट लाइट, रंग-रोगन, स्टेड ब्रिज, ज्वाइंट, जर्क, सेफ्टी, रैंप, डिवाइडर का काम भी हो चुका है। काम पूरा देखकर लोग कई बार ब्रिज में अपने वाहन तक चढ़ा रहे हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोक लिया जा रहा है।

सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के उद्घाटन से पूर्व हुए विवाद से पूरा विभाग अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से संभावना जताई जा रही है कि सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का उद्घाटन से पूर्व आदिवासी संगठनों की ओर से विरोध हो सकता है।

इसे लेकर सरकार की ओर से सिरमटोली की ओर पूरे क्षेत्र को पुलिस की छावनी में तब्दील कर दिया गया है। वहीं, रोजाना दो दर्जन से अधिक पुलिस के जवान सिरमटोली के पास दिन-रात ड्यूटी पर तैनात हैं।

# आयुष्मान कार्ड का दुरूपयोग कतई बर्दाश्त नहीं : मंत्री

- राज्य की स्वास्थ्य स्थिति में हो रहा लगातार सुधार
- रिम्स-2 का निर्माण जल्द शुरू होगा
- झारखण्ड के 212 अस्पतालों की चल रही जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने साफ कहा है कि झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत होने वाले किसी भी तरह के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ अस्पताल योजना का गलत इस्तेमाल कर मरीजों को लाभ से वंचित कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

मंत्री ने यह बात मंगलवार को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित कॉन्क्लेव में कही। यह सम्मेलन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अस्पतालों के बकाया भुगतान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया गया था। इसमें राज्य भर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक और डॉक्टर शामिल हुए।

डॉ. अंसारी ने बताया कि राज्य में रिम्स-2 का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। अगले दो वर्षों में यह आधुनिक अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा।

यह झारखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने दो टूक कहा कि ह्लस्वास्थ्य सेवा है, व्यापार नहीं। कुछ अस्पताल आयुष्मान कार्ड से पैसा तो निकाल लेते हैं लेकिन मरीजों को इलाज दिए बिना रिम्स रेफर कर देते हैं। यह गलत है और इसे सहन नहीं किया जाएगा।ह्व उन्होंने कहा कि योजना का लाभ सही मरीजों तक पहुँचना चाहिए।

डॉ. अंसारी ने अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और विभाग को निर्देश दिया कि सभी लंबित बकाया बिलों का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच की जा रही है, जिससे कुछ देरी हुई है। इसके अलावा 350 अस्पतालों के बिल नई पोर्टल प्रणाली में तकनीकी दिक्कतों के कारण अटके हैं, जिन्हें जल्दी ही सुलझा लिया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से कम है। उन्होंने बताया कि राज्य में फिलहाल सरकारी और निजी मिलाकर लगभग 15,500 बेड उपलब्ध हैं और हर साल 2,000 से 3,000 नए बेड जोड़े जा रहे हैं।

सरकार का लक्ष्य एक लाख बेड की व्यवस्था करना है। एनएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि राज्य में 85% लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है। झारखंड पहला राज्य है जहां सरकारी कर्मचारियों को असीमित बीमा कवर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत योजना मिलकर झारखंड के लोगों को मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा दे रही हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**धनबाद**। धनबाद सदर थाना के बेकार बांध तालाब के पास सड़क दुर्घटना में लेबर कोर्ट के पेशकार कृष्णा महतो की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। मेडिकल कॉलेज में पत्नी रंभा देवी और बेटी निकिता और बेटा धीरज महतो का इलाज हो रहा है। बताया जाता है रांची अपने घर से कृष्णा महतो परिवार के साथ कर से धनबाद आ रहे थे। बेकार बांध के पास तभी तेज रफ्तार टेंपो सामने आ गई। जिसे बचाने के क्रम में कृष्णा महतो की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कृष्णा महतो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी और दो बच्चों का पैर टूट गया। सूचना मिलने पर डालसा रमेश कुमार मौके पर पहुंचे और सभी को अस्पताल ले गए।

बताया जा रहा है पत्नी और दो बच्चों की स्थिति भी गंभीर है, सभी के पैर टूट गए हैं। मेडिकल कॉलेज में कच्चा प्लास्टर लगाया गया है। सभी को रांची रेफर करने की तैयारी चिकित्सक कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की भेजी गयी राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को अप्रैल माह की राशि मिलेगी। इस बार योजना के लाभुकों के आधार लिंक बैंक खातों में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गई है।

इससे पलामू जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 3,49,080 लाभुक लाभान्वित होंगे। पूर्व में लाभुकों द्वारा दिए गए बैंक खातों में योजना की राशि दी जाती थी।

बीते मार्च माह में पलामू जिले के 3,53, 836 लाभुकों के बैंक खाता में योजना की राशि भेजी गई थी। इसमें 2,58,301 लाभुक के बैंक खाता आधार से लिंक थे।

जबकि 95,535 लाभुकों के बैंक खाता आधार से लिंक नहीं थे। सरकार के नए निर्देश के अनुसार, मंईयां सम्मान योजना की राशि के लिए आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराना अनिवार्य हो गया है। इसके आलोक में अभियान

**2,58,301 लाभुकों के बैंक खाते आधार से लिंक जबकि जबकि 95,535 खाते नहीं थे लिंक**

चलाकर लाभुकों का आधार सीडिंग कराया गया।

बीते मई माह में राज्य सरकार ने पलामू जिले के मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बीते पांच अरब 59 करोड़ 50 लाख रुपये आवंटित कर दिया था। लेकिन सरकार ने मई माह के अंत में अप्रैल माह की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया था लेकिन 31 मई को माह का अंतिम शनिवार होने के कारण बैंक के बंद रहने से लाभुकों के बैंक खाता में राशि नहीं भेजी जा सकी। जिस कारण दो जून को लाभुकों के बैंक खाता में राशि भेज दी गई है।

# अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को मिली 24 घंटे की चेतावनी

## गरजेगा प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरैयाहाट (दुमका)**। सरैयाहाट मुख्य सड़क एवं सर्विस रोड के किनारे स्थानीय दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से आमजनों को हो रही परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीओ राहुल कुमार शानू एवं थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने दुकानदारों को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। कहा है कि दो दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानदारी चला रहे हैं वह अविलंब अतिक्रमण हटा लें।

सीओ ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के अंदर सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन खुद जेसीबी लगाकर अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई करेगा। दरअसल, दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने एवं सर्विस सड़क पर दुकान बना लेने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण करने से सड़क शकरी गली में तब्दील हो चुका है। इससे वाहन तो दूर आम लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है।

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का इतना मन बढ़ा हुआ है कि मुख्य चौक स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर को अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। इसकी वजह से आमजनों के साथ बस से सफर करने वाले उन यात्रियों भी परेशानी होती है जो बस के इंतजार में मंदिर परिसर में खड़े रहते हैं।



यात्री शेड नहीं रहने के कारण यात्रियों को एक मात्र मंदिर परिसर ही बसेरा है। उसे भी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर छीन लिया है। कई दुकानदार तो अपनी दुकान के सामने सर्विस सड़क पर गुमटी बनाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तो सप्ताह में दो दिन लगने वाली हटिया के दिन होती है।

इस दिन लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान यदि कोई वाहन गुजरता है तो घंटों सड़क जाम हो जाता है। इतना ही नहीं, इसको लेकर कभी कभी तो दुकानदार एवं आम लोगों में झगड़ा भी हो जाता है। दुकानदारों का इतना मनोबल बढ़ा हुआ है कि किसी की नहीं सुनते हैं।

# मधुपुर को जल्द मिलेगी लंबी दूरी की ट्रेनों की सौगात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुपुर**। आसनसोल रेल मंडल का मधुपुर स्टेशन बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से गिरिडीह जिले जाने के लिए अंग्रेजों के जमाने से सवारी ट्रेन चल रही है। इस स्टेशन में यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कोच वाशिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है।

यहां पर फिलहाल ट्रेनों की धुलाई का काम शुरू हो गया है। जसीडीह पुणे, वास्कोडिगामा, हम सफर, मधुपुर गिरिडीह समेत कई ट्रेनों की धुलाई का काम रेलवे ने शुरू कर दिया है। मगर वॉशिंग पिट परिसर में बहुत सारा काम अभी बाकी है। फिलहाल वॉशिंग पिट के अलावा बिजली सब स्टेशन, प्रशासनिक भवन, कंप्रेसर रूम, पानी आपूर्ति आदि का काम पूरा हो चुका हैं।

वर्तमान में एसी कोच में कपड़ा, चादर तौलिया की सफाई के लिए लाउंड्री भवन का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा परिसर में सड़क का निर्माण का कार्य जारी है। सभी कार्य पूर्ण होने पर वॉशिंग पिट को अस्थाई रूप से चालू कर दिया जाएगा। फिलहाल रेलवे सिर्फ ट्रेन के धुलाई का काम चालू कर दिया है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, वॉशिंग पिट चालू हो जाने से रेलवे रेल यात्रियों को यहां कई सौगात अब मिलने वाली है। मधुपुर से अब लंबी दूरी की ट्रेन को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस परियोजनाओं का उद्देश्य महत्वपूर्ण रेलवे संचालन को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर स्टेशन की क्षमता को बढ़ाना है।

जसीडीह और इसके आस-पास के क्षेत्र से खुलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के रखरखाव को सुव्यवस्थित करने के लिए मधुपुर स्टेशन पर एक अत्याधुनिक कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। यह स्थानीय स्तर पर ट्रेन रखरखाव को संभालने में सक्षम बनाएगा, जिससे अन्य हब पर निर्भरता कम होगी और समय की पाबंदी में सुधार होगा।

# राहुल गांधी ने याचिका दाखिल कर दी गैरजमानती वारंट को चुनौती

## पहले से लंबित है उपस्थिति से छूट की याचिका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चाईबासा की एमपी-एमएलए विशेष अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट को चुनौती दी है। कोर्ट ने उन्हें 26 जून 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। राहुल गांधी की ओर से इस वारंट को निरस्त करने की मांग की गई है।

झारखंड के चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए आदेश दिया कि उन्हें 26 जून को कोर्ट में पेश होना होगा। यह मामला वर्ष 2018 में चाईबासा में आयोजित एक रैली के दौरान कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस टिप्पणी के आधार पर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा सीजेएम कोर्ट में जुलाई 2018 में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में चाईबासा कोर्ट ने पहले भी कई बार समन भेजा, लेकिन राहुल गांधी अदालत में पेश नहीं हुए। अंततः कोर्ट ने 24 मई 2025 को गैर-जमानती वारंट जारी किया और 26 जून को अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

राहुल गांधी ने इस मामले में पहले ही झारखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर चाईबासा कोर्ट में उपस्थिति से छूट मांगी थी, जो अभी विचाराधीन है। बावजूद इसके निचली अदालत ने वारंट जारी कर दिया। अब राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट में वारंट को रद्द करने की अपील की है। झारखंड हाईकोर्ट में फिलहाल ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है, जिसके चलते इस याचिका पर तुरंत सुनवाई नहीं हो सकी है। राहुल गांधी की ओर से आग्रह किया गया है कि अदालत इस मामले में जल्द सुनवाई कर वारंट रद्द करे।

राहुल गांधी ने 28 मार्च 2018 को कांग्रेस अधिवेशन में एक भाषण के दौरान भाजपा और तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में मानहानि का केस दायर किया था। अब यह मामला राजनीतिक और कानूनी दोनों मोर्चों पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

CMYK

# 5 जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक इवेंट

## दुनिया के 12 बड़े खिलाड़ी फेंकेंगे भाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी. आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की. भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने इस इवेंट को स्थगित कर दिया गया था. भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी. इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है. इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है. श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे. इनमें दुनिया के 7 सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित 5 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं. चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), केन्या के 2015 के विश्व चैम्पियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन (84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज (85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं. विश्व एथलेटिक्स से श्रेणी ए का दर्जा प्राप्त इस प्रतियोगिता का आयोजन पहले पंचकूला में होना था, लेकिन सीधे प्रसारण के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण इसकी मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई.

आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी. इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं. थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में उपलब्ध है.




# आखिरी गेंद पर बल्लेबाज हो गया रनआउट

## फिर भी जीत गई टीम, हुआ करिश्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 2023-27 के शानदार मैच में नेपाल ने स्कॉटलैंड को 1 विकेट से हराया. इस मैच में नेपाल की ओर से बेहतरीन खिलाड़ी करण के.सी. ने धमाकेदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. करण के.सी. ने सिर्फ बल्ले से ही नहीं बल्कि गेंदबाजी से भी फैंस का दिल जीत लिया. वहीं मैच की आखिरी गेंद पर कुछ ऐसा हुआ जिसको देख सभी फैंस हैरान रह गए.




### करण के.सी. ने की बेहतरीन गेंदबाजी

इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 296 रन बनाए. टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज चार्ली टीयर ने 80 रन की पारी खेली जबकि फिनले मैक्रेथ ने 55 रन का योगदान दिया. चार्ली टीयर ने अपनी 80 रन की पारी के दौरान 12 चौके और एक छक्का जड़ा. कप्तान रिची बैरिंगटन ने 40 रन बनाए. नेपाल की ओर से करण के.सी. ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 43 रन देकर दो विकेट हासिल किए. उन्होंने इस मैच में स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन को आउट किया जबकि चार्ली टीयर को भी नेपाल के गेंदबाज ने वापस पवेलियन की राह दिखाई.

### आखिरी गेंद पर नेपाल ने जीता मैच

बता दें कि, आखिरी गेंद पर नेपाल को 1 रन की जरूरत थी. स्कॉटलैंड के स्पिनर मार्क वॉट ने वाइड गेंद फेंकी जिसपर नेपाल का बल्लेबाज रनआउट तो हो गए लेकिन अंपायर का फैसला देखने के बाद नेपाल टीम उत्साहित हो गई. अंपायर ने वाइड का फैसला दिया और नेपाल ने मुकाबले को 1 विकेट से जीता क्यूंकि उन्हें 1 रन की ही जरूरत थी जो उन्हें वाइड से मिल गया.

### करण के.सी. ने बल्ले से भी दिखाया कमाल

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल टीम ने एक समय 192 रन पर 7 विकेट खो दिए थे. हालांकि, करण के.सी. ने गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी कमाल दिखाया और अपनी टीम के लिए 41 गेंद पर 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से 65* रन की बहुमूल्य पारी खेली. करण के.सी. ने पहले गुलशन झा के साथ आठवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की. गुलशन झा ने इस मैच में 42 रन का योगदान दिया. इसके अलावा उन्होंने संदीप लामिछाने के साथ मिलकर 9वें विकेट के लिए 38 रन जोड़े. करण ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए फैंस का दिल जीत लिया. नेपाल की ओर से कुशल भूर्तल ने 53 रन की पारी खेली जबकि कप्तान रोहित पौडेल ने 37 रन बनाए.

# भारत में हुआ जन्म, फिर छोड़ा देश, अब न्यूजीलैंड ने दिया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2025-26 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है. इस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में कई नए चेहरे भी देखने को मिले हैं. इसमें भारतीय मूल के खिलाड़ी आदि अशोक भी शामिल हैं. आदि अशोक न्यूजीलैंड की ओर से अपना इंटरनेशनल डेब्यू कर चुके हैं. उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक सिर्फ 3 ही इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं.




इस युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड टीम की ओर से अभी तक दो वनडे और एक टी20 मैच खेला है. आदि अशोक ने दो वनडे मैच में 10 रन बनाए हैं जबकि उन्होंने एक विकेट भी झटका है. टी20 फॉर्मेट की बात की जाए तो इस युवा खिलाड़ी ने एक मैच में 28 के औसत से एक विकेट झटका है.

न्यूजीलैंड ने इस साल के कॉन्ट्रैक्ट में 4 नए प्लेयर्स को शामिल किया गया है. आदि अशोक के अलावा इस सूची में मिच हे, मुहम्मद अब्बास और जक फोल्क्स भी शामिल हैं. इस बार की 20 खिलाड़ियों की सूची में पिछले सीजन के चार कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ी टिम साउदी, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन शामिल नहीं हैं.

# वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा आईपीएल का बड़ा अवॉर्ड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का अब अंत होने जा रहा है. इस सीजन में कई युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. हालांकि, बिहार के 14 साल के सनसनीखेज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा, वह इस बार सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे. राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव अब आईपीएल 2025 के जमकर रन बनाए. वह बड़े-बड़े गेंदबाजों पर भारी पड़े. अब वह आईपीएल का एक बड़ा अवॉर्ड जीतने की रेस में भी हैं.

बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव में 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है. सिर्फ 14 साल की उम्र में, वैभव ने न केवल आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड बनाया, बल्कि टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. 19 अप्रैल 2025 को, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 14 साल और 23 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए, वैभव ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपनी आक्रामक शैली का परिचय दिया.




इसके बाद, 28 अप्रैल 2025 को गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने 38 गेंदों में 101 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 छक्के और 7 चौके शामिल थे. यह शतक केवल 35 गेंदों में आया, जो आईपीएल में क्रिस गेल के 30 गेंदों के शतक के बाद दूसरा सबसे तेज शतक है और किसी भारतीय की ओर से सबसे तेज शतक है. इस पारी ने वैभव को रातोंरात स्टार बना दिया और सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांधे गए. वह अब आईपीएल का इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड जीतने के सबसे बड़े दावेदारों में से एक हैं.

### किसे दिया जाता है इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड?

आईपीएल का इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड उन युवा खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिनका जन्म 1 अप्रैल 1999 या उसके बाद हुआ हो, 5 टेस्ट या 20 वनडे से ज्यादा न खेले हों, सीजन शुरू होने से पहले 25 से कम आईपीएल मैच खेले हों और पहले यह अवॉर्ड न जीता हो. वैभव इन सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं. इस सीजन में उन्होंने 7 पारियों में 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है, और उनका स्ट्राइक रेट 206.55 रहा. हालांकि, इस अवॉर्ड की रेस में एक बड़ा नाम साई सुदर्शन का भी है. उन्होंने इस सीजन 15 मैचों में 759 रन बनाए हैं और वह ऑरेंज कैप जीतने की रेस में भी सबसे आगे हैं.

# केन विलियमसन ने फिर से ठुकराया केंद्रीय अनुबंध, पहले भी कर चुके हैं ऐसा

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और संभवतः अगले महीने जिम्बाब्वे के दो टेस्ट मैचों के लिए ब्लैक कैप्स के दौरे से चूक जाएंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करने का फैसला किया था, ताकि वे टी20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र रह सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट मैचों में से 9 में खेले जिसमें उन्होंने 1,000 से अधिक रन बनाए।



विलियमसन मंगलवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में अनुपस्थित थे। डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी थे जो विदेशों में टी20 लीग में खेल रहे हैं। उनसे फिर से एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास और जैक फाउलकेस, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार अनुबंधित किया गया है। टिम साउथी, जो रिटायर हो चुके हैं, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन की अनुपस्थिति में ऐसा पहली बार हुआ है।

विलियमसन वर्तमान में इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप और टी20 ब्लास्ट में मिडिलसेक्स के लिए और द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे हैं। जुलाई के अंत और अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के जिम्बाब्वे से खेलने के दौरान उनके काउंटी प्रतिबद्धताओं की उम्मीद है।

# कबड्डी वर्ल्ड कप कैंप में हिमाचल प्रदेश की पांच बेटियां

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारत में होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के अंतिम कैंप में सूबे की पांच खिलाड़ी भाग लेंगी। इसमें कबड्डी खिलाड़ी ज्योति ठाकुर, पुष्पा राणा, भावना, चंपा और साक्षी शामिल हैं। इससे पहले 10 से 30 मई तक आयोजित इंडिया कैंप में सूबे की खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने कैंप में अन्य खिलाड़ियों के साथ तालमेल के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इसके बाद टीम का चयन होना था। लेकिन महिला कबड्डी




विश्व कप की तारीख आगे होने के कारण टीम का चयन नहीं हुआ था। पहले बिहार में 1 से 10 जून तक विश्व कप की तिथि प्रस्तावित थी। अब जब विश्व कप की तिथि घोषित होगी उसके बाद भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब विश्व कप जुलाई में शुरू हो सकता है। इसके लिए जून के अंतिम सप्ताह में भारतीय महिला टीम का चयन भी किया जाएगा। इसके कुछ दिन पहले भारतीय कबड्डी संघ की ओर से इंडिया कैंप का आयोजन कर टीम का चयन किया जाएगा। इससे पहले भी एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी सूबे की चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं। उन्होंने देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था। साई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला की कबड्डी कोच पूजा ठाकुर ने कहा कि भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप में सूबे की चार से पांच खिलाड़ी भारतीय टीम में खेल सकती हैं। अब फाइनल इंडिया कैंप में भी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, भावना, चंबा और साक्षी भाग लेंगी।

राष्ट्रीय सब जूनियर कोर्फबाल के लिए 20

नॉर्वे चेस

# अर्जुन को हराकर नंबर-2 पर आए गुकेश

## टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत, पिछले मैच में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को हराया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 7वें दौरे में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। 19 साल के गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले राउंड में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मिली इस जीत से गुकेश ने एरिगैसी से दूसरे राउंड में मिली हार का बदला चुकता भी किया। पिछले चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़ा गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर टॉप पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।



इंडोनेशिया ओपन

# पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया, लक्ष्य सेन बाहर

**जकार्ता, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, लक्ष्य सेन मंगलवार को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए। सिंधु ने एक घंटे 19 मिनट तक चले महिला सिंगल्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को 22-20, 21-23, 21-15 से मात दी। पीवी सिंधु और नोजोमी ओकुहारा के बीच कड़ी टक्कर हुई। इस दौरान कई गेम और मैच प्वाइंट शामिल थे। शुरुआती गेम में भारतीय शटलर ने दमखम दिखाया। सिंधु ने एक गेम प्वाइंट बचाया और आक्रामक शॉट लगाकर 22-20 से मैच अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और पावरफुल क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट जुटाए, लेकिन बार-बार की गई सिंधु की गलतियों ने ओकुहारा को 20-20 से बराबरी पर ला दिया और जापानी शटलर ने आखिरकार गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने गैर-जरूरी जोखिम से बचते हुए सतर्क रुख अपनाया। सिंधु ब्रेक के समय 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी लय हासिल की, लगातार जीत हासिल करते हुए 20-12 से आगे निकल गईं। उन्होंने आठ मैच प्वाइंट जुटाए और पांचवें को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित करते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। मैच के बाद सिंधु ने 14 साल में ओकुहारा के साथ अपने पिछले मुकाबलों को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 14 साल, 20 मैच। मेरे सबसे लंबे से लेकर सबसे छोटे वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनल तक, हमेशा उनके साथ। हमने जीत, हार और एक प्रतिद्वंद्विता साझा की है, जिसे केवल हम ही समझते हैं। लड़ते रहो, नोजोमी। आपके बिना कोर्ट कभी भी वैसा नहीं रहता। इस बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप-2021 के सिल्वर मेडलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीन के विश्व नंबर 1 शि यू क्यू के खिलाफ अच्छा मुकाबला खेला, लेकिन आखिरकार एक घंटे और पांच मिनट तक चले पहले दौर के पुरुष सिंगल्स मैच में 11-21, 22-20, 15-21 से हार गए। 23 वर्षीय शटलर ने पीठ की चोट से उबरकर मजबूत वापसी की। इस चोट ने उन्हें पिछले हफ्ते मलेशिया हुए टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। सेन ने दूसरे गेम में 17-11 से पिछड़ने के बाद वापसी की। एक मैच प्वाइंट बचाया और गेम को 22-20 से निर्णायक बना दिया, लेकिन सेन की यह लय बरकरार नहीं रही और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी शि यू की ने तीसरे गेम में कंट्रोल हासिल करते हुए मैच को अपने नाम कर लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### मालखाने से नकदी और गहने चुराने के आरोप में डीपी का हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को मालखाने से रुपए और गहने चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हेड कांस्टेबल देर रात मालखाने में घुसा और नकदी और गहने लेकर फरार हो गया। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को स्पेशल सेल के लोधी रोड कार्यालय के मालखाने से करीब 51 लाख रुपए नकद और गहने चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी को हाल ही में स्पेशल सेल से पूर्वी दिल्ली ट्रांसफर किया गया था। वह मालखाने तक पहुंच रखता था, जहां जब्त सामान रखा जाता है। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हेड कांस्टेबल शुक्रवार देर रात मालखाने में घुसा और नकदी तथा गहने लेकर फरार हो गया। हालांकि, घटना कुछ ही देर में प्रकाश में आ गई, जब मालखाना प्रभारी ने गड़बड़ी देखी। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली और आरोपी की पहचान की। तलाशी अभियान चलाया गया और शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्र ने बताया कि चोरी की गई रकम और गहने बरामद किए जा रहे हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उसका कोई साथी तो नहीं है। अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विभागीय कार्रवाई भी शुरू की जा रही है।

### दिल्ली के अलीपुर इलाके में जली हुई लाश बरामद; डेड बॉडी पर गोली मारने के निशान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक सुनसान जगह पर एक अज्ञात शख्स की लाश पाई गई। शख्स को गोली लगी थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब छह बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें मुखमेलपुर गांव के पास एक लाश पड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक सुनसान जगह पर जली हुई लाश को बरामद की। मृतक की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि लाश को आग के हवाले करने से पहले उसके कान के पास गोली मारी गई थी। मृतक के कपड़े भी आंशिक रूप से जले थे। इससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया था। घटनास्थल के पास से एक खाली कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीमों को मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य जुटाने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई।अधिकारी ने बताया कि लाश को बाद में पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के जरिए मृतक की पहचान करने की कोशिशें पुलिस कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### वांटेड हैं नेतन्याहू... दिल्ली में लगाए पोस्टर ? पुलिस ने गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पॉश इलाके चाणक्यपुरी में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक विदेशी दूतावास कर्मी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के वांटेड पोस्टर लगा दिए। दिल्ली पुलिस ने इन पोस्टरों को देखा, लेकिन कर्मी के पास डिप्लोमैटिक पासपोर्ट होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। ये घटना बीते 10-12 दिन पहले की है, जब दिल्ली पुलिस को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के वांटेड पोस्टर बिजली के खंभों पर चिपके दिखे। ये पोस्टर मालचा मार्ग पर कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल और अमेरिकन एंबेसी स्कूल के पास लगाए गए थे। इन पोस्टरों को तुरंत हटा दिया गया। पुलिस ने जांच शुरू की और कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में एक शख्स पोस्टर चिपकाते नजर आया। इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए पोस्टर चिपकाने वाले शख्स के घर तक पहुंच गई। पुलिस को पता चला कि पोस्टर लगाने वाला कोई आम शख्स नहीं, बल्कि एक पश्चिमी यूरोपीय देश के दूतावास में काम करने वाला विदेशी नागरिक था।

# दिल्ली के बाटला हाउस में बुलडोजर वाला खौफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के बाटला हाउस में इन दिनों बुलडोजर का खौफ छाया हुआ है। मुरादी रोड और खिजर बाबा कॉलोनी के निवासियों के घरों और दुकानों पर लाल निशान लग चुके हैं। इन घरों पर दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए और यूपी सिंचाई विभाग की ओर से 11 जून से शुरू होने वाली तोड़फोड़ की तलवार लटक रही है। सुप्रीम कोर्ट के 7 मई के आदेश के बाद शुरू हुई इस कार्रवाई ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है।



सुप्रीम कोर्ट ने 7 मई को अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसमें पीएम-उदय योजना के दायरे से बाहर की कॉलोनियों को तोड़ने की बात कही गई। इस आदेश के तहत डीडीए ने मुरादी रोड पर 2.8 बीघा और यूपी सिंचाई विभाग ने खिजर बाबा कॉलोनी में 4.5 बीघा जमीन पर बने मकानों को अवैध करार दिया। 26 मई को इमारतों पर नोटिस चस्पा किए गए, जिनमें 15 दिन में घर खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। ईद से ठीक पहले आई इस खबर ने इलाके के ज्यादातर मुस्लिम परिवारों में डर और अनिश्चितता फैला दी। इलाके में रहने वाले लोगों को उनके घर टूटने और सड़क पर आने का डर सता रहा है। यूपी सिंचाई विभाग का दावा है कि खिजर बाबा कॉलोनी की जमीन उनकी है, लेकिन निवासियों का कहना है कि वे दशकों से यहां रह रहे हैं और उनके पास बिजली बिल, किराया डीड और प्रॉपर्टी टैक्स जैसे दस्तावेज हैं। वहीं, डीडीए का कहना है कि ये इलाके पीएम-उदय योजना के दायरे से बाहर हैं। लेकिन यहां रह रहे लोगों का दावा है कि उनके पास 2014 से पहले के दस्तावेज हैं, जो उन्हें यहां रहने का अधिकार देते हैं। 40 से ज्यादा लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें सीनियर वकील संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि नोटिस बिना उचित सुनवाई के चस्पा किए गए, जो प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। कोर्ट ने 2 जून को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया, लेकिन मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। कोर्ट ने कहा, हम छुट्टियों में इस पर विस्तार से सुनवाई नहीं करेंगे। खिजर बाबा कॉलोनी के 115 परिवारों को दिल्ली हाई कोर्ट से 4 अगस्त तक की अस्थायी राहत मिली है। वकील फारुख खान ने बताया कि यूपी सिंचाई विभाग पहले भी ओखला में जमीन के दावों में हार चुका है। स्थानीय लोग अब पीएम-उदय योजना और प्रॉपर्टी राइट्स एक्ट 2019 के तहत अपनी जमीन को नियमित कराने की कोशिश में हैं। क्या है बाटला हाउस की जमीन का विवाद?

बाटला हाउस, दिल्ली के जामिया नगर इलाके में स्थित एक घनी आबादी वाला इलाका है, जो मुरादी रोड और खिजर बाबा कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में बंटा है। यहां की जमीन को लेकर विवाद की जड़ें डीडीए और उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के दावों से जुड़ी हैं, जो अब सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद बुलडोजर की कार्रवाई के रूप में सामने आ रही हैं। डीडीए ने मुरादी रोड पर करीब 3 बीघा जमीन को अवैध घोषित किया है, तो वहीं यूपी सरकार के सिंचाई विभाग ने खिजर बाबा कॉलोनी के साढ़े 4 बीघा जमीन पर अपना दावा जताया है। दोनों ही जगहों पर मकानों और दुकानों को 15 दिन में खाली करने के नोटिस जारी किए गए। वहीं यहां के निवासियों का कहना है कि उनकी जमीन को गलत तरीके से अवैध बताया जा रहा है, जबकि उनके पास वैध दस्तावेज हैं। 10 जून को घर खाली करने की डेडलाइन है, ऐसे में यहां के लोग डर और चिंता के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

# 3 दिन में 3 एनकाउंटर; बदमाशों पर दिल्ली पुलिस का बड़ा प्रहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 3 दिन में तीन एनकाउंटर कर 5 बदमाशों को धर दबोचा। इनमें से 4 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के दो अलग-अलग एनकाउंटर में गंभीर अपराधों में शामिल दो वॉन्टेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एनकाउंटर के दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एक अधिकारी ने बताया कि पहला एनकाउंटर सोमवार देर रात जैतपुर में हुआ। वहीं, दूसरा एनकाउंटर मंगलवार तड़के करीब 4ः30 बजे कालिंदी कुंज इलाके में हुआ।

अधिकारी ने बताया कि जैतपुर के एनकाउंटर में पुलिस ने 27 मई को दिल्ली पुलिस के एक हेड कॉन्स्टेबल करण मावी पर हमला करने के आरोपी आसिफ को गिरफ्तार किया। इसके बाद आज तड़के कालिंदी कुंज इलाके में हुए दूसरे एनकाउंटर में एक अन्य आरोपी राजपाल गोलीबारी के दौरान घायल हो गया। उस पर 30 मई को एक लड़की का अपहरण और हत्या करने के आरोप है। गोलीबारी के दौरान स्पेशल स्टाफ टीम के एसआई शुभम की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी। पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने रविवार को दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में एक मुठभेड़ के बाद तीन हथियारबंद लुटेरों को धर दबोचा। गोलीबारी के दौरान उनमें से दो बदमाश घायल हो गए। आरोपियों की पहचान शाहदरा निवासी समीर (21) और तरुण (23) और मेरठ के पांडव नगर निवासी कुणाल शर्मा (23) के रूप में हुई है, जिन्होंने अवैध हथियारों से पुलिस टीम पर गोलियां चलाईं। पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में में तीनों संदिग्ध घायल हो गए। अधिकारी के अनुसार, थाना न्यू उस्मानपुर की एक पुलिस टीम गश्त पर थी, जब उन्हें हाल ही में हुई लूटपाट में शामिल व्यक्तियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली।

# केक वाला बकरा काटो; भाजपा विधायक की मुसलमानों से मांग, बोले- ये श्रीकृष्ण की भूमि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस बार बकरीद से पहले अनोखी मांग कर दी है। उन्होंने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को असल बकरा काटने के बजाय केक का बकरा बनाकर उसे काटना चाहिए। उन्होंने इसके जरिए इको फेंडली बकरीद मनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा, हमारे यहां पशु बलि से संबंधित अध्यादेश है। इसलिए, मुसलमान पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए असली बकरे की बलि देने के बजाय बकरे के आकार का केक काटकर प्रतीकात्मक रूप से जश्न मनाते हैं। लोनी में, इस परंपरा का पालन एक उदाहरण के रूप में किया जाता है। पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा विधायक ने कहा, देश के मुसलमान लोनी से सबक लें क्योंकि वहां इकोफ्रेंडली ईद मनाई जाती है। उन्होंने कहा, हजरत इब्राहिम साहब ने अपने बेटे की कुर्बानी दी थी। लेकिन डुम्बा जैसे प्रकट हुआ। लेकिन डुम्बा तो भारत में भी नहीं है, उसकी जगह हम सांकेतिक रूप में बकरे पर आ गए तो बकर की जगह केक क्यों नहीं। उन्होंने आगे कहा, देश में कोरोना सामने हैं। हिन्दुओं ने जब नारियल और कद्दू को बलि के रूप में स्वीकार कर लिया है और जीव हत्या को बंद किया है। ये महात्मा बुद्ध, महावीर और श्रीकृष्ण की भूमि है। दूध-घी की नदियां बहती हैं। इससे पहले नंदकिशोर गुर्जर ने



डीसीपी रूरल को पत्र भी लिखा था। इसी के साथ उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, लोनी में प्रशासन एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस, पशुधन अधिनियम, 1960 का पालन, गौवंशों व अन्य किसी जीव की हत्या न हो यह सुनिश्चित करें। सूचना प्राप्त हुई है कि बड़े पैमाने पर लोनी में पशुओं का कटान किया जा सकता है, ऐसे में कुछ लोग संवेदनशील लोनी के माहौल को बिगाड़ने के लिए गौवंशों की हत्या भी कर सकते है। मुस्लिम समाज के भाईयों से भी अपील कि है कि प्रगतिवादी सोच का हिस्सा बने। पूर्व की तरह जिसमें लोनी हित में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा इको फ्रेंडली सांकेतिक तौर पर केक का बकरा काटकर ईद शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई थी। जिसकी चहुंओर प्रशंसा भी हुई।

# अबॉर्शन चाहने वाली रेप पीड़िताओं से आईडी प्रूफ मांगने पर जोर न दें अस्पताल: दिल्ली हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी के अस्पतालों से कहा है कि वे अदालतों के आदेश पर गर्भपात की मांग करने वाली बलात्कार पीड़िताओं से पहचान पत्र मांगने से बचें। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने ऐसी पीड़िताओं, खासकर नाबालिगों के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक और संवेदनशील मेडिकल प्रोटोकॉल की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया।






हाईकोर्ट ने कहा कि प्रक्रियाओं में स्पष्टता का अभाव, पहचान दस्तावेजों पर जोर तथा अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक मेडिकल जांच में देरी ने इस मामले में पीड़िता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। हाईकोर्ट ने 29 मई के आपने आदेश में कहा, ''अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को इस तथ्य के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए कि यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं, विशेषकर नाबालिग लड़कियों से जुड़े मामलों में अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण की जरूरत होती है।'' मेडिकल प्रोटोकॉल केवल कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि उन्हें सहानुभूति, व्यावहारिक सोच, और यौन हिंसा के पीड़ित लोगों द्वारा झेली जाने वाली विशिष्ट कठिनाइयों की गहरी समझ से भी निर्देशित होना चाहिए। फैसले में कहा गया है, जहां यौन उत्पीड़न (बड़े या छोटे) की पीड़िता जांच अधिकारी के साथ हो या उसे अदालत या सीडब्ल्यूसी के निर्देश के अनुसार पेश किया गया हो, वहां अल्ट्रासाउंड या किसी प्रासंगिक/आवश्यक जांच प्रक्रिया के लिए संबंधित अस्पताल और डॉक्टर द्वारा पीड़िता के पहचान प्रमाण/पहचान पत्र पर जोर नहीं दिया जाएगा। ऐसे मामलों में जांच अधिकारी द्वारा पहचान पर्याप्त होगी। अदालत एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने चिकित्सीय गर्भपात की मांग की थी। कोर्ट ने सभी हितधारकों को यौन उत्पीड़न के उन मामलों में स्पष्टता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए जिनमें पीड़िता गर्भवती हो। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी मामलों में, संबंधित अस्पताल और डॉक्टर द्वारा बिना किसी देरी के एक व्यापक मेडिकल जांच की जानी चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह पीड़िता की पहचान करे और यह सुनिश्चित करे कि जब उसे डॉक्टर, अस्पताल या मेडिकल बोर्ड के सामने पेश किया जाए, तो पीड़िता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और केस फाइल पुलिस अधिकारी के पास हो। यह भी कहा गया है, बलात्कार पीड़ितों के मामलों में, जहां गर्भ की अवधि अवधि 24 सप्ताह से अधिक है, मेडिकल बोर्ड का गठन तुरंत किया जाएगा और अदालत से किसी विशेष निर्देश की प्रतीक्षा किए बिना, बोर्ड आवश्यक मेडिकल जांच करेगा और जल्द से जल्द एक उचित रिपोर्ट तैयार करेगा और उचित अधिकारियों के समक्ष रखेगा। इसमें कहा गया है कि गर्भावस्था के मेडिकल टर्मिनेशन के लिए सहमति पीड़िता या उसके अभिभावक से उनकी समझ में आने वाली स्थानीय भाषा में प्राप्त की जानी चाहिए।

# गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी

### 3 लोगों की मौत, 30 घायल, यूनाइटेड नेशन ने स्वतंत्र जांच की मांग की

**गाजा, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा में सोमवार सुबह को खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, और 30 से ज्यादा घायल हो गए। अल जजीरा के मुताबिक, इजरायली सेना ने बिना किसी चेतावनी के खाना लेने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोली चला दी। अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने इसकी निंदा की है, क्योंकि इससे हालात और खराब हो रहे हैं और जरूरतमंदों तक मदद नहीं पहुंच पा रही। यूनाइटेड नेशन ने गाजा में बार-बार हो रही ऐसी गोलीबारी की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

ये गोलीबारी सुबह उसी इजराइल समर्थित सहायता केंद्र पर हुई, जहां एक दिन पहले भी फायरिंग हुई थी। जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई थी, और करीब 200 लोग घायल हुए थे। अल जजीरा को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली स्नाइपर्स और ड्रोन गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के सहायता केंद्रों पर नजर रखते हैं। इसे इजराइल और अमेरिका से समर्थन मिलता है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार पिछले 24 घंटों में अलग-अलग इजरायली हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए और 503 घायल हुए है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, गाजा का 80 प्रतिशत हिस्सा अब



इजराइली नियंत्रण में है या जबरन खाली कराया गया है। 23 लाख लोग अब दक्षिणी गाजा के छोटे से इलाके में रहने को मजबूर है।

# चीन में शी जिनपिंग के करीबी पूर्व जनरल छील्यांग का निधन

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी माने जाने वाले पूर्व टॉप जनरल शू छील्यांग का सोमवार को बीजिंग में निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। चीन के रक्षा मंत्रालय ने उनके निधन की जानकारी दी। शू छील्यांग पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की सर्वोच्च निगरानी संस्था सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के उपाध्यक्ष रहे थे और शी जिनपिंग के शुरुआती कार्यकाल में सेना के प्रमुख रणनीतिकारों में गिने जाते थे। उस दौर में शी सेना और नौसेना को सेना की नीति-निर्माण संस्था में बड़ी भूमिका देने लगे थे, जिसे लंबे समय तक थल सेना) का वर्चस्व



प्राप्त था। शू ने 1966 में पी एल ए जॉइन की थी, जब चीन में माओ के नेतृत्व में सांस्कृतिक क्रांति का तूफानी दौर शुरू हो रहा था। वर्षों की सेवा के बाद वे वायुसेना के जनरल बने और सेना में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे।

# तुर्की की सीमा के पास आया शक्तिशाली भूकंप

### ग्रीस तक हिली धरती; घबराहट में घरों से भागे लोग

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की और ग्रीस की सीमा पर स्थित डोडेकेनीज द्वीप समूह में मंगलवार तड़के 6.2 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके झटके दक्षिणी ग्रीस, पश्चिमी तुर्की और एजियन सागर के तटीय क्षेत्रों में महसूस किए गए। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार, यह भूकंप सोमवार देर रात 23:17 (मंगलवार तड़के 2:17 बजे स्थानीय समय) पर रोड्स से लगभग 18 किलोमीटर दूर 68 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया।

तुर्की के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ) ने बताया कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और इसका असर





तुर्की के मारमारिस शहर से 31 किलोमीटर दक्षिण में भी देखा गया। भूकंप के कारण कई लोग नींद से जाग गए, और कुछ स्थानों पर लोग घबराहट में घरों से बाहर निकल आए। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, मारमारिस में कम से कम सात लोग घबराहट में घरों से भागने की कोशिश में घायल हो गए।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, आपातकालीन टीमें क्षेत्र में स्थिति का आकलन कर रही हैं और बाद के झटकों की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरत रही हैं। तुर्की के समाचार चैनल एनटीवी ने बताया कि रोड्स और आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके स्पष्ट रूप से महसूस किए गए, जिससे कई लोग रात में अपने घरों से बाहर निकल आए।

क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियों का इतिहास

तुर्की और ग्रीस दोनों ही भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां नॉर्थ अनातोलियन फॉल्ट और अन्य प्रमुख भ्रंश रेखाएं मौजूद हैं। इस क्षेत्र में पहले भी बड़े भूकंप आ चुके हैं, जिनमें 2020 में समोस में 7.0 तीव्रता का भूकंप और 1481 में रोड्स में आए विनाशकारी भूकंप शामिल हैं। हाल ही में, फरवरी 2025 से सेंटोरिनी के आसपास 900 से अधिक छोटे भूकंप दर्ज किए गए हैं, जो इस क्षेत्र की भूकंपीय संवेदनशीलता को दर्शाता है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और संभावित बाद के झटकों के लिए तैयार रहने की अपील की है। ग्रीस और तुर्की दोनों के आपातकालीन दल क्षेत्र में सक्रिय हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में भविष्य में और भूकंप आ सकते हैं, जिसके लिए निरंतर निगरानी और तैयारी की आवश्यकता है।

भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि 6.2 तीव्रता का यह भूकंप मध्यम स्तर का है, लेकिन इसकी उथली गहराई के कारण यह व्यापक क्षेत्र में महसूस किया गया। यूएसजीएस के अनुसार, इस भूकंप से जानमाल के नुकसान की संभावना कम है, लेकिन छोटे-मोटे नुकसान जैसे खिड़कियों का टूटना या सामान का गिरना संभव है।

# विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह में बीएसएल ने चलाया जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन जागरूकता अभियान






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अंतर्गत झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आज दिनाँक 03 जून को बोकारो जनरल अस्पताल में बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी) के द्वारा बायो-मेडिकल अपशिष्ट का निपटान, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 एवं इसके प्रावधान के बारे में एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी. तत्पश्चात बोकारो जनरल अस्पताल के कर्मचारियों तथा नर्सिंग छात्र के बीच प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से श्री विवेक कुजूर, श्री सौगत महतो तथा श्री नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी) प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल थे. बायो-मेडिकल क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी) श्री डी.के. सक्सेना, तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से श्री विवेक कुजूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे. बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. बी बी करुणामय ने अपने सम्बोधन में बताया कि बोकारो जनरल अस्पताल में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में एक 50 किलोग्राम/घंटा का कैप्टिव इन्सीनरेटर उपयोग में लाया जा रहा है तथा सभी चिकित्सा कर्मियों से भविष्य में इसके समग्र प्रदर्शन में निरंतर सुधार करने की अपील की. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से श्री विवेक कुजूर ने बीजीएच को पूरे झारखंड में सबसे अच्छे अस्पताल के रूप में परिवर्तित करने का आह्वान किया. इस अवसर पर श्रीमती प्रीति झा, महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी), बोकारो जनरल अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल सुश्री नीलिमा कुमारी के साथ वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे.

**बीएसएल के ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर का समापन**

बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर- 2025 का समापन आज दिनाँक 03 जून 2025 को हुआ. एम के एम स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री वी के सिंह, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) श्री ए के अविनाश, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) श्री सी आर के सुधांशु, सहायक महा प्रबंधक (क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँ) श्री एस रजक समेत अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे. ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर- 2025 का शुभारम्भ विगत 17 मई 2025 को हुआ था. शिविर में 08 से 15 साल तक के 478 बच्चों ने अलग-अलग खेलों में नेशनल, इंटरनेशनल एवं एनआईएस प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया. इन खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बास्केटबाल, क्रिकेट, फुटबाल, हैंडबाल, कबड्डी, खोखो, वालीबाल, शतरंज एवं तीरंदाजी शामिल थे. मुख्य अतिथि ने समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए.

# तम्बाकू के दुष्प्रभाव से जागरूक करने को निकाली मोटरसाइकिल रैली



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के नेतृत्व में आम जनमानस में तम्बाकू के दुष्परिणाम व कोटपा-2003 के मुख्य प्रावधानो की जानकारी देने हेतु मोटरसाईकल रैली निकाली गई। रैली, सेक्टर 5 स्थित पत्थरकट्टा चौक से राम मन्दिर होत हुए बोकारो हवाई अड्डा से राममंदिर चौक होते हुए पत्थरकट्टा चौक तक जाकर समाप्त समाप्त हुई। रैली को सिविल सर्जन ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सभी लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोटरसाईकल रैली का मुख्य उद्देश्य बोकारो के युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगत कराना है। उन्होंने आगे बताया कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार झारखण्ड में 13 से 15 आयुवर्ग के 5.1 प्रतिशत स्कूली छात्र किसी न किसी रूप से तम्बाकू का सेवन करते हैं और यह बच्चे ज्यादातर अपने दोस्त के प्रेरित करने पर तम्बाकू का सेवन करते हैं, जिनको जागरूक करने के लिए बोकारो जिला मे स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, जागरूकता रथ, सहिया द्वारा रैली का आयोजन, मोटरसाइकिल रैली आदि का आयोजन समय समय पर किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के तहत कुल 18083 बच्चों को जागरूक किया गया। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि बोकारो जिले में बच्चों, युवाओं एवं आम जनता को तम्बाकू उत्पादों के अप्रत्यक्ष, भ्रामक, प्रचार प्रसार एवं आकर्षण से अवगत कराने हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधि शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसमें अभी तक ग्रामीण स्तर पर 46 ग्राम पंचायतों को तम्बाकू के प्रति जन जागरूकता हेतु ग्रामीण स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन की जा चुकी है। वहीं नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 डॉ सुधा सिंह ने बताया कि जो बच्चा तम्बाकू के नशा की गिरफत में आ गया है और वह छोड़ना चाहता है तो ऐसे युवाओं को तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से जोड़ा जाय और तम्बाकू छोड़ने में उनकी मदद की जाय।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोनयन पर बैंककर्मियों ने किया स्वागत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ धनबाद अंचल के उप महासचिव कॉ0 राघव कुमार सिंह को आठ सर्किल का उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनका बोकारो में स्वागत किया गया। मनोनयन का निर्णय गोपालपुर (ओड़िशा) में 1 जून को केंद्रीय समिति की बैठक में लिया गया। स्वागत करने वालो में सहायक महासचिव कॉ0 अवधेश प्रसाद, कॉ0 रवि सिंह, क्षेत्रीय सचिव कॉ0 शक्ति दास,कॉ0 राज कुमार प्रसाद, कॉ0 ज्ञान स्वरुप सिन्हा मुख्य रूप से शामिल थे।

### दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत जिले की 22 लड़कियों को रोजगार हेतु भेजा गया तमिलनाडु

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के उपरान्त जिले से चयनित 22 लड़कियों को मंगलवार को रोजगार हेतु त्रिची तमिलनाडु स्थित कलर जर्सी गारमेंट निमार्ता कंपनी में भेजा गया।इस कंपनी के परिसर में ही सभी कैंडिडेट को रहने-खाने के साथ नौकरी की सुविधा प्रदान की गयी है।इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने सभी लड़कियों को नौकरी का महत्व तथा राज्य के बाहर होने वाले परेशानियों से अवगत कराया तथा उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस दौरान कंपनी के सहायक प्रबंधक सागर दास,जिला प्रबंधक तथा जिला समन्वयक भी उपस्थित रहे।



# प्रखंड व अंचल प्रभावी रूप से करें आमजनों की समस्याओं का समाधान : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारी (सीओ) प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ही प्रभावी रूप से आमजनों की समस्याओं का समाधान करें। प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों के मामलों की सुनवाई करें। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि एवं राजस्व से संबंधित प्राप्त हुए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मामलों की सुनवाई बीडीओ झ सीओ द्वारा प्रखंड सह अंचल स्तर पर नहीं हो रहा है। यह सही नहीं है, इसमें अविलंब सुधार लाएं। बेवजह आमजनों को परेशान नहीं करें। उन्होंने मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उधर, आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर उपायुक्त ने क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में बीएसएल, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम चास, आपूर्ति विभाग, भूमि पर कब्जा, राजस्व, चास अंचल, कसमार अंचल, पेयजल एवं स्वच्छता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएलआर, कल्याण, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

**विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया मुलाकात**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों (गुरूद्वारा कमेटी/पर्यावरण संरक्षण आदि) के प्रतिनिधियों ने मुलाकात किया। उनके पदस्थापन को लेकर उन्हें बधाई दी। साथ ही, अपनी समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ने व्यवसायिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया पुरस्कृत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में पेशे की प्रकृति के अनुरूप समाज को दिए गए उनके योगदान और सहायता के लिए व्यावसायिक उत्कृष्ट पुरस्कारों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के माध्यम से समाज हित में सहभागी बने दर्जनों लोग सम्मानित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो विधायक श्वेता सिंह के हाथों उन्हें पुरस्कृत किया गया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे और बेहतर परिणाम दे सके। पूर्व अध्यक्ष पूजा बैद ने एक पौधा देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्वेता सिंह ने अपने संबोधन में कहा है कि रोटरी क्लब चास सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट मिसाल कायम कर रहा है । श्वेता सिंह ने कहा कि सम्मानित व्यक्ति और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को और अच्छे से तरीके से करने का प्रयास करता है । श्वेता सिंह ने कहा कि ऐसे लोग समाज में प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं । संस्था के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ पारख ने वोकेशनल अवार्ड की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार के लिए सेवा भावना ही रोटरी का मुख्य स्रोत है।

रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष क्लब द्वारा प्रतिष्ठित व्यवसायिक पुरस्कार दिए जाते हैं। मुकेश ने सम्मानित जनों से आगे भी रोटरी को सहयोग देने की अपेक्षा की। पूर्व अध्यक्ष बिनय सिंह ने एक स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। पत्रकारों की तरफ से रजत नाथ एवं रामप्रवेश सिंह ने भी अपनी बातों को रखा।

# साइबर अपराधियों को इंदौर से किया गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस की साइबर सेल की टीम ने मध्य प्रदेश के इंदौर से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इन गिरफ्तार अपराधियों के इंदौर में संचालित कॉल सेंटर से ठगी किया गया 14,33080 लाख रुपए नगद, एक पैसा गिनने वाला एलसीडी डिस्पले मशीन, 3 मोबाइल ,16 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड ,एक ड्राइविंग लाइसेंस और फर्जी स्टॉक मार्केटिंग में लगे लड़के लड़कियों का डेली हाजिरी रजिस्टर भी जप्त किया है। इन साइबर ठगोन बोकारो जिले के आई ई एल थाना क्षेत्र के रहने वाले उत्तम कुमार सिंह से स्टॉक ट्रेडिंग में लाभ पहुंचाने के नाम पर 1 दिसंबर 2024 से 25 मार्च तक कल 14 लाख 73300 की ठगी करने का काम किया था। इस मामले में पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि साइबर अपराध की दृष्टिकोण से यह एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें इंदौर से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनका नाम गौरव जुनी उर्फ गौरव पांचाल पूर्व आशीष यादव उर्फ सूरज , निहाल उर्फ निहाल सोनोने और पारस मरमत है। उन्होंने बताया कि इन तीनों साइबर अपराधियों के द्वारा आम लोगों को आसानी से पैसे को कमाने और पैसे को बढ़ाने के नाम पर अलग-अलग नाम से फोन कर अपने चंगुल में फास्ट थे और उनसे ठगी करने का काम करते थे। एसपी ने बताया कि जिस तरह से उनके कॉल सेंटर से सामान की बरामदगी हुई है। हम कह सकते हैं कि बड़ा साइबर ठगी का एक नेटवर्क पकड़ में आया है ।आगे पूछताछ के बाद ही मामले का और खुलासा हो पाएगा। एसपी ने बताया कि इस टीम में जो भी पदाधिकारी शामिल है उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

## डिज्नीलैंड मेला में स्वीटजरलैंड सिटी बच्चों और बड़ों के बीच बनी आकर्षण का केन्द्र

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिज्नीलैंड मेला धनबाद के जिला परिषद मैदान में धूमधाम से चल रहा है, खासकर मेले में मौजूद स्वीटजरलैंड सिटी बच्चों और बड़ों के बीच आकर्षण बना हुआ है। स्विट्जरलैंड सिटी में लोग जमकर सेल्फी और परिवार की फोटो ले रहे हैं। उमड़ती भीड़ को देखते हुए मेला 20 दिन के लिए और आगे बढ़ाया गया है। यह जानकारी आज मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी, मुन्ना सिंह एवं बिपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये पत्रकारों को दी. झारखण्ड का फेमस व्यंजन धुसका के साथ साथ यहां पिज्जा, बर्गर, भेलपुरी, पपड़ी चाट, समोसा चाट, स्वीटकॉर्न, मॉकटेल, आइसक्रीम का लोग जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं मनोरंजन के लिए लोग ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ड्रैगन, चान्दतारा झुला, नौका झूला का भी आनंद ले रहे हैं।

# शिक्षक कार्यालय का चक्कर काटने के लिए नहीं : उपायुक्त




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) झ जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) अपने कार्यालय को दुरूस्त करें। किसी सुविधा झ सेवा को प्राप्त करने के लिए शिक्षक बार झ बार कार्यालय का चक्कर काटने के लिए नहीं है। शिक्षकों को उचित सम्मान दें। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) एवं मद्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए आयोजित जिला स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण की जन सुनवाई में उपस्थित विद्यालय प्रधानाध्यापकों झ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। उन्होंने शिक्षकों को भी विद्यालयों में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने एवं अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करने को कहा। कैसे विद्यालय के पठन - पाठन में गुणात्मक सुधार हो, बच्चों का समग्र विकास हो, इस दिशा में कार्य करें। डीईओ झ डीएसई को इसे सुनिश्चित करने को कहा। जिला स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण में कुल 36 मामलों पर क्रमवार सुनवाई हुई। जिस पर चर्चा करते हुए सभी मामलों का निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने इस तरह की जन सुनवाई को निरंतर आयोजित करने की बात कहीं। जो बातें जन सुनवाई में प्रकाश में आई हैं, उस पर शत प्रतिशत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला परिषद उपाध्यक्ष को विशेष रूप से ऐसे मामलों को देखने और कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि कहीं कोई कमी है,गलत है तो उसकी शिकायत अवश्य करें। उस पर संज्ञान लेकर समाधान किया जाएगा। लेकिन, इसका ध्यान रखना चाहिए कि किसी को तंग करने के लिए शिकायत नहीं होनी चाहिए। सही शिकायत होनी चाहिए, त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वयं समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में मामलों की सुनवाई की जानकारी दी। जानकारी हो कि, निजी संस्था द्वारा जिले के 30 विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण किया गया था। जिसमें विद्यालय स्तर पर आयोजित जन सुनवाई में कुल 154 मामले सामने आएं। वहीं, प्रखंड स्तर पर जन सुनवाई में 118 मामलों का निष्पादन किया गया। शेष 36 मामलों का जिला स्तरीय जन सुनवाई में निष्पादन हुआ।

# गरगा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने को उपायुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में आज बोकारो के नए उपायुक्त अजय नाथ झा से समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्नत किस्म के आम का एक पौधा उपहार स्वरूप भेंट किया। साथ ही एक ज्ञापन सौंपकर बोकारो की जीवन रेखा गरगा नदी जिसका पौराणिक नाम गर्ग-गंगा है को प्रदूषण और अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु गुहार लगाई। उन्हें बताया गया कि गंदे नालों के प्रदूषित पानी की साफ करने के लिए न चास नगर निगम न बोकारो इस्पात संयंत्र ने ही कोई जल शोधन संयंत्र लगाया है और अपने क्षेत्र के आवासीय गंदे नालों का पानी इस नदी में अनवरत प्रवाहित कर रहा है, जिससे इसका पानी न सिर्फ काला पड़ गया है बल्कि उससे भयंकर दुर्गंध भी निकलती है । इसकी सहायक नदी सिंगारी जोरिया को भी चास नगर निगम ने गंदे नाला में ही तब्दील कर दिया है । नदी को प्रदूषित करना कानूनन अपराध भी है मगर इसे प्रदूषित करने वाली सरकार से जुड़ी संस्थाओं पर कोई भी करवाई नहीं हो रही है न ये संस्थाएं अपने पर्यावरण विरोधी कार्यों में कोई भी सुधार कर रही हैं जबकि वर्षों से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा गरगा नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण से बचाने हेतु अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं तथा सरकार और जिला प्रशासन से भी निवेदन किया जा रहा है। उपायुक्त ने वहां उपस्थित जिला के वरिष्ठ पदाधिकारियों को गरगा नदी को प्रदूषण से बचाने हेतु त्वरित करवाई का निर्देश दिया।

# आत्मनिर्भरता की राह में सीढ़ी बनीं सरकार की योजनाएं




**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनरेगा एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चंदनकियारी प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने आम खरीदकर किया, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण को बल मिला। मेले में प्रखंड क्षेत्र की झालबरदा, कालिकापुर, अमाइनगर, बाँसतोड़ा और कुमीरडोबा पंचायतों से महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम के बागानों से उत्पन्न आम्रपाली, मल्लिका, हिमसागर जैसी बेहतरीन किस्मों के आमों की बिक्री की।. इन पंचायतों में स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं ने कड़ी मेहनत से बागवानी कार्य को न केवल अपनाया, बल्कि उत्कृष्ट परिणाम भी दिए हैं. मेले में प्रदर्शित आमों की गुणवत्ता और स्वाद ने सभी को प्रभावित किया। बीडीओ अजय कुमार वर्मा ने आम खरीदते हुए कहा, यह मेला न सिर्फ बागवानी को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल है। जो महिलाएं कभी घर की चौखट नहीं लांघती थीं, आज वे समूहों से जुड़कर आम की खेती कर रही हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं. यह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्पद है। मौके पर मौजूद प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने भी आमों की जमकर खरीदारी की और महिला समूहों का हौसला बढ़ाया।. इससे समूह की महिलाओं में भी खासा उत्साह देखा गया. कई महिलाओं ने बताया कि कैसे शुरूआती प्रशिक्षण और सरकार की योजनाओं के सहयोग से वे आज आम उत्पादक बनी हैं और अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार, लाभुक नमिता देवी, रीता कुमारी, सम्पा महतो, चम्पा देवी, टापु महतो, पांडव महतो आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com